उज्जैन
मंगलवार
02
दिसम्बर, 2025
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-30
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र



अशनूर कौर पर भड़कीं काम्या पंजाबी तान्या को लकड़ी के पल्ले से मारा था, एक्ट्रेस बोलीं- अगर जानबूझकर किया, तो ये गलत है

पेज- 8

## दुनिया मोदी को ध्यान से सुनती है, यह भारत की बढ़ती ताकत दिखाता है



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि आज विश्व मंच पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बात ध्यान से सुनी जाती है और यह भारत की बढ़ती वैश्विक ताकत दिखाता है। भारत अब दुनिया में अपना उचित स्थान प्राप्त कर रहा है। भागवत पुणे में आरएसएस के 100 वर्ष पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने सुझाव दिया कि संगठनों को केवल वर्षगांठों या शताब्दियों का इंतजार नहीं करना चाहिए, बल्कि निर्धारित समय में अपने कार्य पूरे करने पर ध्यान देना चाहिए। फ्रर चीफ ने कहा- हमारे संगठन ने 100 साल पूरे कर लिए हैं, कई चुनौतियों का सामना किया है, लेकिन हमें यह भी सोचना चाहिए कि पूरे समाज को एकजुट करने में इतना समय क्यों लगा।

## सरकार ने माना- देशभर के एयरपोर्ट्स पर साइबर अटैक हुए

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के ऑटोमैटिक मैसेज स्विचिंग सिस्टम में 7 नवंबर को छेड़छाड़ की गई थी। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने सोमवार को राज्यसभा में यह बात स्वीकारी। उन्होंने बताया कि इस वजह से प्लेन को गलत सिग्नल मिले थे। इसे जीपीएस स्पूफिंग कहा जाता है। 7 नवंबर को दिल्ली एयरपोर्ट पर फ्लाइट ऑपरेशन 12 घंटे से ज्यादा प्रभावित रहा था। 800 से ज्यादा डोमेस्टिक और इंटरनेशनल फ्लाइट्स देरी से उड़ीं जबकि 20 को रद्द करना पड़ा था। नायडू ने सदन में बताया कि वैश्विक स्तर पर रैनसमवेयर-मैलवेयर अटैक का खतरा बढ़ा है। एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया अपने आईटी और क्रिटिकल इन्फ्रास्ट्रक्चर की सेफ्टी के लिए एडवांस साइबर सिक्योरिटी अपना रहा है।

## ट्रम्प ने इजराइली पीएम नेतन्याहू को व्हाइट हाउस आने का न्योता दिया



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को व्हाइट हाउस आने का न्योता दिया है। नेतन्याहू के कार्यालय ने मंगलवार शाम दोनों नेताओं के बीच फोन पर हुई बातचीत के बाद यह जानकारी दी। जनवरी में ट्रम्प के सत्ता में आने के बाद यह नेतन्याहू की पांचवीं अमेरिका यात्रा होगी। दोनों नेताओं ने कहा कि हमास की सैन्य ताकत को पूरी तरह खत्म करना और गाजा को हथियार-मुक्त करना बहुत जरूरी है। साथ ही मध्य-पूर्व में और देशों के साथ शांति समझौते बढ़ाने पर भी चर्चा हुई।

## अयोध्या में वर्ल्ड लेवल का मंदिर म्यूजियम बनेगा

**लखनऊ।** योगी सरकार अयोध्या में भव्य राम मंदिर संग्रहालय बनवाएगी। साथ ही उत्तर प्रदेश अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता सीधी भर्ती नियमावली- 2022 में संशोधन किया जाएगा। इस संशोधन के बाद अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में शामिल होने वाले सरकारी कर्मचारियों-अधिकारियों को प्रशिक्षण शिविर और प्रतियोगिता की अवधि के साथ आने-जाने में लगने वाले समय को भी ड्यूटी माना जाएगा। सीएम योगी की अध्यक्षता में मंगलवार सुबह 11 बजे लोकभवन में कैबिनेट बैठक होगी। कार्यवाहक मुख्य सचिव दीपक कुमार ने सोमवार को कैबिनेट का एजेंडा जारी किया।

### धार जिले के धामनोद स्थित खलघाट टोल पर

# मंगलवार सुबह 5 बजे किसानों ने चक्काजाम कर धरना प्रदर्शन किया

### धार कलेक्टर का सीएम-पीएम तक मांगें पहुंचाने का आश्वासन, दिल्ली जाएगा एक प्रतिनिधिमंडल







ब्रह्मास्त्र ▸▸ धार

मध्यप्रदेश के धार जिले के धामनोद स्थित खलघाट टोल पर मंगलवार सुबह 5 बजे राष्ट्रीय मजदूर किसान महासंघ के नेतृत्व में किसानों ने चक्काजाम कर धरना प्रदर्शन शुरू किया। यह आंदोलन दिनभर चला और किसान नेशनल हाईवे-52 पर सड़क पर ही बैठे रहे। देर शाम करीब 8 बजे धार कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, धार एसपी मयंक अवस्थी और खरगोन एसपी मौके पर किसानों से चर्चा करने पहुंचे।

किसान संघ के पदाधिकारियों ने अपनी मांगें प्रशासन के सामने रखीं और विधिवत ज्ञापन का वाचन किया। ज्ञापन सुनने के बाद कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने किसानों को आश्वस्त किया कि उनकी सभी मांगें मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री तक पहुंचाई जाएंगी।

इसके साथ ही केंद्रीय राज्य मंत्री व क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि सावित्री ठाकुर के नेतृत्व में किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल दिल्ली जाकर सरकार के सामने अपनी बात रखेगा। इस आश्वासन के बाद किसान संघ ने धरना-प्रदर्शन स्थगित करने की घोषणा कर दी।

- **दिनभर नेशनल हाईवे रहा बाधित-** धरना प्रदर्शन के चलते पूरे दिन नेशनल हाईवे-52 पर यातायात प्रभावित रहा। धार, बड़वानी, खरगोन और खंडवा जिलों से बड़ी संख्या में किसान मौके पर पहुंचे थे। स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन ने पूरे धार जिले में बीएनएसएस की धारा 163 लागू की थी और भारी पुलिस बल तैनात किया गया था।
- **क्या हैं किसानों की प्रमुख मांगें-** किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी, कर्जमाफी और अन्य लंबित मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे थे। किसानों का कहना था कि पिछले कई महीनों से आवेदन देने के बावजूद उनकी समस्याओं पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।
- **कलेक्टर बोले-सरकार तक पहुंचाएंगे ज्ञापन-** कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने बताया कि किसानों का ज्ञापन शासन स्तर तक अग्रेषित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों के माध्यम से दिल्ली में भी किसानों की बात रखी जाएगी और शेष मांगों पर नियमानुसार विचार किया जाएगा। फिलहाल आंदोलन स्थगित होने के बाद हाईवे पर यातायात सामान्य कर दिया गया है।

## अभिनेता पुनीत इस्सर, विंदू दारा सिंह, सिद्धार्थ इस्सर एवं अमित पचौरी ने भस्म आरती में किए दर्शन



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

प्रातः कालीन ज्योतिर्लिंग भगवान श्री महाकालेश्वर की भस्म आरती में आज प्रसिद्ध अभिनेता पुनीत इस्सर, विंदू दारा सिंह, सिद्धार्थ इस्सर एवं अमित पचौरी ने पावन दर्शन लाभ लिए। मंदिर समिति की ओर से उप प्रशासक एस.एन. सोनी एवं इंजीनियर शिवाकांत पांडे द्वारा समस्त अभिनेताओं का स्वागत एवं सम्मान किया गया।



महिला क्रिकेट विश्व कप विजेता भारतीय क्रिकेट टीम की सदस्य स्नेहा राणा ने प्रातःकालीन भस्म आरती में ज्योतिर्लिंग भगवान श्री महाकालेश्वर जी के दर्शन का लाभ लिया। दर्शन उपरांत मंदिर प्रबंध समिति की ओर से उप प्रशासक एस.एन. सोनी एवं इंजीनियर शिवाकांत पांडे द्वारा स्नेहा राणा का स्वागत एवं सम्मान किया गया।

## बंगाल की खाड़ी में 4.2 तीव्रता का भूकंप

**नई दिल्ली।** नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के अनुसार आज सुबह 7:26 बजे बंगाल की खाड़ी में 4.2 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया। भूकंप का केंद्र समुद्र के भीतर होने के कारण तटीय इलाकों में किसी बड़े नुकसान या खतरे की सूचना नहीं है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस तरह के हल्के झटके समुद्री क्षेत्र में आम हैं और अक्सर जमीन तक इनका प्रभाव नहीं पहुंचता। फिलहाल किसी भी राज्य में किसी तरह की चेतावनी जारी नहीं की गई है। ठउर लगातार स्थिति की निगरानी कर रहा है और जरूरत पड़ने पर आगे की जानकारी जारी करेगा।

## पाकिस्तान के लिए भारत ने इंसानियत के नाते एयरस्पेस खोला

**नई दिल्ली।** भारत ने तूफान दितवाह से प्रभावित श्रीलंका के लिए राहत सामग्री ले जा रही पाकिस्तान की ओवरफ्लाइट को अपने एयरस्पेस से गुजरने की मंजूरी दे दी है। यह मंजूरी सिर्फ 4 घंटों के अंदर दी गई। ओवरफ्लाइट यानी, जब कोई विदेशी विमान किसी देश की सीमा के ऊपर से गुजरता है, लेकिन वहां लैंड नहीं करता, तो उसे ओवरफ्लाइट कहते हैं। सरकार की तरफ से जारी एक बयान में कहा गया कि पाकिस्तान ने सोमवार दोपहर लगभग 1 बजे भारतीय एयरस्पेस के ऊपर से उड़ान भरने की रिक्वेस्ट की थी।






# नये वर्ष का वेलकम करने उज्जैन आएंगे दस लाख से अधिक श्रद्धालु

### महाकाल मंदिर में भस्म आरती की ऑनलाइन बुकिंग 25 दिसंबर से होगी बंद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अंग्रेजी कैलेण्डर के नये वर्ष 2026 का वेलकम करने के लिए बड़ी संख्या में लोग उज्जैन आएंगे। अनुमान लगाया जा रहा है कि इस दौरान महाकाल मंदिर में भी दस लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शन करेंगे। चुंकि मंदिर प्रशासन के सामने देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को बाबा महाकाल के दर्शन सुगमता से कराने की चुनौती है इसलिए ऑनलाइन भस्मारती की बुकिंग 25 दिसंबर से बंद कर दी जाएगी।

सहायक प्रशासक आशीष फलवाड़िया ने बताया कि महाकाल मंदिर में नए साल को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। अनुमान है कि 25 दिसंबर से 5 जनवरी तक करीब



10 लाख भक्त भगवान महाकाल के दर्शन करने पहुंचेंगे। श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए दर्शन का नया प्लान तैयार किया जा रहा है। इसकी शुरूआत भस्म आरती की ऑनलाइन बुकिंग सुविधा को ब्लॉक करने के साथ हो गई है। फलवाडिया ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी नए साल में भस्म आरती दर्शन को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है। भस्म आरती की ऑनलाइन बुकिंग दिसंबर से बंद रहेगी।

### भस्म आरती के चलायमान दर्शन

सहायक प्रशासक मूलचंद जूनवाल ने बताया नए साल में भस्म आरती दर्शन को लेकर काफी दबाव रहता है। हर भक्त की अभिलाषा रहती है कि वह भगवान महाकाल की भस्म आरती के दर्शन करे, लेकिन मंदिर में स्थान समिति होने के कारण सभी को अनुमति प्रदान करना संभव नहीं है। इसलिए 25 दिसंबर से 5 जनवरी तक अत्यधिक भीड़ वाले दिनों के लिए भस्म आरती की ऑनलाइन बुकिंग व्यवस्था को बंद कर दिया गया है। भीड़ भरे इन दिनों में आफलाइन अनुमति व्यवस्था भी स्थगित रहेगी। इस दौरान देशभर से आने वाले भक्त भगवान महाकाल की भस्म आरती के चलायमान दर्शन कर सकेंगे।

## खबर एक नजर...

### ब्राह्मण समाजजन ने किया जीवन प्रबंधन गुरु पं. मेहता का सम्मान



**उज्जैन।** जीवन प्रबंधन गुरु पंडित विजयशंकर मेहता को डी-लिट की मानद उपाधि मिलना ब्राह्मणजन के लिए सौभाग्य की बात है। मध्यप्रदेश नागर ब्राह्मण परिषद के अध्यक्ष केदार रावल, प्रदेश महासचिव पंडित हेमंत व्यास, महिला प्रदेशाध्यक्ष सोनिया मंडलोई के नेतृत्व उज्जैन नागर ब्राह्मण समाज के समाजसेवी एवं वामन जन्मोत्सव समिति द्वारा उज्जैन शांतम पर पं. मेहता का सम्मान किया गया। इस दौरान पंडित व्यास व परिवार की ओर से पं. मेहता को सम्मान पत्र भेंटकर उन्हें शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर आभा मेहता, मीनाक्षी रावल, हेमंत त्रिवेदी, दिनेश त्रिवेदी, विवेक मंडलोई, शैलेंद्र व्यास, शुभम शुक्ला, अरुण नागर, डॉ. महेश नागर व वामन जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष पंडित अभिजीत दुबे, रानी दुबे सुनीता शर्मा आदि ने पंडितजी का सम्मान किया। पं. मेहता ने आशीर्वचन दिए।

### उज्जैन में 27 से होगी 6ठी राष्ट्रीय पारंपरिक लाठी खेल प्रतियोगिता

**उज्जैन।** महू में आयोजित पारंपरिक लाठी खेल संघ मध्य प्रदेश चैंपियनशिप में उज्जैन सहित इंदौर, महू, रतलाम, आगर, भोपाल, जबलपुर सहित प्रदेशभर से आए खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और मेडल अर्जित किए। मनोज बजाज ने बताया कि मेडल प्राप्त खिलाड़ी उज्जैन में 27 से 29 दिसंबर तक होने वाली 6ठी राष्ट्रीय पारंपरिक लाठी खेल प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। इस आयोजन में देशभर से खिलाड़ी, कोच व रेफरी शामिल होंगे।

### महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता शकुंतला बैरागी का सेवानिवृत्ति पर सम्मान

**उज्जैन।** ब्लॉक बड़नगर सेक्टर जहांगीरपुर उप स्वास्थ्य केंद्र पलसोड़ा की महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता शकुंतला बैरागी की सेवानिवृत्ति पर सम्मान समारोह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इंगोरिया में आयोजित किया गया। सेक्टर अधिकारी डॉ. शिप्र श्रीवास्तव ने बताया मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजेंद्र सिंह अजनार की अध्यक्षता में न्यू बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के संभागीय अध्यक्ष एमआर मंसूरी, कन्हैयालाल बर्फा, किरण मंडलोई, नानूराम मिमरोट के विशेष आतिथ्य में कार्यक्रम हुआ। संचालन दिनेश कुमार पंचोली ने किया। आभार नारायण शर्मा ने माना। सम्मान समारोह में शामिल बर्फा का भी राज्य स्तरीय पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में गोल्ड जीतने पर सम्मान किया गया।

### चामुंडा माता ब्रिज उतार पर अंधे मोड़ पर बसें खड़ी, डीएसपी ने किया जुर्माना



**उज्जैन।** फ्रीगंज-चामुंडा माता ब्रिज उतार पर अंधे मोड़ पर प्राइवेट बसें खड़ी की जा रही है, जिससे आए दिन लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। अंधे मोड़ पर बसें खड़ी की जाने को लेकर सोमवार शाम डीएसपी ट्रैफिक दिलीपसिंह परिहार ने बस चालकों पर कार्रवाई की। मौके पर ही जुर्माना किया गया। साथ ही बसें भी हटवाई गई। हिदायत भी दी गई कि आगे से अंधे मोड़ पर बसें खड़ी मिली तो उन्हें जब्त किया जाएगा।

# सिंहस्थ से पहले संतों में दो फाड़

## रामादल अखाड़ा परिषद बनाया, महंत रामेश्वरदास बने अध्यक्ष, संतों ने कहा- प्रशासन शैव अखाड़ों के साथ बैठक में न बुलाए

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

सिंहस्थ 2028 के पहले उज्जैन में साधु-संतों के बीच बड़ा मतभेद सामने आया है। रविवार को हुए नाटकीय घटनाक्रम में स्थानीय अखाड़ा परिषद के पदाधिकारियों के इस्तीफे के बाद शेव (शैव) और वैष्णव संप्रदाय के अखाड़ों में स्पष्ट तौर पर दो फाड़ हो गए हैं।

वैष्णव अखाड़ों ने अलग होकर नया संगठन रामादल अखाड़ा परिषद बनाने की घोषणा कर दी है। साधु-संतों का कहना है कि अब सिंहस्थ से जुड़े किसी भी मुद्दे पर प्रशासन से बातचीत वे शेव अखाड़ों के साथ नहीं करेंगे, बल्कि अपनी अलग बात रखेंगे। रविवार को अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्र पुरी महाराज और महामंत्री हरिगिरि महाराज उज्जैन पहुंचे थे। दोपहर में शिप्रा नदी किनारे दत्त अखाड़े में महंत आनंदपुरी महाराज की अध्यक्षता में हुई आपात बैठक में स्थानीय अखाड़ा परिषद को तत्काल प्रभाव से भंग करने का निर्णय लिया गया।



बैठक में स्थानीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री महंत रामेश्वर गिरी महाराज, उपाध्यक्ष महंत आनंदपुरी महाराज और प्रवक्ता महंत श्याम गिरी महाराज ने अपने पदों से इस्तीफा दे दिया। स्थानीय परिषद के भंग होने की सूचना के बाद मंगलनाथ रोड स्थित श्री पंच रामानंदीय निर्मोही अखाड़े में वैष्णव संप्रदाय से जुड़े निमोंही अणि अखाड़ा, दिगंबर अणि अखाड़ा और निर्वाणी अणि अखाड़ा के महंतों और महामंडलेश्वरों ने बैठक की। लगभग एक घंटे चली इस बैठक में निर्णय लिया गया कि स्थानीय अखाड़ा परिषद को पूर्ण रूप से भंग कर नए रामादल अखाड़ा परिषद का गठन किया जाएगा और उसके पंजीकरण की प्रक्रिया भी शुरू की जाएगी।

### शैव अखाड़ों के साथ कोई संबंध नहीं

रामादल अखाड़ा परिषद के संरक्षक भगवान दास ने कहा कि पहले जैसे स्थानीय अखाड़ा परिषद की तरह रामादल अखाड़ा परिषद भी काम करती रहेगी। नया रामादल अखाड़ा बनाया है, जो त्याग पत्र दिया मुझे नहीं दिया। शैव अखाड़ों के संतों को असंतुष्ट देखते हुए अखाड़ा परिषद को भंग कर दिया है। आज से शैव सम्प्रदाय से हमारा कोई संपर्क नहीं रहेगा। वैष्णव सम्प्रदाय के तीनों अखाड़े, निर्मोही और दिगंबर और निर्वाणी का रामादल अखाड़ा परिषद का गठन किया। अब आगे कुंभ के लिए प्रशासन के साथ होने वाली बैठकों में रामादल अखाड़ों की ओर से हम जाएंगे। शैव सम्प्रदाय के साथ हमारी बैठक नहीं होगी हमारी अलग करेंगे।

### रामादल अखाड़ा परिषद में ये बने पदाधिकारी-

**संरक्षक** - मुनि क्षरणदस ,अर्जुनदास, खाकी अखाड़ा, महंत भगवानदास
**अध्यक्ष** - महंत रामेश्वरदास जी।
**उपाध्यक्ष**- महंत काशीदास जी, रामचंद्रदास जी, दिगंबर अखाड़ा, हरिहर रसिक खेड़ापति।
**कोषाध्यक्ष**- महेशदास और राघवेंद्र दास जी।
**मंत्री**- बलरामदास महाराज जी।
**महामंत्री**- चरणदास जी, महंत दिग्विजयदास जी।

# गीता महोत्सव में श्रीकृष्णा गीता सार नाट्य का मंचन

## पुनीत इस्सर और उनके बेटे ने अर्जुन और श्रीकृष्ण संवाद के माध्यम से गीता का पाठ पढ़ाया

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

गीता महोत्सव के पहले दिन सीएम मोहन यादव से सुबह कार्यक्रम का उद्घाटन किया तो शाम को प्रसिद्ध कलाकार पुनीत इस्सर और उनके पुत्र ने नाट्य के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण का जीवन दर्शन प्रस्तुत किया।

गीता जयंती के अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के अंतर्गत दशहरा मैदान पर उज्जैन में जय श्रीकृष्णा गीता सार नाट्य का मंचन हुआ। जिसमें प्रसिद्ध अभिनेता पुनीत इस्सर और उनके पुत्र सिद्धार्थ इस्सर ने अपने सशक्त अभिनय से श्रीकृष्ण के जीवन दर्शन और भगवद्गीता के उपदेशों को सजीव कर दिया। कार्यक्रम में दर्शकों ने भावनाओं, आस्था और अध्यात्म से ओतप्रोत इस प्रस्तुति का स्वागत तालियों की गूंज उठा। मंच पर पिता-पुत्र की जोड़ी ने अर्जुन और श्रीकृष्ण संवाद के माध्यम से गीता के शाश्वत संदेशों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।



मंगलवार 2 दिसंबर को शाम 7 बजे नई दिल्ली की कलाकार वैष्णवी शर्मा द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। इसके बाद मोहित शेवानी के निर्देशन में कृष्णायन नाट्य का मंचन किया जाएगा। बुधवार 03 दिसंबर को शाम 7 बजे विश्ववंदनीय नाट्य का मंचन किया जाएगा। सलाउद्दीन पाशा द्वारा गीता ऑन व्हील्स नाट्य का मंचन किया जाएगा। महोत्सव में माधव दर्शनम-लघु चित्र शैलियों में चित्रों की प्रदर्शनी लगाई जाएंगी।

# उज्जैन-जावरा ग्रीन फील्ड के विरोध में खाचरौद में प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपा



**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

गत दिनों जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करने के बाद उज्जैन-जावरा ग्रीन फील्ड रोड के विरोध में सोमवार को खाचरौद में फिर हंगामा हो गया। सड़क से प्रभावित होने वाले गांव के लोगों ने सीएम के नाम ज्ञापन देते हुए अपनी मांगें रखी। करीब 10 गांव से आए किसानों ने खाचरौद पहुंचकर एसडीएम को आवेदन सौंपा। इसमें उन्होंने दो मांगें रखी। पहली ग्रीन फील्ड (जमीन से 15 फीट ऊंची) रोड को सामान्य हाईवे (जमीन से सामान्य हाइट) वाली सड़क बनाना और दूसरी जमीन का मुआवजा मार्केट वैल्यू के आधार पर दिया जाए। किसानों ने बताया हमारी मांगें पूरी नहीं होने तक विरोध जारी रहेगा। मौजूद अधिकारी ने ज्ञापन देकर किसानों को आश्वासन दिया है।

# स्नातकोत्तर स्तर की तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं आज से, शहर में 4 ही केंद्र बनाए

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की स्नातकोत्तर स्तर की तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं मंगलवार से शुरू हो रही है। इन परीक्षाओं के केवल चार कॉलेज को केंद्र बनाया है। इनमें भी शासकीय माधव कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के केंद्र पर 11 अध्ययनशालाओं और कॉलेज के विद्यार्थियों का भी परीक्षा केंद्र बना दिया गया।

विश्वविद्यालय ने स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम की एमए, एमकॉम, एमएसडब्ल्यू, एमएचएससी और एमएससी के प्रथम, तृतीय और आगामी द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाओं के लिए उज्जैन जिले में कुल 8 परीक्षा केंद्र बनाए हैं। इनमें शासकीय कन्या महाविद्यालय और शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय ऐसे केंद्र हैं, जहां केवल उन्हीं महाविद्यालय की छात्राओं की परीक्षा होगी। वहीं शासकीय माधव विज्ञान महाविद्यालय में इसी कॉलेज के अलावा फ्यूचर विजन कॉलेज, भारतीय कॉलेज, एडवांस कॉलेज के एमएससी विद्यार्थियों के लिए और विवि की गणित अध्ययनशाला के एमएससी के स्वाध्यायी विद्यार्थी परीक्षा देंगे।

इधर, शासकीय माधव कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के केंद्र पर इसी कॉलेज के अलावा 11 अन्य कॉलेज और अध्ययनशाला के विद्यार्थियों को परीक्षा देने आना पड़ेगा। इनमें लोकमान्य



तिलक साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज (एमकॉम), फ्यूचर विजन कॉलेज (एमकॉम), भारतीय कॉलेज (एमकॉम), निर्मला कॉलेज (एमकॉम व एमएस डब्ल्यू), राजनीति व लोक प्रशासन अध्ययनशाला (एमए प्राइवेट), प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व अध्ययनशाला (एमए प्राइवेट), अर्थशास्त्र अध्ययनशाला (एमए प्राइवेट), अंग्रेजी अध्ययनशाला (एमए प्राइवेट), संस्कृत एवं ज्योतिर्विज्ञान अध्ययनशाला (एमए प्राइवेट), हिंदी अध्ययनशाला (एमए प्राइवेट) और महाराजा कॉलेज शामिल हैं।

यहां गौर करने वाली बात यह है कि विश्वविद्यालय की अध्ययनशालाओं से प्राइवेट विद्यार्थी के रूप में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को करीब 8 किलोमीटर दूर माधव कॉलेज के केंद्र पर परीक्षा देने जाना पड़ेगा। जबकि इसी कॉलेज में पीजी तृतीय सेमेस्टर के ही 451 परीक्षार्थी हैं। इस संबंध में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अनिलकुमार शर्मा का कहना है कि छोटे-छोटे केंद्र बनाने से परीक्षा संचालन का खर्च अधिक होता है। इसलिए व्यवहारिक कार्य सुविधा की दृष्टि से माधव कॉलेज में विभिन्न अध्ययनशालाओं और कॉलेज के विद्यार्थियों का केंद्र बनाया है। इनकी संख्या भी अधिक नहीं है।

उज्जैन
मंगलवार
02
दिसम्बर, 2025

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

दानं प्रियवाक्सहितं ज्ञानमगर्वं क्षमान्वितं शौर्यम्।
वित्तं दानसमेतं दुर्लभमेतत् चतुष्टयम्।।
अर्थः प्रेम वचन से दिया हुआ दान, अहंकार रहित ज्ञान, क्षमाशील वीरता और दान की इच्छा से धन-ये चारों दुर्लभ हैं।

## खबर एक नजर...

### राह चलते युवक की मौत दोपहिया वाहन पंचर होने पर सुधरवाने जा रहा था

**इंदौर।** इंदौर में एक युवक की सड़क पर हार्ट अटैक से मौत हो गई। वह दोपहिया वाहन पंचर होने पर उसे हाथ में ले जा रहा था। तभी अचानक गिरा और फिर नहीं उठा। उसे अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित किया गया। घटना वहां लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई जिसका वीडियो सामने आया है। घटना सोमवार दोपहर जनता क्वार्टर क्षेत्र में हुई। यहीं रहने वाला एक 27 वर्षीय युवक एक्टिवा पंचर होने उसे घर से 300 मीटर दूर स्थित दुकान पर सुधारने जा रहा था। वह उसे कुछ आगे गया और फिर रुका। संभवतः वह हांफ रहा था। उसने संभलने की कोशिश की लेकिन फिर एक्टिवा सहित वहां खड़ी कार के पास गिर गया। कुछ लोगों का ध्यान गया तो उन्होंने उसे उठाया। परदेशीपुरा पुलिस के मुताबिक उसकी पहचान विनीत पिता संजय जनता क्वार्टर के रूप में हुई। उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित किया। उसकी मौत का कारण हार्ट अटैक सामने आया है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

### घायल को ठीक से उपचार नहीं मिला, आखिर मौत हुई

**इंदौर।** एमवायएच में इलाज के दौरान फिर गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया है। देवास में सड़क हादसे में घायल युवक को रविवार रात 11 बजे इंदौर रैफर किया गया था। परिजन का आरोप है कि इमरजेंसी वार्ड में डॉक्टर मौजूद नहीं था। नर्स ने ही इलाज शुरू किया। किसी सीनियर डॉक्टर ने स्थिति नहीं देखी। रात 1.30 बजे जब हालत ज्यादा बिगड़ी, तब स्टाफ भाग-दौड़ करने लगा। कैजुअल्टी में किस डॉक्टर की ड्यूटी थी, इसका रिकॉर्ड ही उपलब्ध नहीं था। वार्ड में ड्यूटी चार्ट नहीं मिला। स्टाफ ने डॉक्टर का नाम बताने से इनकार कर दिया। परिजन का कहना है कि घायल युवक के सिर और पैर में गंभीर चोट थी, लेकिन तीन घंटे तक कोई वरिष्ठ डॉक्टर नहीं आया। रातभर जूनियर डॉक्टर वीडियो कॉल पर बाहर बैठे किसी डॉक्टर से सलाह लेते रहे। वे लगातार न्यूरो सर्जन को बुलाने की मांग करते रहे, लेकिन कोई नहीं आया। सुबह युवक की तबीयत फिर खराब हुई। इसी दौरान वह इंजेक्शन, जिसे नस में लगाया जाता है, मुंह में डालकर पिला दिया गया। इससे मरीज की हालत बिगड़ने लगी।

### 3 टीआई को सीपी ने अचानक लगवाया फोन, किसी ने नहीं उठाया

**इंदौर।** पुलिस कमिश्नर ने कई टीआई का सोमवार को रिस्पांस टेस्ट किया। उन्होंने पुलिस लाइन से 4 सूबेदारों को बुलवाया और प्रभात गश्त में घूम रहे तीन टीआई को फोन लगवाए। फोन किसी घटना की सूचना देने के लिहाज से लगवाए थे, लेकिन तीनों ने रिस्पांस नहीं दिया न ही कॉलबैक किया। उन्हें दोबारा कॉल किए फिर भी रिस्पांस नहीं आया। कमिश्नर ने तीनों टीआई को टेस्ट में फेल किया और सख्त हिदायत दी। एक महीने से पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह जनता के बीच जन संवाद के लिए पहुंच रहे हैं। इस दौरान उन्हें कई थानों के सिस्टम को लेकर, टीआई और अधिकारियों के खिलाफ जनता की शिकायतें मिल रही हैं। जनसंवाद में पता चला कि कई टीआई फोन ही नहीं उठाते। इसलिए सोमवार को उन्होंने बतौर प्रयोग यह टेस्ट किया। कुछ थाना प्रभारियों ने तो फोन उठाकर रिस्पांस भी दिया, लेकिन जोन-2 के कनाड़िया थाना प्रभारी सहर्ष यादव, तिलक नगर के मनीष लोधा और जोन-1 सदर बाजार के यशवंत बड़ोले ने कोई रिस्पांस नहीं दिया। कमिश्नर ने इस लापरवाही पर किसी को कोई सजा नहीं दी, लेकिन सख्त हिदायत दी।

### इंदौर हाईकोर्ट सख्त, 15 दिन में एक लेन तोड़ने के आदेश, 16 दिसंबर को होगी अगली सुनवाई

# बीआरटीएस तोड़ने में देरी पर कलेक्टर-निगम कमिश्नर तलब

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर






शहर में बिगड़ते ट्रैफिक को लेकर लगी जनहित याचिका के मामले में सोमवार को इंदौर हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। इसमें बीआरटीएस तोड़ने में हो रही देरी पर कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए 15 दिन में बीआरटीएस की एक तरफ की लाइन का हिस्सा तोड़कर रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए। साथ ही कोर्ट ने शहर के ट्रैफिक सुधार के कामों पर निगरानी के लिए वकीलों की पांच सदस्यीय कमेटी गठित कर कमेटी को भी रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए। अगली सुनवाई 16 दिसंबर को होगी।

सोमवार को हुई सुनवाई में कलेक्टर शिवम वर्मा और नगर निगम कमिश्नर दिलीप कुमार यादव उपस्थित हुए। कोर्ट ने अगली सुनवाई में डीसीपी ट्रेफिक को भी हाजिर होने के आदेश दिए। सुनवाई जस्टिस विजयकुमार शुक्ला और जस्टिस बिनोद कुमार द्विवेदी की डबल बेंच में हुई।

इस केस में याचिकाकर्ता के वकील अजय बागड़िया ने शहर के यातायात के मुद्दे को लेकर एक और आवेदन दिया, जिसमें बीआरटीएस तोड़ने में हो रही देरी के साथ ही प्रशासन के आदेश के बावजूद रात 10 बजे बाद धड़ल्ले से बज रहे डीजे, शहर की सड़कों पर जगह-जगह अतिक्रमण व धार्मिक चबूतरों के कारण यातायात बाधित होने, शाम को यातायात का दबाव बढ़ने से अस्त-व्यस्त यातायात को रोकने के लिए अफसरों को सड़क पर तैनात रखने, शहर के लगभग सभी उद्यानों में अतिक्रमण कर बने मंदिर आदि मुद्दे उठाए गए हैं। कोर्ट ने सुनवाई के बाद कहा कि याचिका में कोर्ट के पुराने आदेश का पालन किया जाएं। इसके साथ ही याचिकाकर्ता के नए आवेदन में यातायात संबंधी उठाए गए मुद्दों के निराकरण के आदेश के साथ 16 दिसंबर के पूर्व बीआरटीएस की एक लाइन तोड़कर स्टेटस रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए। कोर्ट ने 16 दिसंबर तय करते हुए कलेक्टर और निगम कमिश्नर को फिर से उपस्थित होने के साथ डीसीपी ट्रैफिक को भी पेश होने के निर्देश दिए हैं।

### इंदौर की सराफा चौपाटी का मामला

# प्रतिवेदन मिलने पर करेंगे दुकानों की जांच

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर




इंदौर में पिछले कई दिनों से सराफा चौपाटी का मामला गरमाया हुआ है। यहां पर 69 दुकानों को ही परमिशन दी गई है। नगर निगम ने इन्हें नंबर भी अलॉट कर दिए हैं। हालांकि एमआईसी मेंबर निरंजन सिंह चौहान का कहना है कि दुकानों की संख्या सराफा चौपाटी एसोसिएशन के पदाधिकारियों और सराफा व्यापारी एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बनाई है।

कई चौपाटी वाले मिले, प्रतिवेदन देने को कहा कई चौपाटी वाले आकर मिले हैं। इसके अलावा भी वे कई जनप्रतिनिधियों से मिले हैं। जिन चौपाटी वालों का कहना है कि उनकी दुकानें सालों पुरानी है, मगर उनका 69 दुकानों में नाम नहीं है। ऐसे चौपाटी वालों को कहा गया है कि वे नगर निगम में प्रतिवेदन दें। वे बोले कि जो चौपाटी व्यापारी प्रतिवेदन देंगे उन दुकानों की जांच करवाई जाएगी। ये पता किया जाएगा कि वाकई उनकी दुकानें कितने सालों से यहां लग रही है। इसके साथ ही आसपास के दुकानदारों से भी जानकारी ली जाएगी। जिसके बाद इस पर निर्णय लिया जाएगा। कई चौपाटी वालों ने अपनी चौपाटी को सालों पुराना बताया है। उन्होंने बताया कि जिन्हें यहां पर जगह नहीं मिलेगी उन्हें सराफा के आसपास के इलाके में ही अपना व्यापार चलाने के लिए जगह दी जाएगी। सराफा चौपाटी में 69 दुकानों की सूची सामने आई। उसके बाद नगर निगम की टीम और अधिकारी रात में सराफा चौपाटी पहुंचे थे और उन ही चौपाटी वालों को सराफा में एंट्री दी गई, जिनके नाम सूची में थे। बाकियों को एंट्री देने से मना कर दिया गया था। इस दौरान उन्होंने हंगामा भी किया था।, जिसके बाद उन्हें समझाइश भी दी गई थी। तब कही जाकर मामला शांत हो सका था। हंगामे के अगले दिन चौपाटी वाले महापौर से भी मिलने गए थे। हालांकि मामले में महापौर ने कहा था कि जिन्हें जगह मिली है उनके लिए दूसरी जगह व्यवस्था की जाएगी।

# मीडियाकर्मियों पर हमले के बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग



ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

आरटीओ कार्यालय में मीडिया कर्मियों पर हुए हमले के खिलाफ इंदौर प्रेस क्लब के नेतृत्व में सोमवार को मीडिया कर्मियों ने पुलिस कमिश्नर से मुलाकात की। पत्रकार हेमंत शर्मा और कैमरामैन राजा खान पर आरटीओ में कवरेज के दौरान हुए हमले के खिलाफ मीडिया में आक्रोश है। संतोष सिंह से चर्चा के साथ ही एडिशनल पुलिस कमिश्नर अमित सिंह को ज्ञापन सौंपा। प्रेस क्लब अध्यक्ष दीपक कर्दम ने कहा, हमले के इतने घंटे बाद भी पुलिस अब तक दो आरोपियों को ही गिरफ्तार कर पाई है। जबकि मुख्य आरोपी अभी तक फरार है। अगर जल्दी गिरफ्तारी नहीं होती है तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

# हाथ पर बने प्रेमिका के टैटू को छिपाया, पति की याचिका कुटुंब न्यायालय ने खारिज की

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर



**पत्नी को बीमारी बताकर मांगा था तलाक**

कुटुंब न्यायालय ने पत्नी पर झूठे आरोप लगाकर तलाक मांगने आए पति को कड़ी फटकार लगाते हुए उसकी याचिका खारिज कर दी। सुनवाई के दौरान पति पत्नी के वकीलों के सवालों का सामना नहीं कर सका और अपने हाथ पर बने टेटू को बार-बार छिपाता रहा, जिसके बाद कोर्ट ने उसके दावों पर संदेह जताते हुए मामला खारिज कर दिया।

मामला इंदौर निवासी एक बड़े मोबाइल सर्विस सेंटर के व्यापारी और उनकी डॉक्टर पत्नी का है। दोनों ने जनवरी 2011 में आर्य समाज मंदिर, भागीरथपुरा में प्रेम विवाह किया था। विवाह के बाद पत्नी ने एक संतान को जन्म दिया। आरोप है कि शादी के बाद पति और ससुरालजन डॉक्टर पत्नी को प्रताड़ित करने लगे। अनुसूचित जाति से होने के कारण उससे बाथरूम साफ कराना, 10 लाख रुपए की मांग करना और सफेद दाग की बीमारी को लेकर अपमानित करना शामिल था।

पीड़िता कुछ समय बाद पति से अलग मकान लेकर रहने लगी, लेकिन व्यवहार में सुधार न होने पर पति 2017 में इंदौर छोड़ने का हवाला देकर पत्नी-बच्चों को छोड़ गया, जबकि बाद में वह शहर में ही दूसरी महिलाओं से मेल-जोल रखते पाया गया। पत्नी के विरोध करने पर पति ने 2020 में उस पर क्रूरता और बीमारी छुपाने जैसे आरोप लगाकर तलाक की अर्जी दाखिल कर दी।

सुनवाई के दौरान पीड़िता के वकील कृष्ण कुमार कुन्हारे और हाईकोर्ट अधिवक्ता डॉ. रूपाली राठौर ने पूरे घटनाक्रम को विस्तार से कोर्ट में रखा। उन्होंने विवाह के फोटो प्रस्तुत कर बताया कि पत्नी के हाथों पर सफेद दाग शादी के समय से ही स्पष्ट थे, इसलिए बीमारी छुपाने का आरोप निराधार है। साथ ही पति की दूसरी महिलाओं से करीबी के फोटो भी दाखिल किए।

पति से इन तथ्यों पर जवाब मांगा गया तो वह गोलमोल बातें करने लगा। इसी बीच महिला जज ने पति से हाथ पर बना टेटू दिखाने को कहा, जिसके बारे में पत्नी के पक्ष की ओर से दावा किया गया कि वह किसी अन्य महिला से संबंधित है। पति ने टेटू को आस्तीन से ढंक रखा था और दिखाने से मना कर दिया। वकीलों ने इस व्यवहार को पति की चालाकी बताते हुए कोर्ट में प्रतिकूल अनुमान लगाने का निवेदन किया। फैमिली कोर्ट ने माना कि पत्नी द्वारा कोई क्रूरता नहीं की गई, बल्कि पति ही पत्नी और बच्चों को छोड़कर गया। न्यायालय ने कहा कि पति अपने दोष का लाभ नहीं ले सकता और झूठे आधार पर तलाक नहीं दिया जा सकता।

## खबर एक नजर...

### बौद्ध विरासत का संरक्षण विषय पर हुई तीन दिवसीय अन्तराष्ट्रीय संगोष्ठी

**उज्जैन।** नई दिल्ली के जनपथ पर स्थित डॉ अम्बेडकर अन्तराष्ट्रीय केन्द्र पर 28 से 30 नवम्बर तक ग्रामीण बौद्ध विरासत का संरक्षण विषय पर तीन दिवसीय अन्तराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

संगोष्ठी का विधिवत उदघाटन हरियाणा सरकार के पूर्व प्रशासक एसके मिश्रा ने किया और ग्रामीण बौद्ध विरासतों के शीघ्र संरक्षण की आवश्यकता बताई। उज्जैन बुद्धिस्ट सोसाइटी के संरक्षक एवं विपश्यना साधना गुरु भिक्खु डॉ सुमेध थेरो ने मध्य भारत में कम जानकारी वाले स्थान गुजर्रा शिलालेख जो दतिया जिले में स्थित है और ऐतिहासिक प्रमाण के तहत सम्राट अशोक ने उत्तर से दक्षिण की भारत यात्रा के समय तीन दिन पढाव डाला था, ललितपुर देवगढ, की बौद्ध गुफायें एवं मूर्तियों जो धजग्ग सुत्त पर साधना की गहराई को दशार्ती हैं, साथ ही भरहुत, सुनदर्शी, सोढन, उन्डासा की विरासत का वर्णन किया। डॉ हरी बाबू कटारिया, संयुक्त मंत्री डॉ विनोद सेवरिया ने उज्जैन और आस-पास के क्षेत्रों में फैली बौद्ध विरासत वैश्य टेकरी स्तूप आदि पर विशाखा संगठन के मंत्री डॉ प्रेमराज खनखने एवं जबलपुर के दोमा राव खातरकर ने मध्य प्रदेश की बौद्ध विरासतें सम्राट अशोक के शिलालेख और उन स्थानों के संरक्षण में किये गये कार्य को इस मंच पर प्रस्तुत किया। दिल्ली के विजय वीर सिंह एवं डॉ हरी बाबू कटारिया ने संयुक्त रूप से ब्रज क्षेत्र की बौद्ध विरासतों मथुरा, अतरंजीखेडा, सासनी आदि पर सिवी जातक का वर्णन करते हुये अपना शोधपत्र प्रस्तुत किया। चन्द्रसेन बौद्ध द्वारा प्रस्तुत दिल्ली एवं आस-पास के उत्तर प्रदेश, हरियाणा की बौद्ध विरासतों पर चर्चा की। मुम्बई विश्व विद्यालय के डॉ सुनील कामले एवं मंगला कामले ने बौद्ध विरासतों को कैसे संरक्षित किया जाये पर अपना शोधपत्र प्रस्तुत किया। श्रीलंका के दिलांजा पतिराजा एवं भाग्यविसंघे ने भारत की खंजडीनुमा नृत्य सहित बौद्ध विरासत के रूप में कैसे संरक्षित किया जाय पर चर्चा की। अभी तक बौद्ध विरासतों को वास्तुकला विज्ञान का आधार मानकर अध्ययन एवं संरक्षण की ओर ध्यान नहीं दिया गया है। इस आयोजन से यह कमी पूरी होगी।

### महिला हिंसा उन्मूलन दिवस पर हुई साइबर सुरक्षा पर कार्यशाला, छात्राओं को दी एआई एप के दुरूपयोग के बारे में समझाइश

# किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें, अपने निजी फोटो तथा जानकारी इंटरनेट पर न डाले





ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

1 दिसंबर को पर्यटन स्थल उज्जैन में संस्था सेंटर फॉर एडवांस रिसर्च एंड डेवलेपमेंट (कार्ड) द्वारा संचालित परियोजना महिलाओं हेतु सुरक्षित पर्यटन स्थल के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत माधव विज्ञान महाविद्यालय में साइबर सुरक्षा को लेकर जागरूकता सत्र रखा गया। कार्यशाला में स्टेट साइबर सेल से एएसआई हरेंद्रपाल सिंह राठौर द्वारा साइबर सुरक्षा को लेकर सेशन लिया गया। जिसमें उन्होंने बालिकाओं को 2 स्टेप वेरिफिकेशन, प्राइवेसी सेटिंग्स, गूगल सेटिंग, एआई एप के दुरुपयोग के बारे में समझाइश दी। साथ ही उन्होंने बताया कि आपके मोबाइल पर आने वाली किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें, अपने निजी फोटो तथा जानकारी इंटरनेट पर न डाले। गुगल ऐप को हमेशा अपने जीमेल आईडी से ही खोले ताकि किसी भी तरह की साइबर असुरक्षा का शिकार न हो। साथ ही उन्होंने बताया कि हर माह करीब 6000 से 7000 लोग साइबर ठगी का शिकार होते है। साइबर सेल से उपस्थित इंट्रेंस छात्र अर्जुन रायकवार ने बताया कि किस प्रकार से आम व्यक्ति को डिजिटल अरेस्ट किया जाता है। साथ ही मोबाइल के पासवर्ड को लेकर भी जानकारी दी कि हम हमारा मोबाइल पासवर्ड किस प्रकार से रखे। परियोजना समन्वयक अमृता चतुर्वेदी द्वारा महिलाओं के साथ होने वाली अलग अलग हिंसाओं को लेकर जानकारी दी गई तथा उसी पर आधारित एक फिल्म भी दिखाई गई। कार्ड संस्था से ही उपस्थित अरविंद श्रीवास ने भी डिजिटल ठगी को लेकर सेशन लिया और प्रेजेंट ऑफ माइंड को लेकर एक गेम भी खिलवाया। कार्यक्रम में महाविद्यालय से प्राचार्य डॉ हरीश व्यास, प्रोफेसर प्रदीप लाखरे, स्टेट साइबर सेल से एएसआई हरेंद्रपाल सिंह, कांस्टेबल तृप्ति लोधी, इंट्रेंस छात्र अर्जुन रायकवार, सचिन देवनाथ, गौरव साकले, कार्ड संस्था से अरविंद श्रीवास, जैनुल आब्दीन हुसैन सहित 70 बालिकाएं उपस्थित रही। अंत में आभार अमृता चतुर्वेदी ने व्यक्त किया।

## जन्म शताब्दी पर ज्योति कलश रथ उज्जैन पहुंचा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



अखिल विश्व गायत्री परिवार माताजी भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इसी क्रम में जन्म शताब्दी ज्योति कलश रथ गुना जिले के यात्रा करता हुआ उज्जैन जिले में पहुंचा। रथ का स्वागत ग्राम कनार्दी में नंदकिशोर पाटीदार एवं नारायण जी के साथ सैकड़ो परिजन ने किया वहां से जन्म शताब्दी रथ 5 बजे गायत्री शक्तिपीठ पहुंचा। इस बीच ग्राम करंज तराना कनीपुरा चिमनगंज मंडी चौराहा इंदिरा नगर आदि अनेक स्थानों पर गायत्री परिजनों और नागरिकों के द्वारा श्रद्धापूर्वक ज्योति कलश रथ का भव्य स्वागत किया गया। मुख्य कार्यक्रम गायत्री शक्तिपीठ पर संपन्न हुआ। जहां पर अनुभवा नंदजी रामकृष्ण मिशन उज्जैन एवं प्रभाकर सोनोने उप जोन समन्वयके द्वारा के ज्योति कलश रथ का पूजन अर्चन किया गया। इस अवसर पर गायत्री परिवार उज्जैन के अनेक परिजन उपस्थित थे। उन्होंने श्रद्धापूर्वक ज्योति कलश व्रत का पूजन अर्चन संपन्न किया। इसके बाद गायत्री शक्ति पीठ पर दीप यज्ञ का आयोजन हुआ। इसके पश्चात भोजन प्रसादी के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन सतीश शर्मा एवं आभार प्रदर्शन बाबूलाल बाड़ोलिया द्वारा किया गया। यह ज्योति कलश

रथ 1 दिसंबर से 31 दिसंबर तक उज्जैन जिले में भ्रमण करेगा। 1-2 दिसंबर को उज्जैन शहर में विभिन्न स्थानों पर आयोजन संपन्न होंगे।

## मल्लखम्ब खिलाड़ियों ने जीते 6 स्वर्ण, 2 रजत, 1 कास्य पदक

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



उज्जैन खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित क्षीर सागर मल्लखम्ब केन्द्र के खिलाड़ियों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 24 से 29 दिसंबर तक उज्जैन में हुई 69वीं राष्ट्रीय शालाएं मल्लखम्ब प्रतियोगिता में 6 स्वर्ण, 2 रजत एवं 1 कास्य पदक अर्जित कर उज्जैन शहर का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया। सभी विजेता खिलाड़ियों का सम्मान किया गया।

14 वर्ष से कम आयु वर्ग में हनी बकोदिया ने अपनी टीम के साथ 1 स्वर्ण व 1 कास्य एवं जिया यादव, ईशा सोलंकी ने भी अपनी टीम के साथ स्वर्ण पदक अर्जित किए। वहीं 17 एवं 19 वर्ष आयु वर्ग में वैशाली भामुरी एवं चार्वी कोरी ने भी अपनी टीम के साथ स्वर्ण पदक अर्जित किए। अनिकेत सिसोदिया ने भी अपनी टीम के साथ 1 स्वर्ण पदक अर्जित किया। वहीं खाचरौद जैसे छोटे से शहर की बेटी मानसी बम्बोरिया पिता मोहनलाल बम्बोरिया (विश्वामित्र अवार्डी) ने गरिमामय प्रदर्शन करते हुए 14 वर्ष से कम आयु वर्ग में संघर्ष पूर्ण मुकाबला करते हुए प्रदेश की ही नेशनल गेम्स खेलों इंडिया में स्वर्ण पदक विजेता वीरा राणा को पछाड़ते हुए सम्पूर्ण भारत वर्ष में दुसरा स्थान प्राप्त करते हुए 1 रजत एवं अपनी टीम के साथ स्वर्ण पदक अर्जित किया।

खिलाड़ियों की इस उत्कृष्ट उपलब्धी पर संयुक्त संचालक बी.एस. यादव ने सम्मानित कर बधाई दी। वहीं जिला खेल प्रमुख प्रदीप शर्मा पुलिस अधीक्षक, सोनु गेहलोत अध्यक्ष मल्लखम्ब संघ, ओमप्रकाश त्रिवेदी सचिव मल्लखम्ब संघ, कैलाश यादव, सिद्धु पहलवान, प्रहलाद शर्मा, के साथ स्थानीय पार्षद सुशील श्रीवास एवं दीपक जैन, पुनित जैन, अमित अग्रवाल, घनश्याम गौड़, नरेन्द्र गर्ग आदि ने कोच मोहनलाल बम्बोरिया एवं राहुल बारोड़ एवं खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामना दी।

## पारंपरिक लाठी खेल संघ मध्य प्रदेश चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

### उज्जैन में 27 दिसम्बर से प्रारंभ होगी 6टी राष्ट्रीय पारम्परिक लाठी खेल प्रतियोगिता

### मेडल प्राप्त खिलाड़ी लेंगे हिस्सा, देशभर से खिलाड़ी, कोच व रेफरी शामिल होंगे

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन




महू में आयोजित पारंपरिक लाठी खेल संघ मध्य प्रदेश चैंपियनशिप में उज्जैन सहित इंदौर, महू, रतलाम, आगर मालवा, महिदपुर, नीमच, धार, सतना, कटनी, भोपाल, जबलपुर, बड़वानी सहित प्रदेश भर से अन्य जिले से आये खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और मेडल अर्जित किए।

पारंपरिक लाठी खेल संघ के प्रदेश अध्यक्ष विधायक गोलू शुक्ला ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उज्जैन की राष्ट्रीय रेफरी कमीशन की सेक्रेटी व राष्ट्रीय जॉइंट सेक्रेटरी रजनी नरवरिया और राष्ट्रीय व प्रदेश के रेफरी टीम ने मैच में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर निर्णायक भूमिका निभाई। इस अवसर पर मऊ की वरिष्ठ समाजसेवी सीमा शमी, बृजेश शमी, समाज सेविका रोमा बजाज, उज्जैन जिले से मीनाक्षी चव्हाण, प्रियांशी नरवरिया, माधुरी व्यास, प्रिया सिंह चौहान, भावना पटेल, दीक्षा नरवरिया, ज्योति झाला, साक्षी चौरसिया, मंथन पाटिल, उपाध्यक्ष गौरव अग्रवाल, मिथिलेश कैमरे, टूर्नामेंट टेक्निकल डायरेक्टर निखिल बजाज, रितु स्वामी उपस्थित थे। मध्य प्रदेश के कई अखाड़ों के उस्ताद के साथ साथ कोच भी शामिल हुए। पारम्परिक लाठी खेल संघ मध्यप्रदेश के सेक्रेटरी मनोज बजाज ने बताया कि मेडल प्राप्त खिलाड़ी उज्जैन मध्यप्रदेश में 27 से 29 दिसम्बर तक होने वाली 6टी राष्ट्रीय पारम्परिक लाठी खेल प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। उज्जैन महाकाल की नगरी में होने वाले इस आयोजन में देश भर से खिलाड़ी, कोच व रेफरी शामिल होंगे।

## खबर एक नजर...

### नागदा पुलिस ने 8 साल से फरार महिला आरोपी को किया गिरफ्तार

नागदा। थाना नागदा के अपराध क्रमांक 778/2017, धारा 452, 324, 323, 34 भादवि के प्रकरण में आरोपिया चिंकी उर्फ जोया उर्फ शोएब पिता रफीक (उम्र 26 वर्ष), निवासी इंदौर पिछले लगभग 08 वर्षों से फरार चल रही थी। आरोपिया पर मर्डर सहित कई गंभीर अपराधों में लिप्त होने के आरोप हैं। पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि उक्त आरोपिया केंद्रीय जेल भोपाल में अन्य प्रकरण में निरुद्ध है।

### गीता जयंती पर कामेश्वर महादेव में हुआ विशेष श्रृंगार

**उज्जैन।** अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव एवं गीता जयंती पर्व के अंतर्गत क्षिप्रा तट रामघाट स्थित 13/84 श्री कामेश्वर महादेव मंदिर में विशेष अनुष्ठान सम्पन्न हुआ। मोक्षदायिनी एकादशी पर्व पर शासकीय पुजारी पूजा अमृतेष त्रिवेदी द्वारा गीताजी के 15वें अध्याय का पाठ 11 बटुकों से करवाया गया। समारोह का आकर्षण शिवलिंग का वह अलंकरण रहा, जिसमें भगवद्गीता के प्रसिद्ध श्लोक ह्लकर्मण्येवाधिकारस्तेह्व को श्रृंगार के रूप में समर्पित किया गया। यह संदेश कर्म में निष्ठा और फल से विरक्ति, शिव के ध्यानस्वरूप के साथ अद्भुत अनुरणन रचता दिखा। श्रद्धालुओं ने इसे कर्मयोग और शिवत्व की संयुक्त प्रेरणा बताया।

### श्री मत्स्येंद्रनाथ समाधि पर तीन दिवसीय महाउयज्ञ की पूणाहुति आज

**उज्जैन।** दादा गुरु श्री मत्स्येंद्रनाथ समाधि पर तीन दिवसीय महायज्ञ का आयोजन किया गया। शासकीय पुजारी पं. अनुराग शुक्ला (शुभम गुरु) ने बताया कि जनकल्याण हेतु 30 नवंबर से महायज्ञ प्रारंभ हुआ। जिसकी पूणार्हुति आज 2 दिसंबर को दोपहर 12 बजे होगी। पूणार्हुति अवसर पर महाआरती की जाएगी।

### राहुल बारोड खेलो इंडिया युनीवर्सिटी गेम्स 2025 जयपुर में तकनीकी अधिकारी नियुक्त

**उज्जैन।** श्री राज राजेंद्र जयंतसेन सूरी शिक्षा महाविद्यालय के खेल अधिकारी राष्ट्रीय प्रशिक्षक एवं निर्णायक राहुल बारोड का चयन जयपुर में आयोजित हो रही खेलो इंडिया युनीवर्सिटी गेम्स में मल्लखंब खेल के तकनीकि अधिकारी के रूप में हुआ है। यहां मल्लखंब की प्रतियोगिता 1 से 5 दिसम्बर 2025 तक आयोजित हो रही है।श्री बारोड को पूर्व में भी उडीसा सरकार द्वारा आयोजित खेलो इंडिया चयन प्रतियोगिता में भी मुख्य चयनकर्ता के रूप नियुक्त किया गया था, वे पूर्व में कई खेलों इंडिया एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में निर्णायक के रूप में अपनी भूमिका निभा चुके है। इनकी इस उपलब्धि पर संस्था अध्यक्ष पारसचंद जैन पूर्व केबिनेट मंत्री, निदेशक डॉ बी के मेहता, प्राचार्य डॉ विद्या जोशी, नरेंद्र गर्ग, विश्वामित्र अवार्डी मोहन लाल धाकड़ ने हर्ष जताते हुए शुभकामनाएं दी एवं इनके उज्वल भविष्य की कामना की।

# सिंहस्थ 2028 का नेतृत्व करेगी अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद, उज्जैन में बनी स्थानीय परिषद को किया भंग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



आगामी 2028 में होने वाले सिंहस्थ महापर्व का नेतृत्व प्रत्येक सिहस्थ, कुंभ मेले की भांति अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद करेगी। अखाड़ा परिषद के नेतृत्व में ही सिंहस्थ 2028 के सभी कार्य संपन्न होंगे।

सिहस्थ के निर्माण कार्य सहित अन्य प्रयोजन, शासन- प्रशासन के साथ प्रारंभ हो गए हैं। ऐसे में शिप्रा तट स्थित दत्त अखाड़े में आयोजित संतों की बैठक में एक मत से निर्णय लिया गया कि सिंहस्थ 2028 के कुंभ मेले की सारी व्यवस्था के लिए अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के नेतृत्व में ही कुंभ मेला संपन्न होगा। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी ट्रस्ट हरिद्वार के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्र पुरी महाराज, अखाड़ा के मुख्य संरक्षक श्री जूना अखाड़ा के मुख्य संरक्षक और अखिल भारतीय आखड़ा परिषद के महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरि महाराज के नेतृत्व में सभी स्थानीय अखाड़े, उनके बताए अनुसार कार्य करेंगे। दत्त जुना अखाड़े में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्रीमहंत आनंदपुरी महाराज ने कहा कि क्योंकि पूर्व में स्थानीय अखाड़ा परिषद का गठन साधु संतों के छोटे-छोटे कार्यों के लिए किया गया था अब सिहस्थ जैसा बड़ा महा आयोजन होना है, ऐसे में स्थानीय अखाड़ा परिषद को तत्काल भंग करते हुए सभी ने अपने-अपने त्यागपत्र देने के साथ ही स्थानीय अखाड़ा परिषद को भंग करने की घोषणा की। वहीं बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय भी पारित हुआ कि रवींद्र पुरी महाराज और हरी गिरी महाराज के नेतृत्व में सभी अखाड़े मेले का कार्य करेंगे एवं स्थानीय स्तर पर भी जो कुछ, चर्चा, समस्या, कार्य करने होंगे उनके मार्गदर्शन में किए जाएंगे, वही इस बैठक के निर्णय की सूचना शासन प्रशासन को भी भेज दी गई है, कि सिंहस्थ संबंधित जो भी कार्य पत्राचार करने हो वह अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद से करे। बैठक में जूना अखाड़ा के राष्ट्रीय सचिव श्रीमहंत रामेश्वर गिरी महाराज, महानिवार्णी अखाड़े के महंत श्रीमहंत श्याम गिरी महाराज राधे राधे बाबा, अटल अखाड़े के श्रीमहंत प्रेम गिरि महाराज, निरंजनी अखाड़े के महंत सुरेशानंद पुरी महाराज, आनंद अखाड़े के श्रीमहंत समुद्र गिरी महाराज, आव्हान अखाड़े के श्रीमहंत शेवानन्द गिरी महाराज अग्नि अखाड़े के श्रीमहंत कृष्णानंद ब्रह्मचारी लाल बाबा, श्री पंच निर्मल अखाड़े के महंत एवं गुरुद्वारा शिप्रा तट के जत्थेदार प्रमुख सरपंच बाबा सहित दूरभाष पर श्री पंचायती बड़ा उदासीन अखाड़े के स्थानीय महंत सत्यानंद महाराज सहित सभी संत महंतों ने एक स्वर में अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के नेतृत्व में कार्य करने की घोषणा की। उक्त बैठक में विशेष रूप से श्री दत्त अखाड़ा के गादीपति पीर श्रीमहंत परमानंद पुरी जी महाराज एवं श्री पंचायती निरंजन अखाड़े के सचिव श्रीमहंत रविंद्र पुरी महाराज सहित अन्य संत महंत मौजूद थे।

### छात्र सैनिकों को दिया मार्गदर्शन, जन-जागरूकता हेतु सतत प्रयास करें

# विश्व एड्स दिवस पर एन.सी.सी. कैडेट्स, एनएसएस विद्यार्थी ने बनाई मानव श्रृंखला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



1 दिसंबर को शास. माधव विज्ञान महाविद्यालय के कैडेट्स द्वारा विश्व एड्स दिवस के अवसर पर रैली निकालकर मानव श्रृंखला बनाई गई।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हरीश व्यास ने कहा विश्व एड्स दिवस हर वर्ष 1 दिसंबर को मनाया जाता है। 2025 का थीम है ह्लव्यवधान पर विजय, एड्स प्रत्युत्तर में सुधारह्व। भारत में मजबूत नीतिगत ढांचा : एचआईवी/एड्स (रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, 2017 जैसे ऐतिहासिक उपाय एचआईवी के साथ रहने वाले लोगों के अधिकारों की रक्षा करते हैं और भेदभाव को रोकते हैं। विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में मार्गदर्शन प्रदान कर छात्र सैनिकों को जन-जागरूकता हेतु सतत प्रयास कर अपने आस पास एवं समाज को जन-जागरूक करते रहना है। यह आयोजन डॉ. प्रमिला बघेल एन.सी.सी. अधिकारी व एन एस एस अधिकारी डॉ. प्रदीप लाखरे के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ, 25 से अधिक एन.सी.सी. कैडेट्स व स्वयंसेवक विद्यार्थी उपस्थित थे।

### प्रगति निभाएंगीं नेशनल टेक्निकल ऑफिशल की भूमिका

उज्जैन। उज्जैन कॉरपोरेशन एरिया बास्केटबॉल एसोसिएशन की कोच प्रगति जैन जयपुर (राजस्थान) में होने वाली खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 बास्केटबॉल प्रतियोगिता में नेशनल टेक्निकल ऑफिशल नियुक्त की गई। एसोसिएशन सचिव ऋतु शर्मा ने बताया कि यह प्रतियोगिता 1 से 5 दिसंबर 2025 तक खेली जाएगी। प्रगति कई वर्षो से नेशनल एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में निर्णायक रही हैं। इससे पहले खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स, खेलों इंडिया यूथ गेम्स में निर्णायक की भूमिका में रह चुकी हैं। इसके अतिरिक्त वह कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में रेफरी की भूमिका निभा रहीं है एवं बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया में ग्रेड ए रेफरी एवं फीबा टेबल ऑफिशियल भी हैं।

# भजन कीर्तन के साथ किया गेहूं वितरण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

युवा मंच सत्संग समिति उज्जैन के तत्वावधान में उज्जैन नगर के 100 निराश्रित बुजुर्गों को प्रतिमाह प्रति बुजुर्ग को 10 किलो गेहूं वितरण किए जाते हैं इसी कड़ी में 1 दिसंबर को माह का गेहूं वितरण किया गया।

समाजसेवी अजीत मंगलम ने बताया कि गेहूं वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नंदकिशोर यादव अध्यक्ष प्रेस क्लब एवं प्रेस क्लब के कार्यकारिणी सदस्य रवि सेन, समाजसेवी प्रतिभा अग्निहोत्री थे। श्रीमती अग्निहोत्री के द्वारा गर्म कपड़ों का वितरण सभी बुजुर्गों को किया गया। इस दौरान उज्जैन प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने पर नंदकिशोर यादव एवं कार्यकारिणी सदस्य रवि सेन का सम्मान मंच के वरिष्ठ लीलाधर आड़तिया, शिवनारायण जागीरदार, मंच अध्यक्ष मनोहर परमार, उपाध्यक्ष महेश सोनोने, सचिव विजय तिवारी, सहसचिव पारस कुमार जैन, कोषाध्यक्ष पंडित संतोष शर्मा, महेंद्र रामी, किशन भाटी, ओम आरोड़, मूलचंद राठौर, रितेश वर्मा, अनिल लश्करी, मंच कार्यालय प्रभारी धर्मेंद्र जैन, हरिनारायण परमार, रविंद्र पोरवाल, निलेश नागर, गणपत राणा, लायंस क्लब महाकाल के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह गिल सहित युवा मंच महिला सत्संग समिति उज्जैन की संयोजक गीताबेन रामी, अध्यक्ष पिंकी यादव, सचिव लक्ष्मी लश्करी ने अभिनंदन किया। मंच कार्यालय श्री हिरदेश्वर महादेव मंदिर पंचकोशी यात्रा का प्रथम अंतिम पड़ाव स्थल हीरा मिल परिसर जीरो पॉइंट ब्रिज के पास आयोजित कार्यक्रम में 1000 रुपए कल्पना कातरे द्वारा, 500 रुपए पारस कुमार जैन के द्वारा गेहूं वितरण हेतु नगद प्रदान किये। सभी हितग्राहियों को समाजसेवी महेंद्र कटियार द्वारा आंखों के ड्रॉप वितरण किये गये। सभी दानदाता एवं अतिथिगण का आभार मंच संस्थापक गोपाल बागरवाल ने माना।

### 5 दिसंबर से प्रारंभ होगी श्रीमद् भागवत कथा

समाजसेवी अजीत मंगलम ने बताया कि 5 दिसंबर से श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ होने जा रही है। जिसके पूर्व कलश यात्रा 5 दिसंबर को दोपहर 12 बजे विजय उत्तरामुखी हनुमान मंदिर पुरानी पानी की टंकी के पास सांदीपनी नगर से प्रारंभ होगी.

# देश भर में लैंड पुलिंग कानून पूरी तरह से समाप्त हो- भारतीय किसान संघ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

### सरकार पूरे देश में भूमि अधिग्रहण कानून में एकरूपता लाये-

### विद्वत संगोष्ठी में चिंतन व चर्चा उपरांत भूमि अधिग्रहण कानून पर जारी हुआ उदयपुर डिक्लेरेशन

### अंग्रेजी शासन के भूमि अधिग्रहण कानून को नकार केंद्र सरकार को भेजे 15 सूत्रीय सुझाव

### भूमि अधिग्रहण कानून की खामियों पर जताई चिंता, 12 राज्यों के किसान प्रतिनिधि हुये शामिल




देश भर में विकास के नाम पर सरकारों द्वारा किये जा रहे कृषि भूमि के अधिग्रहण से प्रभावित हो रहे गांव व किसान के हितों की चिंता न किये जाने के कारण देश का सबसे बड़ा किसान संगठन भारतीय किसान संघ चिंतित है। भूमि अधिग्रहण कानून की विसंगतियों पर चिंतन व चर्चा के लिये राजस्थान के उदयपुर स्थित डेयरी एवं खाद्य प्रोद्योगिकी महाविद्यालय में रविवार को किसान संघ का थिंक टैंक कहे जाने वाले भारतीय एग्रो इकानामिक रिसर्च सेंटर के बैनर तले दो दिवसीय अखिल भारतीय विद्वत संगोष्ठी आयोजित हुई। बीएईआरसी के अखिल भारतीय अध्यक्ष प्रमोद चौधरी ने जानकारी देते हुये बताया कि संगोष्ठी में अंग्रेजी शासन काल के भूमि अधिग्रहण कानून की विसंगतियों और किसान हितों की अनदेखी पर सेंटर ने उदयपुर में विस्तृत चर्चा की और केंद्र सरकार को 15 सूत्रीय सुझावों का मांग पत्र देने का निर्णय लिया गया।

## खबर एक नजर...

### टीन शेड एवं प्लेटफार्म के निर्माण कार्य का भूमि पूजन

खाचरौद। शासन की रइट 2 योजना अंतर्गत लगभग 30 लाख की लागत से टफ्फ्र सेंटर पर निर्मित होने वाले टीन शेड एवं प्लेटफार्म के निर्माण कार्य का भूमि पूजन नगर पालिका अध्यक्ष गोविन्द भरावा द्वारा किया गया। उक्त जानकारी देते हुए नगर पालिका अध्यक्ष भरावा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी रवि गुप्ता ने बताया कि रइट 2 योजना अंतर्गत निकाय के ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पूर्व से निर्मित टफ्फ्रसेंटर की क्षमता वृद्धि हेतु शासन से स्वीकृत निर्माण कार्य का भूमि पूजन कर कार्य का शुभारंभ किया गया। उक्त निर्माण कार्य के बाद नगर से एकत्रित होने वाला कचरा और अधिक मात्रा में पृथक्कीकरण किया जा सकेगा। जिससे नगर पालिका को स्वच्छता सर्वेक्षण में भी फायदा होगा।नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा कार्य गुणवत्तापूर्ण करने के निर्देश ठेकेदार को दिए गए। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष दिनेश ठन्ना, पार्षद प्रतिनिधि राजेन्द्र धाकड़, बाबू नागर, संतोष मेहता, नपा उपयंत्री बी एल पाटीदार आदि उपस्थित थे।

### सेवानिवृत्ति पर शिक्षक चांडक को समारोह पूर्वक विदाई दी

तराना। शासकीय माध्यमिक विद्यालय सिद्धिपुर निपानिया तराना के सहायक शिक्षक पुरुषोत्तम चांडक को समारोह पूर्वक विदाई दी गई विदाई समारोह का आयोजन महादेवखोरा देवस्थान पर विद्यालय परिवार द्वारा किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता संकुल प्राचार्य अशोक कुमार गहलोत ने की मुख्य अतिथि सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य दिग्विजय सिंह चौहान तथा विशेष अतिथि बी आर सी बजरंग सिंह तोमर एवं वक्ता ललित सोमानी थे इस अवसर पर परिवार के कन्हैया लाल गगरानी, अनिल जोशी, प्रवेश जोशी, भास्कर शर्मा,राजेश शर्मा विशाल मालवीय सुरेंद्र बंसल मित्र मंडल आदि थे। अतिथि परिचय आशीष उपाध्याय ने दिया शाल श्रीफल व स्मृति चिन्ह देकर चांडक को सम्मानित किया संचालन सुनील गाइड ने किया आभार अशोक कानड़ी ने माना कार्यक्रम के पश्चात बैंड बाजे के साथ शिक्षक चांडक को उनके निवास तक छोड़ा गया। जानकारी अशोक कानडी ने दी।

### विभिन्न ग्राम पंचायतो में वित्तीय अनियमितता की वसूली

**ब्यावरा-राजगढ़।** म.प्र.पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 89 एवं 92 अन्तर्गत न्यायालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजगढ़ में जनपद पचांयत जीरापुर की ग्राम पंचायत गोघटपुर का आंगनवाड़ी वसूली राशि 6 लाख रुपए, ग्राम पंचायत झाडमऊ का गौशाला एवं एप्रोच रोड़ राशि 10.38 लाख रुपए, ग्राम पंचायत तमोलिया सामुदायिक स्वच्छता परिसर राशि 3.25 लाख रुपए एवं जनपद पचांयत खिलचीपुर की ग्राम पंचायत अभयपुर का सामुदायिक भवन एवं सार्वजनिक कूप कुल राशि 2 लाख रुपए का वित्तीय अनियमितता की वसूली प्रकरण प्रचलित थे।

### पत्रकारों के सवालों से बचकर निकल गया विद्युत अधिकारी

# विभाग के अड़ियल रवैया को लेकर हंगामा स्मार्ट मीटर तोड़ने का आरोप निकला झूठा

ब्रह्मास्त्र ›› ब्यावरा

राजगढ़ जिले के ब्यावरा शहर में मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधिकृत ठेकेदार के द्वारा शहर के विभिन्न इलाकों में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। जिसको लेकर शहर के अधिकांश विद्युत उपभोक्ताओं में आज दूसरे दिन भी आक्रोशित होकर विद्युत मंडल के अड़ियल रवैया को लेकर हंगामा कर दिया, शहर के वार्ड क्रमांक 8, 9 एवं 10 शहीद कॉलोनी के आक्रोशित विद्युत उपभोक्ताओं ने बताया कि बगैर अनुमति के विद्युत विभाग और उनके द्वारा नियुक्त ठेकेदारों द्वारा उपभोक्ताओं से अभद्रतापूर्ण व्यवहार, दादागिरी एवं विद्युत कनेक्शन काटने की धमकी देते हुए पुराने विद्युत मीटर को निकाल कर





नए स्मार्ट मीटर लगा दिये, जबकि विद्युत उपभोक्ताओं का कहना है कि मीटर में ना तो किसी प्रकार की तकनीकी खराबी है और ना ही बिजली बिल बकाया है। फिर विद्युत विभाग द्वारा मीटर बदले जा रहे है, स्मार्ट मीटर के बारे में विस्तृत जानकारी मांगने और संबंधित आदेशों की कॉपी दिखाने पर विद्युत मंडल के अधिकारी उपभोक्ताओं के खिलाफ फर्जी व झूठी शिकायत करते हुए एफआईआर दर्ज करा रहे, पुलिस भी बिना तहकीकात किया मामला दर्ज कर रही वही ठेकेदार के खिलाफ महिला उपभोक्ताओं ने सिटी पुलिस थाने में शिकायत की तो पुलिस उसकी तहकीकात करेगी पुलिस ने ठेकेदार और अधिकारी के खिलाफ अभी तक मामला दर्ज नहीं किया मगर उपभोक्ता के खिलाफ एफआईआर जरूर दर्ज कर दी,

### 70 बच्चों ने लिया जे एस जी मैत्री द्वारा आयोजित दो दिवसीय प्रतियोगिता मे भाग



**खाचरोद।** जैन सोशल ग्रुप मैत्री खाचरोद द्वारा नवसृजन गतिविधियों के अंतर्गत दो दिवसीय प्रतियोगिता का किया आयोजन जिसमे लगभग 70 बच्चो ने बड़ चड़कर भाग लिया जिसमे प्रकतिक सौंदर्य एवं ऑपरेशन सिंदूर महत्वपूर्ण विषय रहा प्रथम दिवस -शांतिनाथ उपाश्रय मे आयोजन रखा जिसमें 22 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मूल्यांकन उपरांत प्रथम दिवस का परिणाम में- प्रथम -पहला मालक द्वितीय -जयति बोराणा तृतीय -सिद्धम नांदेचा एवं अनुराग बुपकया वही द्रीतीय दिवस -29 नवंबर, इंपीरियल इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित की गई, जिसमें 48 बच्चों ने भाग लिया। जिसके परिणाम– प्रथम -अईमन सैयद द्वितीय -हिमानी वरवानिया तृतीय -अनन्या किरनापुरे कुल प्रतियोगि एवं 70 सहभागी को भी प्रोत्साहन सभी बच्चों को रचनात्मकता के लिए प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए गए।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने ग्राम हडाई में सुना मन की बात का 128 वां एपिसोड

तनोडिया। भाजपा तनोडिया मंडल के ग्राम हडाई बूथ क्रमांक-217 पर रविवार को सुबह 11 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के 128 में एपिसोड का सामूहिक श्रवण किया गया। बूथ पर बडी एलईडी स्क्रीन लगाकर लाइव प्रसारण दिखाया गया, जिसमें बडी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं आमजन उपस्थित रहे। जिला मीडिया प्रभारी महेश शर्मा तनोडिया ने बताया कि प्रधानमंत्री ने नवंबर माह की अनेक प्रेरक घटनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि 26 नवंबर को संविधान दिवस पर संसद के सेंट्रल हॉल में विशेष कार्यक्रम हुआ। 25 नवंबर को अयोध्या में श्रीराम मंदिर पर धर्मध्वजा फहराई गई। उसी दिन कुरुक्षेत्र के ज्योतिसर में पचिजन्यस्या का लोकार्पण हुआ। खेल जगत में भारत में खेलों की मेजवानी का गौरव हासिल किया। प्रधानमंत्री ने की देकर कहा कि में उपलब्धियां किसी एक व्यक्ति या की नहीं, 140 करोड़ देशवासियों को सामुहिक शक्ति का परिणाम हैं। मन की बात' इन्हीं सामूहिक प्रयासों को जन जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है।

# लोकल फॉर वोकल की अलख जगाने 14 दिसंबर को शाजापुर पहुंचेगी स्वदेशी संकल्प रथ यात्रा

### कैट और स्वदेशी जागरण मंच की संयुक्त पहल पर राजराजेश्वरी माता मंदिर पर होगी नुक्कड़ सभा

ब्रह्मास्त्र ›› शाजापुर

देशभर में स्वदेशी वस्तुओं को बढ़ावा देने और विदेशी सामानों के बहिष्कार का संदेश लेकर भ्रमण कर रही स्वदेशी संकल्प रथ यात्रा आगामी 14 दिसंबर 2025 को शाजापुर जिले में प्रवेश करेगी। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) और स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस यात्रा का उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकल फॉर वोकल संकल्प को जनआंदोलन का रूप देना है। यात्रा के शाजापुर में आगमन को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। कैट और स्वदेशी जागरण मंच द्वारा यात्रा के स्वागत और राजराजेश्वरी माता मंदिर परिसर में नुक्कड़ सभा को लेकर सोमवार को बैठक आयोजित की गई। रथ 14 दिसंबर को शाजापुर जिले की सीमा कालापीपल तहसील से प्रवेश करेगा। यह रथ कालापीपल से शुरू होकर शुजालपुर, अकोदिया, बेरछा होते हुए शाम 4 बजे शाजापुर नगर पहुंचेगा जहां क्षेत्रीय विधायक अरुण भीमावत, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. रवि पांडे और कैट जिलाध्यक्ष संजय शिवहरे रथ की अगवानी करेंगे। रथ यात्रा का नगर भ्रमण टंकी चौराहा से शुरू होकर धोबी चौराहा, महूपुरा, चीलर नदी चौराहा, धान मंडी, किला रोड, छोटा चौक, बड़ा चौक और नई सड़क होते हुए राजराजेश्वरी माता मंदिर परिसर पहुंचेगा, जहां नुक्कड़ सभा का आयोजन होगा, जिसे विधायक अरुण भीमावत और अन्य वरिष्ठ नेता संबोधित करेंगे।

### एलईडी स्क्रीन बनेगी आकर्षण

रथ यात्रा के दौरान बड़ी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से जन-जागरूकता



के वीडियो और लघु प्रस्तुतियां दिखाई जाएंगी। साथ ही, स्वदेशी वस्तुओं से संबंधित विशेष सामग्री का वितरण भी किया जाएगा। रथ यात्रा के सफल आयोजन और कैट जिला पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह को लेकर रेस्ट हाउस में एक संयुक्त बैठक आयोजित की गई। इसमें कैट और स्वदेशी जागरण मंच के पदाधिकारियों ने रूपरेखा तैयार की। बैठक में प्रमुख रूप से योगेंद्र सिंह ठाकुर, ओमप्रकाश चौधरी, संजय शिवहरे, संजय जैन, जगदीश माहेश्वरी, परमानंद पाटीदार, रमेश चंद विश्वकर्मा, दिनेश पाटीदार, अभिषेक जैन, राहुल विश्वकर्मा, हिम्मत जायसवाल, कपिल गुर्जर, बंटी जैन, जय नरेलिया और अरुण शर्मा उपस्थित रहे। संगठन ने जिले के सभी व्यापारियों और आम नागरिकों से अपील की है कि वे 14 दिसंबर को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपना योगदान दें।

# घटिया निर्माण कार्यों में नगर परिषद सीएमओ और उपयंत्री निलंबित

ब्रह्मास्त्र ›› खिलचीपुर

नगर परिषद में घटिया निर्माण कार्यों की शिकायतों पर बड़ी कार्रवाई की गई है। जांच में अनियमितताएं पाए जाने के बाद गुरुवार को तत्कालीन मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सीएमओ) अशोक पांचाल और उपयंत्री अमृत बघेला को निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई कलेक्टर द्वारा गठित जांच दल की रिपोर्ट के आधार पर की गई।

कलेक्टर ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) खिलचीपुर, कार्यपालन यंत्री राजगढ़ और परियोजना




अधिकारी, जिला शहरी विकास अभिकरण को शामिल कर एक जांच दल का गठन किया था। इस दल ने 26 नवंबर 2024 को नगर परिषद कार्यालय का दौरा किया। जांच के दौरान, टीम ने 22 महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों से संबंधित फाइलें जब्त की और उन्हें राजगढ़ भेज दिया। इन कार्यों की गुणवत्ता पर कई महीनों से सवाल उठ रहे थे।

जांच दल की रिपोर्ट में सामने आया कि पिछले वर्षों में हुए कई निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं थे। इनमें गुणवत्ता की कमी, अपूर्ण कार्य और माप में अनियमितताएं पाई गईं। कलेक्टर की अनुशंसा पर दोनों अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया। निलंबन अवधि के दौरान अशोक पांचाल का मुख्यालय उज्जैन और अमृत बघेला का मुख्यालय भोपाल रहेगा।

**और भी फाइलें खोली जा सकती हैं**

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई केवल प्रारंभिक चरण है। नगर परिषद में पिछले वर्षों में हुए अन्य निर्माण कार्यों की भी विभिन्न स्तरों पर जांच जारी है। संभावना है कि आने वाले समय में और भी फाइलें खोली जा सकती हैं और अन्य जिम्मेदार अधिकारियों पर भी कार्रवाई हो सकती है। नगर परिषद में लंबे समय से उठ रहे सवालों और उपाध्यक्ष और जनप्रतिनिधियों की शिकायतों के बाद हुई इस कार्रवाई को नगर में पारदर्शिता और जवाबदेही की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### हनुमान अष्टमी पर 12 दिसम्बर को संकटमोचन मंदिर में अन्नकूट महोत्सव

**सुसनेर।** नगर के पुराना तहसील कार्यालय स्थित श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर में हनुमान अष्टमी के अवसर पर 12 दिसम्बर, गुरुवार को धार्मिक उल्लास के साथ भव्य अन्नकूट महोत्सव आयोजित किया जाएगा। तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए शनिवार रात मंदिर परिसर में समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें महाआरती के बाद सदस्यगणों ने आयोजन की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की और विभिन्न जिम्मेदारियां निर्धारित की गईं। समिति के सदस्यों ने अन्नकूट महोत्सव हेतु खाद्य सामग्री व राशि की घोषणा कर सहयोग प्रदान किया। दीपक सक्सेना व ललित पांडे ने बताया कि पिछले 13 वर्षों से हनुमान अष्टमी पर पारंपरिक अन्नकूट आयोजन निरंतर होता आ रहा है।

# कचरा गाडी से उतरते नहीं हेल्पर, गीला सूखा कचरा एक साथ हो रहा इकट्ठा

ब्रह्मास्त्र ›› सारंगपुर

नगर पालिका द्वारा शहर के सभी वार्डों से डोर टू डोर कचरा कलेक्शन और सूखा व गीला कचरा अलग-अलग लेने का दावा किया जा रहा है। लेकिन हकीकत यह है कि न तो नपा का कचरा वाहन गली-मोहल्ले में पहुंच रहा है और ना ही गीला व सूखा कचरा लोगों द्वारा अलग-अलग करके नगर पालिका के अमले को दिया जा रहा है। वहीं कचरा वाहन पर चलने वाले कर्मचारी भी गाडी में बैठकर ही आमजन में इशारे में कचरा डालने के लिए बोल रहे है। जिससे लोग गीला-सूखा कचरा अलग न देते हुए एक साथ ही दे रहे हैं। जब यह कचरा ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचता है तो वहां भी कचरे में आग लगा दिए जाने के बाद वाहन चालकों सहित रहवासियों को धुएं की दिक्कत का सामना करना पड रहा है।

बता दें कि स्वच्छता सर्वेक्षण के दौरान शहर में कचरा निष्पादन के लिए नगर निकाय द्वारा घर घर जाकर घंटी बजाओ अभियान चलाया गया था और गीला व सूखा कचरा अलग-अलग देने नपा कर्मचारियों से भी अलग-अलग कचरा लेने के लिए कहा गया था। लेकिन अब न तो जनता और ना ही नपा के कर्मचारी कचरा अलग-अलग ले रहे है, वह तो अब एक साथ ही कचरा ले रहे हैं। वही नगर के कई वार्डों में डोर टू-डोर कचरा कलेक्शन में लापरवाही की जा रही है। नागरिकों का कहना है कि कचरा गाडी से हेल्पर उतरते नहीं हैं। ड्राइवर के बाजू में बैठकर मोबाइल फोन चलाते रहते हैं।

उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों नपा अधिकारी ने शहर से कचरा कलेक्शन कर-के वार्डों में जाने वाले कचरा वाहनों की जांच की थी। जिसमें पता चला था कि कई गाडियां खाली जा रही है। जिसके बाद उन्होंने फटकार लगाई थी। सीएमओ ज्योति सुनहरे ने भी गाडियों में कचरा अलग-अलग नहीं मिलने पर ड्राइवर और हेल्परों को चेतावनी दी थी।

नगर सीमा क्षेत्र में जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हुए है। रविवार को भी उत्कृष्ट ग्राउंड, थाने के सामने, परशुराम चौराहे, अस्पताल रोड, आदर्श नगर सहित जगह जगह कचरा सडक पर फैल हुआ नजर आया। शहर के गली मोहल्ले में कचरा वाहन नहीं पहुंचने से लोगों को खासी परेशानी हो रही है।

शहर से रोजाना करीब 5 टन कचरा निकल रहा है। इसमें 50 प्रतिशत से अधिक प्लास्टिक होता है। नपा द्वारा कई बार कार्रवाई किए जाने के बाद भी शहर के हालात अब तक नहीं सुधरे।



## स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय की कार्यकारिणी की घोषणा

**सुसनेर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सुसनेर नगर इकाई द्वारा स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एबीवीपी सुसनेर भाग संयोजक गोविंद पाटीदार एवं नगर मंत्री चेतन शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गोविंद पाटीदार ने छात्रों के बीच संगठन की कार्यप्रणाली, छात्र हितों के लिए निरंतर किए जा रहे प्रयासों तथा युवाओं की भूमिका जैसे विषयों पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि एबीवीपी सदैव शिक्षा, राष्ट्र एवं समाज के उत्थान के लिए कार्यरत रहा है। घोषित नई कार्यकारिणी में प्रतीक शर्मा को कॉलेज अध्यक्ष, एवं कालू सिसोदिया को मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में एबीवीपी कार्यकर्ता एवं महाविद्यालय के छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला एसएफडी टोली सदस्य हनु सोनी ने किया एवं आभार नगर सहमंत्री रोहित चौहान ने माना।

## सरस्वती शिशु मंदिर में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का हुआ आयोजन

ब्रह्मास्त्र ›› महिदपुर रोड



नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में रविवार को सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन हुआ कार्यक्रम में मुख्य वक्ता रेणु बाला शर्मा (प्राचार्य सरस्वती विद्या मंदिर जावरा), विशेष अतिथि पूनम बहल (राष्ट्र सेविका समिति विभाग सेवा प्रमुख उज्जैन), रही अध्यक्षता संतश्री प्रभावती बाई (मानव सेवा उत्थान समिति उज्जैन) ने की विशिष्ट अतिथि संतश्री नमिता बाई जी मंचासीन रही आयोजन में बड़ी संख्या में माता बहिनों की उपस्थिति रही।

अतिथियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्व लन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया कार्यक्रम की प्रस्तावना कार्यक्रम संयोजिका ममता राठौर द्वारा नारी के विभिन्न रूपों लक्ष्मी सरस्वती का ली अन्नपूर्णा के संदर्भ में नारी को समाज की आधारशिला बताया मुख्य वक्ता रेणु बाला शर्मा ने कुटुंब प्रबोधन विषय पर अपने वक्तव्य में गीता में वर्णित नारी के सप्तगुण कीर्ति, श्री, वाक, स्मृति, मेधा, धृति, क्षमा गुण कि व्याख्या करते हुए कहा कि नारी समाज कि आधारशिला है प्राचीनकाल में नारी ने गुरु के पद को भी सुशोभित किया है वर्तमान में इन सात गुणों को जीवन में उतारकर नारी द्वारा समाज कि दशा एवं दिशा दोनों बदलकर एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण नारी द्वारा संभव है पंच परिवर्तन के माध्यम से समाज में नव चेतना का संचार संभव है। मातृभाषा से बच्चों की बौद्धिक क्षमता का विकास होता है।

पूनम बहल ने भारत के विकास में महिलाओं की भूमिका विषय पर अपने विचार रखते हुए नारियों के प्रेरणादायी कार्यो का उल्लेख किया एवं देवी अहिल्याबाई की न्याय प्रियता, रानी लक्ष्मीबाई के शौर्य एवं सावित्री बाई फुले के शिक्षा संघर्ष को सभी के समक्ष रखा।

## अभिषेक सिंह चौहान ने राष्ट्रीय मंच पर बजाया सफलता का सुर

**नागदा।** शहर के युवा संगीतकार अभिषेक सिंह चौहान ने राष्ट्रीय स्तर पर नागदा का मान बढ़ाते हुए प्रतिष्ठित आईएफपी (इंडियन फिल्म प्रोजेक्ट) 50-घंटे म्यूजिक चैलेंज 2025 में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। अभिषेक के द्वारा बनाए गए गीत ने प्रतियोगिता में शामिल 900 गीतों में से फोक फ्यूजन श्रेणी के टॉप 10 में स्थान प्राप्त कर नगर का गौरव बढ़ाया। आयोजित आईएफपी देश का सबसे बड़ा किएटिव फेस्टिवल माना जाता है, जहां संगीत, फिल्म, कला, डिजाइन और स्टोरीटेलिंग जैसे क्षेत्रों के हजारों प्रतिभागी



अपनी रचनात्मक क्षमता का परिचय देते हैं। इस चैलेंज में मात्र 50 घंटे में गीत-लेखन, संगीत-सृजन, गायन और मिक्स मास्टरिंग सहित एक पूर्ण गीत तैयार करना होता है। अभिषेक ने बताया कि उन्हें इस प्रतियोगिता की जानकारी इंस्टाग्राम के एक विज्ञापन के माध्यम से मिली, और नई चुनौती को स्वीकारते हुए उन्होंने अकेले ही गीत के सभी चरण पूरे किए। सीमित समय में तैयार किया गया उनका यह फोक फ्यूजन गीत जूरी को प्रभावित करने में सफल रहा।

## मतदाता गहन पुन निरीक्षण का कार्य 92 प्रतिशत तक पूर्ण

**खिलचीपुर।** पोलिंग बूथ क्रमांक 246 पर मतदाता गहन पुन निरीक्षण का कार्य 92% तक पूर्ण हो चुका है। जनप्रतिनिधि एवं बीएलओ घर-घर जाकर लोगों से संपर्क करके उनकी 2003 की जानकारी एकत्रित कर रहे हैं और साथ में फॉर्म जमा कर रहे हैं। वार्ड क्रमांक 14 भाजपा नेता प्रेम मालाकार ने बताया कि जिस किसी सज्जन या महिला को उनकी 2003 की जानकारी लेने में या अन्य किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही है हम उनकी पूरी सहायता कर रहे हैं। तथा महिला के मायके से संबंधित बीएलओ से दूरभाष पर संपर्क करके भी व्हाट्सएप के द्वारा जानकारी जुटाई जा रही है। वार्ड में लगभग हर गली में पहुंचकर मतदाता की 2003 की संपूर्ण जानकारी फार्म भरवा कर ली जा रही है। वार्ड क्रमांक 14 पोलिंग बूथ 246 के बीएलओ गोपाल मालाकार ने बताया कि हमारे द्वारा 92% तक कार्य पूर्ण कर लिया गया है। शेष कार्य को समय सीमा के अंदर जल्द ही पूर्ण किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि एसआईआर के काम को करने में बीएलओ के साथ-साथ जनप्रतिनिधि भी लगे हुए हैं।

## हाइवे से निकलती तेज रफ्तार बसों से हादसे का खतरा, कार्रवाई नहीं

**सारंगपुर।** पुराना नेशनल हाइवे 3 पर प्रतिदिन भारी यातायात दबाव बना रहता है। इस मार्ग से सैकडों बसें और भारी वाहन जैसे चार्टर्ड बसें, ट्रक, डंपर, ईंट ढोने वाले ट्रैक्टर वाहन और डीजल टैंकर, मुरम के डंपर अक्सर तेज रफ्तार में गुजरते हैं। निजी बसों की लापरवाह गति आम बात हो गई है। इसी लापरवाही के कारण इस मार्ग पर दुर्घटनाओं की संख्या लगातार बढ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सारंगपुर यातायात विभाग हाइवे पर चेकिंग अभियान नहीं चलाता है, उचित कार्रवाई करने के बजाय कई बार सिर्फ औपचारिकता पूरी कर दी जाती है। इससे सडक सुरक्षा पर गंभीर सवाल खडे हो रहे हैं।

## विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता रैली निकली



ब्रह्मास्त्र ›› मन्दसौर

विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय परिसर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम च्व्यवधान पर काबू पाना, एड्स प्रतिक्रिया में बदलाव लानाज्ञ रही। कलेक्टर अदिती गर्ग ने विशाल जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा माय रेड प्लेज-आओ मिलकर एक कमिटमेंट लें, एचआईवी/एड्स को दूर भगाएँ पर हस्ताक्षर किए।

कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने कहा कि एचआईवी/एड्स को लेकर समाज में फैले संकोच और भ्रांतियों को दूर करना होगा। उन्होंने कहा कि बीमारी को बीमारी की तरह ही लेना चाहिए। इसके प्रति जागरूकता और सही जानकारी ही सुरक्षा का सबसे बड़ा साधन है।

कार्यक्रम में डॉ. शशि गांधी (डीन) ने एचआईवी के चार प्रमुख कारणों, जांच प्रक्रिया, एचआईवी/एड्स एक्ट 2017 तथा जांच व परिणाम की गोपनीयता पर विस्तृत जानकारी दी।

सीएमएचओ डॉ. एस.जी. चौहान ने बताया कि इस वर्ष जिले में 117 पॉजिटिव केस दर्ज हुए हैं तथा वर्तमान में 2158 मरीज ए.आर.टी. उपचार प्राप्त कर रहे हैं। प्रदेश में ए.आर.टी. सेवाओं में मंदसौर जिले का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा है। उपचार के परिणाम भी प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ श्रेणी के हैं। कार्यक्रम में सुन्दरलाल पटवा मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा एचआईवी/एड्स रोकथाम पर आधारित प्रभावी नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। जागरूकता रैली जिला चिकित्सालय परिसर से प्रारंभ होकर गांधी चौराहा, बस स्टैंड होते हुए जिला प्रशिक्षण केंद्र आईपीपी-6 पर संपन्न हुई। प्रतिभागियों को 1097 हेल्पलाइन नंबर अंकित पेन एवं जागरूकता पम्पलेट वितरित किए गए।

## नगर परिषद ने लगाया शिकंजा, यातायात सुधार के लिए अतिक्रमण हटाने की तैयारी

ब्रह्मास्त्र ›› सुसनेर

नगर में बढ़ते अतिक्रमण की समस्या को लेकर नगर परिषद ने अब सख्त रुख अपनाया है। शासकीय भूमि और सार्वजनिक मार्गों पर लगातार हो रहे निर्माण और दुकानों के कब्जे को देखते हुए नगर परिषद ने कई स्थानों पर नोटिस जारी कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पिछले दिनों शासकीय भूमि पर चल रहे तीन निर्माण कार्यों को नोटिस देने के बाद निर्माण रोकने की कार्रवाई की गई थी। लेकिन इसके बावजूद नगरीय क्षेत्र में अतिक्रमण की समस्या कम नहीं हुई है।

नगर परिषद के मुख्य नगर परिषद सीएमओ ओपी नागर ने बताया कि नगर परिषद के कर्मचारियों द्वारा साई चौराहा से लेकर हाथी दरवाजा तक के क्षेत्र में दुकानदारों को नोटिस जारी किया जा रहा है। अब तक 30 से 40 दुकानदारों के नोटिस तैयार किए जा चुके हैं और आगे भी नोटिस जारी करने की प्रक्रिया लगातार जारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई नगर में यातायात और नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए की जा रही है। सीएमओ ने कहा नगर में बढ़ते अतिक्रमण से न केवल नागरिकों के आवागमन में कठिनाई हो रही थी बल्कि आपातकालीन परिस्थितियों में भी राहत कार्यों को प्रभावित कर सकता था। पहले ही दुकानदारों को कई बार समझाइश दी गई थी लेकिन सुधार न होने के कारण अब नोटिस जारी किए जा रहे हैं। नगर परिषद के कर्मचारियों ने साई चौराहा से हाथी दरवाजा तक दुकानदारों के स्टॉल, दुकानों और अन्य अतिक्रमण स्थल का विस्तृत सर्वेक्षण कर नोटिस तैयार किए हैं। नोटिसों में स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित समय सीमा के भीतर अतिक्रमण हटाना अनिवार्य है। अन्यथा नगर परिषद द्वारा कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। अधिकारियों ने यह भी बताया कि अतिक्रमण हटाने के लिए सोमवार से विशेष अभियान शुरू किया जाएगा।

## ब्राह्मण समाज द्वारा मासिक आरती एवं सम्मान समारोह संपन्न

**सारंगपुर।** एकजुटता के मोतियों से जडी दिव्यता का अनुपम दर्शन कराता हुआ सकल ब्राह्मण समाज सारंगपुर का मासिक आरती एवं सम्मान समारोह नगर के प्राचीन व विख्यात विठ्ठल मंदिर पंडितवाडी के पावन परिसर में अखंड भक्ति-भाव के साथ सम्पन्ना हुआ। मंदिर की गरिमामयी श्रृंगार फुलवारी में मंत्रोच्चार, घंटानाद एवं दीपशिखा की स्वर्णिम लपटों ने वातावरण को ऐसा पवित्र बना दिया मानो स्वयं देवताओं ने दिव्य लोक से अवतरित होकर आरती की अलौकिक ज्योति में अपने चरण रख दिए हों। पं पवन पारीक, पं बालकृष्ण शर्मा के सानिध्य में स्थापित देवी देवताओं सहित आराध्य देव भगवान परशुराम का पूजन अर्चन समाजजनों द्वारा सम्पन्न हुआ। समारोह का सर्वाधिक उत्कर्ष क्षण रहा समाज के गौरव-प्रतिम बालक पं प्रद्युम्न शर्मा का सम्मान किया गया। वही भारतीय सेना में अग्निवीर सैनिक के रूप में चयन होकर उन्होंने न केवल परिवार, अपितु सम्पूर्ण सारंगपुर व ब्राह्मण समाज का मस्तक गर्व से ऊँचा कर दिया।

समाज द्वारा उन्हें स्वस्ति तिलक लगाकर पुष्पमाला पहनाकर अंगवस्त्र भेट कर अभिनंदन किया। पूरा सभागार भारत माता की जय के उद्घोष से गूँज उठा, तब हृदय-नाभि से निकले गर्व-स्निग्ध भावों ने ऐसे स्पर्श किए मानो हर आत्मा राष्ट्रधर्म के लिए समर्पित हो। इसी क्रम में समाज के जनसेवी पं. सुशील व्यास को परशुराम कल्याण




## अवतार 3 के लिए जल्द शुरू होगी एडवांस बुकिंग

### भारत में 6 भाषाओं में रिलीज होगी फिल्म, देशभर के आईमैक्स में बनाए जाएंगे स्पेशल टिकट काउंटर

हॉलीवुड के फेमस डायरेक्टर जेम्स कैमरून की फिल्म 'अवतार फायर एंड ऐश' भारतीय बॉक्स पर धमाल मचाने के लिए तैयार है। अवतार फ्रेंचाइजी की नई फिल्म अवतार फायर एंड ऐश को रिलीज करने के लिए देश भर के आईमैक्स थियेटर में तैयारियां जोरों पर है।

ये फिल्म 19 दिसंबर को वर्ल्डवाइड रिलीज होने जा रही है। इसके एडवांस बुकिंग को लेकर नई जानकारी सामने आई है। आईमैक्स और डॉल्बी विजन के लिए 5 दिसंबर से फिल्म के लिए एडवांस बुकिंग शुरू हो जाएगी।

प्रोडक्शन कंपनी 20वीं सेंचुरी ने अपने इंस्टाग्राम पर इसकी जानकारी देते हुए बताया- 'इंतजार आखिरकार खत्म होने वाला है! @imaxindia पर अवतार: फायर एंड ऐश की एडवांस बुकिंग 5 दिसंबर से शुरू हो रही है।

आईमैक्स के बेहतर अनुभव के लिए पहले आए और सबसे अच्छी सीटें पाएं। #AvatarFireAndAsh 19 दिसंबर को सिनेमाघरों में अंग्रेजी, हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज हो रही है।'

ऑडियंस को लुभाने के लिए रिलीज से पहले देश के सभी आईमैक्स थियेटर में अवतार थीम वाले बॉक्स ऑफिस काउंटर बनाए जा रहे हैं। इन काउंटर पर दर्शक टिकट के साथ फोटो क्लिक करा पाएंगे। मूवी मर्चेंडाइज देख सकें और रिलीज से पहले अवतार फैनडम का हिस्सा बन सकें।

डायरेक्टर जेम्स कैमरून की फिल्म अवतार एक एक्शन फैंटेसी फिल्म है, जो साल 2009 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड बनाए और खूब कमाई की।



# अशनूर कौर पर भड़कीं काम्या पंजाबी

### तान्या को लकड़ी के पल्ले से मारा था, एक्ट्रेस बोलीं- अगर जानबूझकर किया, तो ये गलत है



बिग बॉस 19 कंटेस्टेंट अशनूर कौर हाल ही में टिकट टू फिनाले टास्क में वायलेंट हो गईं। उन्होंने टास्क में इस्तेमाल किया जा रहा लकड़ी का पल्ला तान्या मित्तल की तरफ फेंका, जिससे उन्हें चोट लग गई। वीडियो वायरल होने के बाद अशनूर के एविक्शन की डिमांड हुई थी, जिसके बाद अब शो की पूर्व कंटेस्टेंट काम्या पंजाबी ने भी अशनूर के बिहेवियर की आलोचना की है।

काम्या पंजाबी ने अपने आधिकारिक अकाउंट (पहले ट्विटर) पर लिखा है, हे भगवान, अगर ये अशनूर ने जानबूझकर किया था तो ये बिल्कुल गलत था। पूरे सीजन में उसने अच्छा खेला, अपनी क्लास और अपनी गरिमा बहुत अच्छे से बनाए रखी, लेकिन आखिर में आकर ऐसा करना बिल्कुल जरूरी नहीं था। चलो, सही-गलत, सच-झूठ, ये सब तो वीकेंड पर साफ हो ही जाएगा।





### क्या था पूरा विवाद?

बिग बॉस 19 का फिनाले 7 दिसंबर को होने वाला है। इससे पहले घर के मौजूदा 8 कंटेस्टेंट्स के बीच टिकट टू फिनाले टास्क हुआ था। एक टास्क में सभी घरवालों को पानी भरकर ट्रैक पार करना था, जबकि दूसरे घरवालों को पानी गिराने की कोशिश करना था। टास्क में अशनूर कौर लकड़ी के पल्ले से बंधे बर्तन में पानी ले जा रही थीं, तभी तान्या ने पानी गिरा दिया। इससे अशनूर भड़क गईं और उन्होंने जानबूझ कर पल्ला ऐसे फेंका, जिससे तान्या मित्तल के सिर पर जोरदार लगी। तान्या, अशनूर के बिहेवियर से शॉक रह गईं। आगे अशनूर ने ये जरूर कहा कि उन्होंने जानबूझ कर नहीं किया, हालांकि उनके एक्सप्रेशन से साफ जाहिर था कि उन्होंने ये जानबूझकर किया। शो से वीडियो सामने आने के बाद शो के कई फैंस ने अशनूर को शो से बाहर किए जाने की मांग भी की थी। हालांकि बिग बॉस ने कोई एक्शन नहीं लिया, जिसके बाद फैंस को वीकेंड का वार एपिसोड का इंतजार है।

### 7 दिसंबर को होगा शो का फिनाले

इस हफ्ते घर से बेघर होने के लिए सभी 8 कंटेस्टेंट्स नॉमिनेटेड हैं। इनमें से कोई एक कंटेस्टेंट इस वीकेंड का वार में एविक्ट किया जाएगा, जिसके बाद सभी 7 कंटेस्टेंट्स फिनाले में पहुंचेंगे। टिकट टू फिनाले टास्क जीतकर गौरव खन्ना ने फिनाले में जगह बना ली है।



## मां की वजह से खराब हुआ जया भट्टाचार्य का बचपन

### बोलीं- अपनी मां से सिर्फ गलत बातें सीखीं, पिटाई की वजह से मैं ढीठ बन गई

कभी टीवी की दुनिया का लोकप्रिय चेहरा रहीं एक्ट्रेस जया भट्टाचार्य अपने हालिया इंटरव्यू में अब्यूसिव चाइल्डहुड, पेरेंट्स के टॉक्सिक मैरिज, अपनी मां के साथ कड़वे रिश्ते पर खुलकर बात करते दिखीं। यूट्यूबर सिद्धार्थ कन्नन के पॉडकास्ट में जया ने अपनी लाइफ के हर एक पहलू पर बात की।

पेरेंट्स के टॉक्सिक रिश्ते और अब्यूसिव चाइल्डहुड के सवाल पर जया कहती हैं- 'उनकी आपस में बनती नहीं थी, और यह कलह बच्चे तक पहुंच गई। मेरी मां अपने परिवार में खुश नहीं थीं। उनके जो सपने थे, वो पूरे नहीं हुए। वो जो मुझे दे पाईं, वो कहीं ना कहीं अधूरा था। मैं डंडे से पीटी हूं। मैं बेलन से पीटी हूं। चिमटा, जूते, झाड़ू से पीटी हूं और सिर्फ पीटी हूं।'

वो आगे बताती हैं- 'मैं ढीठ थी। या मैं पिटाई की वजह से ऐसी बन गई थी। मैं भी कहती कि मर लो लेकिन मैं बात नहीं मानूंगी। इस चक्कर में मैंने अपना बहुत नुकसान किया है। मेरी मां जो भी कहती थी, मैं उसका उल्टा करती थी।' जया पॉडकास्ट में कहती हैं कि वो अपने पिता से खफा नहीं थीं। उन्हें सिर्फ अपनी मां से नाराजगी थी। उनकी मां उनकी टीचर थीं और उन्होंने उनसे वो सब सीखा, जो गलत था। जैसे अलगाववाद, लोगों के बारे में राय बनाना, लोगों की कद्र न करना और दूसरों के सामने अपने बच्चे का समर्थन न करना। इसी बातचीत में जया ने ये भी बताया कि वो कभी एक्टिंग की दुनिया में नहीं आना चाहती थीं। उन्होंने डांस और सिंगिंग की ट्रेनिंग ली थी लेकिन किस्मत ने उन्हें इंडस्ट्री में धकेला दिया।

जया याद करते हुए बताती हैं- 'जब मुझे एक टेलीफिल्म में काम करने का मौका मिला तो डायरेक्टर ने मेरे पिता से बात की और पहले मुझे महिला की भूमिका में डांस कराया और फिर मेल पार्ट निभाने को भी कहा।' हालांकि, वो ये रोल नहीं करना चाहती थीं लेकिन उनके पिता उन्हें जबरदस्ती शूट के लिए ले गए। जया की काम की बात करें तो उन्होंने टीवी के अलावा कई बड़ी फिल्में की हैं। वो सिर्फ तुम, फिजा, देवदास, लज्जा के अलावा कई फिल्मों का हिस्सा रही हैं। वहीं, टीवी पर दर्जनों सीरियल्स में काम किया, जिनमें कसम से, केसर, क्योंकि सास भी कभी बहू थी, झांसी की रानी, मधुबाला एक इश्क एक जुनून, थपकी प्यार की प्रमुख नाम हैं।

# आखिरी दिनों में बेहद दर्द में थे धर्मेंद्र: हेमा मालिनी बोलीं- काश मैं उनके साथ होती



**जल्दबाजी में हुए अंतिम संस्कार पर भी दिया रिएक्शन**

24 नवंबर को बॉलीवुड के चहेते सुपरस्टार में से एक धर्मेंद्र ने दुनिया को अलविदा कह दिया। उम्र संबंधी बीमारियों की वजह से एक्टर का निधन हुआ और आनन-फानन में उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया था। इसे लेकर फैंस के मन में कई सवाल थे और उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए अपनी नाराजगी भी जाहिर की थी।

अब यूएई के फिल्ममेकर हमद अल रियामी ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में एक्टर के आखिरी समय और अंतिम संस्कार को लेकर अरेबिक भाषा में लंबा चौड़ा पोस्ट लिखा है।

दरअसल, हमद ने 30 सितंबर को धर्मेंद्र से उनके जुहू स्थित आवास पर आखिरी बार मुलाकात की थी। और उनके निधन के तीन दिन बाद हेमा मालिनी से मिलने गए थे। हेमा ने हमद से एक्टर के आखिरी दिनों के बारे में बात करते हुए उसे काफी दर्दनाक बताया था।

वो लिखते हैं- शोक संवेदना के तीसरे दिन, मैं दिवंगत सुपरस्टार धर्मेंद्र की पत्नी दिग्गज अभिनेत्री हेमा मालिनी से मिलने गया। यह मेरी उनसे पहली बार आमने-सामने मुलाकात थी। हालांकि मैं उन्हें पहले भी कई मौकों पर दूर से देख चुका हूं। लेकिन इस बार कुछ अलग था।

एक मार्मिक, दिल पर भारी, ऐसा जो कितनी भी कोशिश कर लो, अंदर तक उतरता नहीं। मैं उनके साथ बैठा और मैं उनके चेहरे पर पीड़ा का भाव देख सकता था, जिसे वो छुपाने की बहुत कोशिश कर रही थीं।

हमद ने आगे लिखा- 'उन्होंने मुझसे कांपती हुई आवाज में कहा, काश मैं फार्महाउस पर उनके साथ होती, जहां दो महीने पहले मैं उनसे मिली थी। काश मैं उन्हें वहां देख पाती।' हमद लिखते हैं कि हेमा ने उन्हें बताया कि धर्मेंद्र खूबसूरत कविताएं लिखते थे। उन्होंने मुझे बताया- हमें उनसे हमेशा कहती थीं कि वो अपनी सुंदर कविताएं और रचनाएं पब्लिश क्यों नहीं करते? और वो जवाब देते- 'अभी नहींपहले मुझे कुछ कविताएं पूरी करने दो। लेकिन वक्त ने उन्हें मौका नहीं दिया और वो चले गए।

वो आगे लिखते है कि फिर हेमा ने उनसे थोड़ी कड़वाहट से कहा- 'अब अजनबी आएंगे, वे इसके बारे में लिखेंगे। वे किताबें लिखेंगे, जबकि उनके शब्द कभी सामने नहीं आ पाएंगे।' फिर हेमा ने अंतिम संस्कार के बारे में बात करते हुए गहरे दुख के साथ कहा कि उन्हें अफसोस है कि धर्मेंद्र के फैंस को उन्हें आखिरी बार देखने का मौका नहीं मिला। हेमा ने कहा- धर्मेंद्र ने पूरी जिंदगी नहीं चाहा कि कोई उन्हें कमजोर या बीमार हालत में देखे। वो अपना दर्द सबसे छुपा लेते थे। यहां तक कि अपने सबसे करीबियों से भी। इंसान के जाने के बाद... फैसला परिवार पर ही निर्भर करता है।

हमद लिखते हैं कि ये सारी बातें सुनकर मैं थोड़ी देर बैठा और मैंने हेमा मालिनी के आंसू पोंछें। तब हेमा ने उनसे साफ कहा- 'लेकिन जो हुआ वो ठीक ही था क्योंकि हमद तुम उन्हें इस हालत में नहीं देख सकते थे। उनके आखिरी दिन बहुत ही क्रूर और दर्दनाक थे। हम खुद भी उन्हें इस हालत में देखना मुश्किल से बर्दाश्त कर पा रहे थे।'

हमद लिखते हैं कि हेमा के शब्द तीर की तरह लगे, जो कि दर्दनाक और सच्चे थे। मैंने बातचीत खत्म करते हुए उनसे कहा, जो भी हो...मेरी मोहब्बत उनके लिए कभी नहीं बदलेगी। न ही उनका मेरी जिंदगी से कभी कम होगा।

जब मैं जाने लगा, तब मैंने हेमा जी झिझकते हुए पूछा कि क्या मैं उनके साथ एक फोटो ले सकता हूं क्योंकि मेरे पास कभी भी उनके साथ की कोई तस्वीर नहीं है। हेमा ने धर्मेंद्र की तरह बहुत जिंदादिली से उनके साथ फोटो खिंचवाई।

## ओल्मो के दो और यामाल ने एक गोल किया, बार्सिलोना पॉइंट टेबल में टॉप पर

# ला लीगा में बार्सिलोना ने अलावेस को 3-1 से हराया




ब्रह्मास्त्र ›› दुबई

कैंप नोउ के स्टेडियम में खेले गए मैच में दानी ओल्मो ने दो गोल किए, जबकि लैमिन यामाल ने टीम के लिए एक गोल दागा। मैच की शुरूआत में अलावेस ने पहले ही मिनट में बढ़त बना ली थी।

पहले हाफ में तीन गोल मुकाबले की शुरूआत बार्सिलोना के लिए हैरान करने वाली रही। पहले ही मिनट में मार्क कासाडो की गलत क्लियरेंस का फायदा उठाकर विक्टर पराडा की पास पर पाब्लो इबानेज ने गोल कर दिया और अलावेस को 1-0 की बढ़त दिला दी।इसके बाद बार्सिलोना ने तेजी से वापसी की और रफीन्हा के क्रॉस पर यामाल ने बराबरी का गोल किया।

हाफ टाइम से पहले दानी ओल्मो ने रफीन्हा की ही सहायता पर गेंद को नेट में पहुंचाकर टीम को बढ़त दिलाई।

दूसरे हाफ में बार्सिलोना की ओर से एक गोल दूसरे हाफ में यामाल ने एक बार फिर मौका बनाया, लेकिन उनका शॉट पोस्ट से टकरा गया। अलावेस के लुकास बोये ने भी बराबरी का मौका गंवाया, जिसे पाउ कुबर्सी ने शानदार ब्लॉक से रोक दिया। स्टेडियम में मौजूद करीब 45,000 दर्शकों ने पेड्री के दूसरे हाफ में लौटने पर जोरदार स्वागत किया। मैच के अंतिम क्षणों में यामाल की पासिंग से ओल्मो ने अपना दूसरा और टीम का तीसरा गोल दागकर जीत पक्की की। मैच के बाद ओल्मो ने कहा, पहले मिनट में हम चौंके, लेकिन पूरी टीम ने शानदार वापसी की।' रफीन्हा चोट के बाद पहली बार प्लेइंग इलेवन में शामिल थे फ्रेंकी डी जोंग और रोनाल्ड अराउजो चोट के कारण उपलब्ध नहीं थे, जबकि चेल्सी के खिलाफ आत्मघाती गोल करने वाले जूल्स कुंडे को बेंच पर रखा गया।

## अभिषेक शर्मा की 12 गेंद में फिफ्टी, 32 में शतक

### टी-20 का तीसरा सबसे तेज अर्धशतक, सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 16 छक्के लगाए

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली




अभिषेक शर्मा ने रविवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 148 रन की पारी खेलकर कई रिकॉर्ड तोड़ डाले। पंजाब के कप्तान ने बंगाल के खिलाफ 12 गेंद में फिफ्टी और 32 गेंद में सेंचुरी पूरी की। उन्होंने इस पारी में 16 छक्के लगाए। यह मेंस टी-20 क्रिकेट में तीसरा सबसे तेज अर्धशतक है और भारतीय खिलाड़ियों में दूसरा सबसे तेज भी है। अभिषेक ने 425.00 की स्ट्राइक रेट से 12 गेंद में 5 चौके और 5 छक्के लगाकर फिफ्टी पूरी की। इसके बाद उन्होंने 7 चौके और 11 छक्के की मदद से 32 बॉल पर शतक पूरा किया। अभिषेक 52 बॉल पर 8 चौके और 16 छक्के की मदद से 148 रन बनाकर आउट हुए।

अभिषेक ने प्रभसिमरन सिंह के साथ 205 की पार्टनरशिप की। उनकी इस पारी के दम पर पंजाब ने 20 ओवरों में 5 विकेट खोकर 310 रन बोर्ड पर लगा दिए। यह मैच हैदराबाद में खेला गया।

प्रभसिमरन सिंह ने 70 रन बनाए पंजाब के लिए प्रभसिमरन सिंह ने 70 रन बनाए। रमनदीप सिंह ने 15 बॉल पर 4 छक्के और 2 चौकों की मदद से 39 रन बनाए। सनवरी सिंह ने 8 बॉल पर 2 चौके और 2 छक्के लगाकर 22 रन बनाए ।

दिपेंद्र सिंह के नाम सबसे तेज टी-20 फिफ्टी मेंस टी-20 में सबसे तेज अर्धशतक का रिकॉर्ड नेपाल के दिपेंद्र सिंह ऐरी (9 बॉल) के नाम है। उन्होंने यह रिकॉर्ड सितंबर 2023 में हांगझो एशियन गेम्स के दौरान मंगोलिया के खिलाफ बनाया था। भारत के अशुतोष शर्मा इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर हैं, जिन्होंने 2023-24 सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ 11 गेंदों में अर्धशतक लगाया था।

युवराज के क्लब में शामिल हुए अभिषेक 12 बॉल पर फिफ्टी लगा कर युवराज सिंह के एलीट क्लब में शामिल हो गए हैं। युवराज ने साल 2007 टी-20 वर्ल्ड कप में इंग्लैंड के खिलाफ 12 गेंदों में फिफ्टी पूरी की थी। हालांकि, अभिषेक ने यह कारनामा घरेलू टूर्नामेंट में किया है। युवराज ने इंटरनेशनल मैच में रिकॉर्ड बनाया था।

**दोनों टीमों की प्लेइंग-11 पंजाबः** अभिषेक शर्मा (कप्तान), प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), अनमोलप्रीत सिंह, नेहाल वढेरा, सनवीर सिंह, नमन धीर, रमनदीप सिंह, गुरनूर बराड़, मयंक मारकंडे, हरप्रीत बराड़, अश्वनी कुमार।

**बंगालः** अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), करण लाल, शाकिर हबीब गांधी, सुदीप कुमार घरामी, शाहबाज अहमद, रितिक चटर्जी, प्रदीप्त प्रमाणिक, सक्षम चौधरी, मोहम्मद शमी, आकाश दीप।

## इंटर मियामी पहली बार एमएलएस के फाइनल में पहुंचा



### न्यूयॉर्क सिटी को 5-1 से हराया; कार्लोस अल्काराज मैच देखने स्टेडियम पहुंचे

ब्रह्मास्त्र ›› न्यूयॉर्क

इंटर मियामी ने पहली बार मेजर लीग सॉकर कप के फाइनल में जगह बना ली। लियोनेल मेसी की कप्तानी में टीम ने ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस फाइनल में न्यूयॉर्क सिटी एफसी को 5-1 से हरा कर खिताब जीता। टीम इस जीत के साथ ही एमएलएस के फाइनल में जगह बना ली।

ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस फाइनल के इस मुकाबले में तदेओ अलेंदे ने शानदार हैट्रिक लगाई, जबकि मातेओ सिल्वेत्ती और टेलास्को सेगोविया ने एक-एक गोल दागा। वर्ल्ड नंबर-1 टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज भी ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस का फाइनल मुकाबला देखने स्टेडियम पहुंचे। मेसी के सबसे ज्यादा असिस्ट इंटर मियामी की इस जीत में मेसी के हमवतन और अर्जेंटीना टीम के साथी तादेओ अलेंदे का सबसे बड़ा योगदान रहा। अलेंदे बेहतरीन फॉर्म में दिखे और उन्होंने शानदार हैट्रिक लगाकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। आठ बार के बैलन डी ओर विजेता मेसी ने भी इस मुकाबले में एक उपलब्धि हासिल की। मेसी के क्लब और नेशनल टीम को मिलाकर अब कुल 405 असिस्ट हो गए हैं, जो फुटबॉल के इतिहास में किसी भी खिलाड़ी द्वारा किए गए सबसे ज्यादा असिस्ट हैं। एलए गैलेक्सी सबसे सफल टीम एमएलएस की सबसे सफल टीम छअ गैलेक्सी है, जिसने 2024 तक रिकॉर्ड छह एमएलएस कप खिताब जीते हैं। चार खिताब के साथ डीसी यूनाइटेड के साथ दूसरे नंबर पर है।

# आंद्रे रसेल ने आईपीएल से संन्यास लिया

### केकेआर के सपोर्ट स्टाफ से जुड़े, 11 साल तक टीम के लिए खेले




ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

आंद्रे रसेल ने आईपीएल से रिटायरमेंट का ऐलान कर दिया है। इसी के साथ 37 साल के रसेल का बतौर खिलाड़ी केकेआर के साथ 11 साल का रिश्ता खत्म हो गया। आईपीएल 2026 ऑक्शन से पहले कोलकाता नाइट राइडर्स ने रसेल को रिलीज कर दिया था। इस फ्रेंचाइजी से वह 2014 में जुड़े रहे। रसेल ने केकेआर के लिए 133 मैच खेले। उन्होंने 2014 और 2024 में केकेआर को खिताब दिलाने में बड़ी भूमिका निभाई।

रसेल ने दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलकर अपने आईपीएल करियर की शुरूआत की थी। उन्होंने 2012 और 2013 में दिल्ली के लिए खेले, 2014 में वे ङङफ में शामिल हुए और तब से इस टीम के खास मेंबर बन गए।

रसेल ने आईपीएल से रिटायरमेंट का ऐलान करते हुए एक वीडियो शेयर किया, जिसमें बताया कि वह आईपीएल 2026 में केकेआर में बतौर पावर कोच की भूमिका में नजर आएंगे।

केकेआर ने रसेल को पिछले मेगा ऑक्शन से पहले 12 करोड़ रुपए में रिटेन किया गया था, लेकिन आईपीएल 2025 में खराब प्रदर्शन के बाद केकेआर ने उन्हें इस साल रिलीज कर दिया था। उन्होंने आईपीएल 2025 में 13 पारियों में सिर्फ 167 रन बनाए और आठ विकेट लिए थे। नया चैप्टर, नई एनर्जी- रसेल आंद्रे रसेल ने लिखा, आईपीएल से संन्यास ले रहा हूं, लेकिन स्वैग नहीं छोड़ रहा। आईपीएल करियर शानदार रहा, 12 सीजनों की यादें, और केकेआर परिवार से मिला ढेर सारा प्यार। मैं दुनिया की अन्य क्रिकेट लीग में छक्के मारता रहूंगा और विकेट लेता रहूंगा। रसेल ने आगे लिखा, और सबसे अच्छी बात क्या है? कि मैं घर नहीं छोड़ रहा हूं। आप मुझे एक नए रोल में देखेंगे, केकेआर के सपोर्ट स्टाफ में 2026 के पावर कोच के तौर पर। नया चैप्टर, नई एनर्जी। हमेशा नाइट के लिए।

## हिमाचल को हॉकी की मास्टर्स नेशनल चैंपियनशिप की मेजबानी



ब्रह्मास्त्र ›› धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश को हॉकी की प्रतिष्ठित प्रतियोगिता, मास्टर्स नेशनल चैंपियनशिप की मेजबानी मिली है। यह आयोजन ऊना जिले में होगा, जिसे राज्य के हॉकी के इतिहास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। ऊना के विधायक, सतपाल सिंह सत्ती को इस राष्ट्रीय स्तर के आयोजन की मेजबानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

हॉकी हिमाचल के अध्यक्ष, रणवीर सिंह निक्का ने धर्मशाला में एक प्रेसवार्ता में इसकी आधिकारिक घोषणा की। निक्का ने बताया कि धर्मशाला में हुई एनुअल जनरल मीटिंग में प्रदेश में हॉकी के गिरते रुझान और युवाओं को इस खेल से जोड़ने पर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने स्वीकार किया कि हिमाचल के युवाओं में प्रतिभा की कमी नहीं है, लेकिन उपयुक्त मंच और सुविधाओं का अभाव एक बड़ी बाधा है।

सुविधाओं की कमी के कारण कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी दूसरे राज्यों का रुख करने को मजबूर हैं। इन कमियों को दूर करने के लिए हॉकी हिमाचल ने प्रदेश स्तर पर महिला और पुरुष दोनों श्रेणियों में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन करने का फैसला किया है। इस पहल की शुरूआत जिला कांगड़ा के नूरपुर से की जाएगी।

**लोन... लोन... लोन...**
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154

**आवश्यकता है**
कक्षा प्राइमरी व मिडिल (इंग्लिश मिडियम )के लिए। शिक्षक - शिक्षिकाओं की।
आवश्यकता
विशेष इंग्लिश स्पोकन एवं इंग्लिश मिडियम एवं काउंसलिंग वाले को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार।
अल्मा इंटरनेशनल स्कूल तराना
मो:9893648687

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉन्वेंट मिडिल स्कूल भैरवगढ मे अंग्रेजी माध्यम में कक्षा नर्सरी से 8वी तक अध्यापन हेतु शिक्षक / शिक्षिकाओ की आवश्यकता है। B.ED / D.AD/DEID को प्राथमिकता ऑफिस कार्य हेतु बाई की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार
सम्पर्कः राजेश राव सर
Mo No. 9977588698

**फार्म हाउस**
मात्र 99 रुपये sqfit में फार्मलैंड
साईज 36x100 बकरी, खरगोश पालन, दूध डेरी, सब्जी की खेती, आश्रम के लिए अति उत्तम। इंदौर से मात्र 110km, उज्जैन-आगर रोड से 5 मिनट दूरी पर
9669777899

**आवश्यकता**
मे. प्रथम इन्टरप्राईजेस लुबरिकेन्ट ऑयल मार्केटिंग
सेल्समेन- पद 5 (सैलरी 5 अंकों में)
पता- चिमनगंज मण्डी, हीरो शोरुम, HDFC बैंक के सामने, आगर रोड, उज्जैन (म.प्र.)
CONTACT: 8225022548

**खरीदना है**
मकान या प्लांट पीपलीनाका, जयसिंहपुरा, गऊघाट में साइज 20 बाय 40 या 20 बाय 50 मकान प्लाट दक्षिण मुखी नहीं होना चाहिए मकान के आगे थोड़ा रोड फोर विलय गाड़ी पार्किंग हो सके मकान प्लाट की रजिस्ट्री होना प्लाट मालिक के नाम चाहिए
पंडित रामनारायण शर्मा: 999 3 154947
व्हाट्सएप नंबर: 8959513547

अब आपके इंदौर शहर में... सप्ताह में दिन... सोमवार बुधवार शुक्रवार
**श्री गोपाल हाड़ वैद्य**
हड्डी रोग दवाखाना उज्जैन वाले
समय दोप. 12:30 से शाम 7 बजे तक
मो. 7000813235
चोंट | मोच | फैक्चर विशेषज्ञ
पता- जवाहर मार्ग 11/5 निहालपुरा गुरुद्वारा के सामने वाली पट्टी लक्ष्मी मेडिकल हाल के पीछे निहालपुरा, इन्दौर

**भूमि बेचना है**
ग्राम मेंढिया तक्षशीला स्कूल के पास इन्दौर रोड़ से अन्दर की ओर पौने चार बीघा भूमि का विक्रय करना है एवं ग्राम चन्दूखेड़ी में बड़नगर रोड़ सिक्स लैन पर साढ़े तीन बीघा भूमि का विक्रय करना है। भूमि क्रय करने के इच्छुक व्यक्ति ही सम्पर्क करें।
सम्पर्क सूत्र मो. नं- 7999080798, 7999512383, 7987874500

**बेचना है**
दो मंजिला स्वतंत्र बंगला कॉर्नर प्लाट
नवलखा चौराहे के पास, मंगलमूर्ति धाम में 911 स्के. फीट प्लाट पर 1650 स्क्वेयर फीट निर्माण
3BHK+2 कार पार्किंग, उत्तर-पूर्व मुखी
9893681399

**किराए से देना है**
1 BHK ke 2 फ्लैट
एक फ्लैट में 2 रुम, 2 लेटबाथ, 1 किचन, एक और फ्लैट में भी सेम यही।
पताः 40 घी मंडी सखीपुरा उज्जैन, (न्यू गीता रोडलाइंस के ऊपर)
मोबाइल: 9425056656 9111175000

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

### यूपीआई से नवंबर में

## 24.58 लाख करोड़ रुपये के 19 अरब से अधिक हुए लेनदेन



ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के मुताबिक, 28 नवंबर तक यूपीआई से 24.58 लाख करोड़ रुपये मूल्य के 19 अरब से अधिक लेनदेन हुए। पिछले वर्ष की इसी अवधि में 21.55 लाख करोड़ रुपये मूल्य के 15.48 अरब लेनदेन दर्ज किए गए थे।

यूपीआई से लेनदेन की रफ्तार जारी है। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के मुताबिक, 28 नवंबर तक यूपीआई से 24.58 लाख करोड़ रुपये मूल्य के 19 अरब से अधिक लेनदेन हुए। पिछले वर्ष की इसी अवधि में 21.55 लाख करोड़ रुपये मूल्य के 15.48 अरब लेनदेन दर्ज किए गए थे।

आंकड़ों के मुताबिक, इस साल नवंबर में यूपीआई लेनदेन की संख्या 2024 के समान माह की तुलना में लगभग 23 प्रतिशत बढ़ी। इस दौरान लेनदेन मूल्य में 14 प्रतिशत की वृद्धि हुई। नवंबर 2023 की तुलना में यह वृद्धि 70 प्रतिशत और 41 प्रतिशत से भी अधिक रही। एनपीसीआई के आंकड़े पिछले पांच वर्षों में लगातार वृद्धि दशार्ते हैं। नवंबर 2021 में, यूपीआई से 7.68 लाख करोड़ के केवल 4.18 अरब लेनदेन हुए। नवंबर, 2022 तक यह संख्या लगभग दोगुनी हो गई। पांच वर्षों का रुझान इस परिवर्तन की स्पष्ट तस्वीर प्रस्तुत करता है। 2021 से 2025 तक यूपीआई के लेनदेन की संख्या चार गुना से अधिक बढ़ गई है। कुल मूल्य तीन गुना से अधिक बढ़ गया है। यह उल्लेखनीय वृद्धि डिजिटल भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र की रीढ़ के रूप में इस प्लेटफॉर्म की भूमिका को रेखांकित करती है। 2025-26 में अब तक यूपीआई ने 12.41 अरब लेनदेन पूरे किए हैं।

### आरबीआई चला रहा विशेष अभियान; अब आसानी से कर पाएंगे क्लेम

# बैंकों में भूला हुआ पैसा वापस लेने का मौका

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

क्या आपको पता है, बैंकों में 67,000 करोड़ रुपये (जून, 2025 तक) लावारिस (अनक्लेम्ड) पड़े हैं? यह आपकी और हमारी ही वह भूली हुई संपत्ति है, जिसे कई सारे लोग बैंक खातों में रखकर भूल गए, या उनके नॉमिनी इन खातों से अनजान हैं। कई मामलों में पुराने बैंक खाते के विवरण, दस्तावेज या जागरूकता के अभाव में, परिवार इस बेकार पड़ी राशि तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। अगर आपका या आपके परिवार के किसी सदस्य का कोई बैंक खाता 10 वर्षों से अधिक समय से निष्क्रिय है, तो उसमें मौजूद धनराशि को अब आप आसानी से वापस पा सकते हैं और इसमें आपकी मदद करेगा खुद आरबीआई।

**अनक्लेम्ड राशि बढ़ने की क्या है वजह-** अनक्लेम्ड राशि बढ़ने की सबसे बड़ी वजह है भारतीय परिवारों में वित्तीय संवाद न होना। कई बार लोग निवेश तो कर लेते हैं, लेकिन परिवार को इसकी जानकारी नहीं देते। जानकारी के अभाव में मुख्य निवेशकर्ता की अनुपस्थिति में संपत्ति वर्षों तक बिना दावे के पड़ी रहती है।

**अब फ्हक चला रहा है विशेष अभियान-** आरबीआई 31 दिसंबर तक विशेष सहायता कैंप का आयोजन कर रहा है। इनका उद्देश्य भूले हुए पैसों को सही हाथों में पहुंचाना, क्लेम प्रक्रिया को आसान बनाना और पूरे देश में वित्तीय साक्षरता को मजबूत करना है। कैंप में ग्राहकों को क्लेम फॉर्म भरने में मदद, दस्तावेजों की जांच, नॉमिनी प्रक्रिया, फॉलो-अप सपोर्ट जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे भूला हुआ पैसा प्राप्त करना और आसान हो जाएगा।

**निष्क्रिय खाता क्या होता है-** अगर किसी बचत या करंट अकाउंट में दो साल से कोई लेन-देन (जमा, निकासी, ट्रांसफर या केवायसी अपडेट) नहीं हुआ है, तो वह निष्क्रिय खाता कहलाता है। ऐसे खातों में पैसे तो सुरक्षित रहते हैं, लेकिन कई सेवाएं बंद हो जाती हैं। ग्राहक के केवायसी अपडेट करने या ट्रांजेक्शन करने पर यह फिर से सक्रिय हो जाते हैं। अगर खाता 10 साल तक भी इस्तेमाल नहीं होता, तो उस खाते में मौजूद रकम (ब्याज सहित) आरबीआई के जमाकर्ता शिक्षा और जागरूकता फंड में ट्रांसफर कर दी जाती है।

क्या आप अपने पैसे वापस पा सकते हैं? हां, बैंक ग्राहक या उनके कानूनी वारिस किसी भी समय अपने पैसे वापस ले सकते हैं। इसके लिए कोई समयसीमा नहीं है।




### पैसे वापस पाने के लिए आपको करना होगा:

- अपने बैंक की किसी भी शाखा में जाएं।
- केवायसी दस्तावेज (आधार, पासपोर्ट, मतदाता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस आदि) प्रस्तुत करें।
- क्लेम फॉर्म भरें और नॉमिनी या कानूनी उत्तराधिकारी दस्तावेज जमा करें।
- अपना पैसा (ब्याज सहित, यदि लागू हो) वापस पाएं।
- इसके अलावा, आरबीआई अक्टूबर से दिसंबर के बीच विशेष कैंप भी आयोजित कर रहा है, जहां आप प्रक्रिया की जानकारी लेकर अपनी रकम का दावा कर सकते हैं।

### कैसे चेक करें कि आपके पास कोई अनक्लेम्ड पैसा है या नहीं?

- आरबीआई ने अनक्लेम्ड जमा खोजने के लिए एक खास पोर्टल यूडीजीएएम बनाया है। इसकी मदद से बैंकों में जमा लावारिस राशि के बारे में पता लगाया जा सकता है:
- सबसे पहले udgam.rbi.org.in पर जाएं।
- मोबाइल नंबर या आधार ओटीपी से रजिस्टर करें।
- नाम, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर, अन्य विवरण भरें।
- पोर्टल विभिन्न बैंकों में आपके नाम से जुड़े निष्क्रिय खाते, एफडी, आरडी, सेविंग/करंट अकाउंट या अन्य जमाओं को दिखाता है।
- अगर आपके नाम से कोई अनक्लेम्ड पैसा है, तो बैंक का नाम और यूडीआरएन दिखेगा।
- फिलहाल 30 बैंक इस पोर्टल से जुड़े हुए हैं, जिनमें आरबीआई, एचडीएफसी, आईसीआईसीआई जैसे प्रमुख बैंक शामिल हैं। ये बैंक करीब 90 फीसदी अनक्लेम्ड डिपॉजिट्स को कवर करते हैं।

### आपके बाद परिवार न हो परेशान इसलिए उठाएं ये कदम

- सभी बैंक खातों, पीपीएफ, म्यूचुअल फंड और बीमा पॉलिसियों की एक लिखित सूची बनाएं।
- इस सूची के बारे में परिवार के सभी प्रमुख सदस्यों को बताएं।
- नॉमिनी की जानकारी हर खाते में अपडेट रखें।
- बैंक या निवेश में बदलाव होने पर परिवार के प्रमुख सदस्यों को इसकी जानकारी दें।
- दस्तावेज को सुरक्षित और आसानी से उपलब्ध स्थान पर रखें।
- समय-समय पर खातों में गतिविधियां करते रहें, ताकि वे निष्क्रिय न हों।

### भारत-म्यांमार ड्रग रैकेट केस में बड़ा खुलासा

## भारतीयों के जीएसटी विवरण का पड़ोसी देश में हुआ गलत इस्तेमाल



ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंगटन

ईडी की जांच में भारत-म्यांमार ड्रग्स तस्करी रैकेट का बड़ा खुलासा हुआ है। म्यांमार के नागरिक भारतीयों के जीएसटी प्रमाण पत्रों का दुरुपयोग कर मेथामफेटामिन बनाने में उपयोग होने वाले रसायन सूडोइफेड्रिन और कैफीन एन्हाइड्रस खरीद रहे थे। यह पूरी सप्लाई चेन भारत-म्यांमार की पोरस सीमा, खासकर मिजोरम, के जरिए संचालित हो रही थी और कई राज्यों तक इसके वित्तीय व तस्करी नेटवर्क फैले थे। क्रॉस-बॉर्डर नारकोटिक्स तस्करी की जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। ईडी ने बताया कि म्यांमार मूल के लोगों ने भारतीय नागरिकों के जीएसटी प्रमाण पत्रों का दुरुपयोग कर ड्रग्स बनाने के लिए जरूरी कच्चा माल खरीदा। यह खुलासा एजेंसी की उस कार्रवाई के दौरान सामने आया है, जब ड्रग्स तस्करी से जुड़े धन शोधन मामले में भारत-म्यांमार सीमा पर पहली बार तलाशी ली गई थी। ईडी ने 27 नवंबर को अपनी इस विशेष कार्रवाई के तहत मिजोरम के आइजोल और चंपाई (भारत-म्यांमार बॉर्डर) में कई ठिकानों पर छापेमारी की। इसके अलावा असम के करीमगंज जिले के श्रीभूमि क्षेत्र और गुजरात के अहमदाबाद में भी तलाशी ली गई।

**जांच में क्या आया सामने-** तलाशी के दौरान जुटाए गए सबूतों से पता चला है कि भारतीय नागरिकों ने म्यांमार के लोगों के लिए सूडोइफेड्रिन टैबलेट और कैफीन एन्हाइड्रस खरीदे। इन रसायनों का उपयोग सीमापार मेथामफेटामिन जैसी सिंथेटिक ड्रग्स के उत्पादन में किया जाता है। एजेंसी के अनुसार, यह नेटवर्क न केवल ड्रग्स की तस्करी में शामिल था, बल्कि अवैध वित्तीय लेनदेन और धन शोधन के जरिए इसकी कमाई को भी छिपाया जा रहा था।

### शीतकालीन सत्र: सिगरेट, गुटखा व पान मसाला पर टैक्स के लिए दो नए विधेयक

# जीएसटी 28 से बढ़ाकर 40 फीसदी होगा

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

संसद का शीतकालीन सत्र आज से शुरू होने जा रहा है। ऐसे में इस सत्र के दौरान सिगरेट, गुटखा व पान मसाला पर टैक्स के लिए दो नए विधेयक लाए जाएंगे। जिनको

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण संसद के शीत सत्र में सिगरेट, गुटखा और पान मसाला जैसे अस्वास्थ्यकर उत्पादों पर कराधान के लिए दो नए विधेयक पेश करेंगी। केंद्रीय उत्पाद शुल्क संशोधन विधेयक, 2025, जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर का स्थान लेगा, जो वर्तमान में सिगरेट, चबाने वाले तंबाकू, सिगार, हुक्का, जर्दा और सुगंधित तंबाकू जैसे सभी तंबाकू उत्पादों पर लगाया जाता है। वहीं, स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा सेस विधेयक, 2025, पान मसाला जैसी विशिष्ट वस्तुओं के उत्पादन पर उपकर लगाने का प्रावधान करता है।

स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा सेस विधेयक, 2025 के तहत अब मशीन की क्षमता, मशीन कितनी बार चलती है और उत्पादन से जुड़े अन्य पहलुओं पर उपकर लगाया जाएगा। इस विधेयक के तहत बड़ा बदलावा जीएसटी दर में होने वाला है। तंबाकू उत्पादों पर जीएसटी पहले के 28 फीसदी प्लस कंपनसेशन सेस से बढ़कर 40 फीसदी प्लस कंपनसेशन सेस हो जाएगा। अभी कंपनसेशन सेस उत्पाद के अनुसार 5 फीसदी से लेकर 290 फीसदी तक लगता है। हालांकि जीएसटी दर बढ़ने के बाद भी उपभोक्ता जो कर चुकाएंगे उसमें बदलाव नहीं होगा।

उदाहरण के लिए, किसी खास तरह के सिगरेट पर अभी 28 फीसदी जीएसटी के साथ-साथ 290 फीसदी कंपनशेसन सेस यानी कुल 318 फीसदी टैक्स लगता है। बदलाव के बाद जीएसटी 40 फीसदी रहेगा लेकिन कंपनसेशन सेस घटकर 278 फीसदी हो जाएगा। इस तरह उपभोक्ता को उस सिगरेट पर 318 फीसदी टैक्स ही देना होगा।



### सपा-माकपा की एसआईआर पर संसद न चलने देने की चेतावनी

समाजवादी पाटी के सांसद रामगोपाल यादव और पश्चिम बंगाल से माकपा सांसद जॉन ब्रिटास ने एसआईआर पर चर्चा न कराए जाने पर संसद न चलने देने की चेतावनी दी। संसद का शीतकालीन सत्र सोमवार से शुरू होगा। रामगोपाल ने कहा कि यदि सरकार एसआईआर पर चर्चा के लिए तैयार नहीं होगी, तो हम संसद नहीं चलने देंगे। वहीं, जॉन ब्रिटास ने कहा कि चुनाव सुधार के नाम पर ही सही, सरकार को एसआईआर पर चर्चा की मांग स्वीकार करनी चाहिए। संसद से विधेयक पारित होने और राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद सरकार नियमों को अधिसूचित करेगी।

### नुकसान: बैंकों का खेल

## अक्टूबर से नए कर्जों पर 0.18 फीसदी तक बढ़ाया ब्याज

ब्रह्मास्त्र ›› मुंबई

एसबीआई की जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि सभी बैंक समूहों ने नए ऋणों पर ब्याज दरें बढ़ा दी हैं। जबकि इसी दौरान नई जमा मिलने वाली ब्याज दरों में 0.04 से 0.05 फीसदी तक की कमी की है। इसका मतलब यह है कि बैंकों ने दोनों ओर से ग्राहकों को घाटा दिया है। कर्ज लेने वाले को ज्यादा ब्याज देना पड़ रहा है तो जमा करने वालों को कम ब्याज मिल रहा है।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की इस साल रेपो दर में भारी कटौती के बाद भी कर्ज लेने वाले ग्राहकों को इसका पूरा फायदा नहीं मिल पाया है। उल्टे बैंकों ने अक्टूबर में नए ऋणों पर 0.09 से 0.18 फीसदी तक ब्याज दरें बढ़ा दी है। इससे ग्राहकों को अब किसी भी तरह के लोन के लिए ज्यादा ब्याज चुकाना पड़ रहा है। एसबीआई की जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि सभी बैंक समूहों ने नए ऋणों पर ब्याज दरें बढ़ा दी हैं। जबकि इसी दौरान नई जमा मिलने वाली ब्याज दरों में 0.04 से 0.05 फीसदी तक की कमी की है। इसका मतलब यह है कि बैंकों ने दोनों ओर से ग्राहकों को घाटा दिया है। कर्ज लेने वाले को ज्यादा ब्याज देना पड़ रहा है तो जमा करने वालों को कम ब्याज मिल रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस साल फरवरी से लेकर जून तक के बीच आरबीआई ने रेपो दर में एक फीसदी की भारी कटौती की थी। इसके बाद बैंकों ने उधारी और जमा दोनों पर ब्याज दरों में कमी की थी। हालांकि, फिर भी पूरा फायदा ग्राहकों को नहीं मिल पाया था। पर अगस्त और अक्टूबर में रेपो दर अपरिवर्तित रखने के बाद अक्तूबर में दरों को बैंकों ने बढ़ाना शुरू कर दिया। विश्लेषकों का मानना है कि अब दिसंबर में होने वाली मौद्रिक नीति समिति की बैठक में आरबीआई दरों को कम भी नहीं कर सकता। क्योंकि एक तो महंगाई काफी नीचे है और दूसरे देश की अर्थव्यवस्था की भी रफ्तार अच्छी खासी है। आरबीआई के आंकड़े बताते हैं कि 14 नवंबर के अंत तक बैंकों की सालाना कर्ज वृद्धि बढ़कर 11.4 फीसदी हो गई है।

## पाकिस्तान के लिए भारत ने इंसानियत के नाते एयरस्पेस खोला



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत ने तूफान दितवाह से प्रभावित श्रीलंका के लिए राहत सामग्री ले जा रही पाकिस्तान की ओवरफ्लाइट को अपने एयरस्पेस से गुजरने की मंजूरी दे दी है। यह मंजूरी सिर्फ 4 घंटों के अंदर दी गई। ओवरफ्लाइट यानी, जब कोई विदेशी विमान किसी देश की सीमा के ऊपर से गुजरता है, लेकिन वहां लैंड नहीं करता, तो उसे ओवरफ्लाइट कहते हैं। सरकार की तरफ से जारी एक बयान में कहा गया कि पाकिस्तान ने सोमवार दोपहर लगभग 1 बजे भारतीय एयरस्पेस के ऊपर से उड़ान भरने की रिक्वेस्ट की थी। पाकिस्तान ने 1 दिसंबर को ही ओवरफ्लाइट इजाजत मांगी थी। इसका मकसद श्रीलंका को मानवीय मदद देना बताया गया। इसे देखते हुए भारत ने बहुत तेजी से रिक्वेस्ट प्रोसेस की। इस दौरान सोमवार को 5.30 बजे आधिकारिक चैनलों के जरिए पाकिस्तानी विमान को भारतीय हवाई क्षेत्र से गुजरने की परमिशन दी गई। इसकी जानकारी पाकिस्तान सरकार को दे दी गई।

गौरतलब है कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान में तनाव बढ़ गया था। इसके कारण पहले पाकिस्तान ने, फिर भारत ने अपना एयरस्पेस एक-दूसरे के विमानों के लिए बंद कर दिया।

### पाकिस्तानी मीडिया का दावा- भारत ने एयरस्पेस नहीं खोला

अधिकारियों का यह बयान तब आया जब पाकिस्तानी मीडिया ने कहा कि नई दिल्ली ने ओवरफ्लाइट के लिए अपने एयरस्पेस का इस्तेमाल करने की इजाजत देने से मना कर दिया है। अधिकारियों ने इन आरोपों को बेबुनियाद और गुमराह करने वाला बताया।

अब देश को सही स्थान मिल रहा है

# भागवत बोले- दुनिया मोदी को ध्यान से सुनती है, यह भारत की बढ़ती ताकत दिखाता है

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने सोमवार को कहा कि आज विश्व मंच पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बात ध्यान से सुनी जाती है और यह भारत की बढ़ती वैश्विक ताकत दिखाता है। भारत अब दुनिया में अपना उचित स्थान प्राप्त कर रहा है।

भागवत सोमवार को पुणे में फ्रर के 100 वर्ष पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने सुझाव दिया कि संगठनों को केवल वर्षगांठों या शताब्दियों का इंतजार नहीं करना चाहिए, बल्कि निर्धारित समय में अपने कार्य पूरे करने पर ध्यान देना चाहिए।


आरएसएस चीफ ने कहा- हमारे संगठन ने 100 साल पूरे कर लिए हैं, कई चुनौतियों का सामना किया है, लेकिन हमें यह भी सोचना चाहिए कि पूरे समाज को एकजुट करने में इतना समय क्यों लगा।

इतिहास में यह दर्ज है कि जब भारत उभरता है तो दुनिया की समस्याएं कम होती हैं और शांति स्थापित होती है। आज वैश्विक हालात भी यही मांग कर रहे हैं, और इसी मिशन के लिए संघ के स्वयंसेवक शुरूआत से काम कर रहे हैं।

संघ संवाद, सामूहिकता और विविधता में एकता की बात पूरे समाज के संदर्भ में करता है। हमारी जड़ें विविधता में एकता में हैं। हमें साथ चलना है और इसके लिए धर्म आवश्यक है। भारत में सभी दर्शन एक ही स्त्रोत से निकले हैं, इसलिए हमें तालमेल के साथ आगे बढ़ना चाहिए।

### भागवत बोले- संघ का काम बहुत कठिन हालात में शुरू हुआ

कार्यक्रम में मोहन भागवत ने फ्रर के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार को याद किया। उन्होंने कहा कि संघ का काम बहुत कठिन हालात में शुरू हुआ था और शुरू में यह भी नहीं पता था कि मेहनत सफल होगी या नहीं। लेकिन स्वयंसेवकों ने लगातार मेहनत, त्याग और समर्पण से सफलता की नींव रखी।



### भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करना जरूरी नहीं

भागवत ने 19 नवंबर को कहा- भारत और हिंदू एक ही हैं। भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने की कोई जरूरत नहीं है। हमारी सभ्यता पहले से ही इसे जाहिर करती है। गुवाहाटी में एक कार्यक्रम के दौरान भागवत ने कहा कि जो भी भारत पर गर्व करता है, वह हिंदू है।

### पहले लोग संघ के काम पर हंसते थे, आज डंका बज रहा है

भागवत ने 16 नवंबर को कहा था- पहले लोग संघ के काम पर हंसते थे। डॉ. हेडगेवार पर भी हंसते थे, कहते थे नाक साफ नहीं कर सकते। ऐसे बच्चों को लेकर यह राष्ट्र निर्माण करने चले हैं। इस तरह का उपहास होता था। विचार भी अमान्य था।

मोहन भागवत ने 2 अक्टूबर को कहा था- पहलगाम हमले में आतंकियों ने धर्म पूछकर हिंदुओं की हत्या की। हमारी सरकार और सेना ने इसका जवाब दिया। इस घटना से हमें दोस्त और दुश्मन का पता चला। पहलगाम घटना हमें सिखा गई कि भले ही हम सभी के साथ दोस्ती का भाव रखते हैं और रखेंगे, लेकिन हमें अपनी सुरक्षा के प्रति और अधिक सजग, समर्थ रहना पड़ेगा।

### ताकतवर होने के अलावा कोई विकल्प नहीं:

आरएसएस चीफ ने 25 मई को कहा था कि भारत के पास शक्तिशाली होने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। हम अपनी सभी सीमाओं पर बुरी ताकतों की दुष्टता को देख रहे हैं। भागवत ने हिंदू समाज से एक होने और भारतीय सेना को ताकतवर बनाने की अपील की, ताकि कई शक्तियां एक साथ आने पर भी उसे जीत न सकें।

## महबूबा मुफ्ती की बहन के अपहरण का आरोपी गिरफ्तार



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

तारीख- 8 दिसंबर 1989...

जगह- श्रीनगर का लाल देद अस्पताल...

तत्कालीन गृह मंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद की बेटी रुबैया सईद का 1989 में घर से आधा किलोमीटर दूर अपहरण कर लिया गया। रुबैया, जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती की बहन हैं।

अपहरण के पांच दिन बाद केंद्र की तत्कालीन वीपी सिंह सरकार ने पांच आतंकवादियों को रिहा किया, तब जाकर आतंकियों ने रुबैया को छोड़ा था। इस घटना के 35 साल बाद सोमवार को किडनैपिंग केस में भगोड़ा घोषित शफात अहमद शांगलू को उइकने श्रीनगर से गिरफ्तार कर लिया। शांगलू पर खङ्छत्रॠकी साजिश का हिस्सा होने का आरोप है। शांगलू ने रणबीर पीनल कोड और ळअऊअ एक्ट की अलग-अलग धाराओं के तहत यासीन मलिक और दूसरों के साथ मिलकर किडनैपिंग को अंजाम दिया था। शांगलू जम्मू कश्मीर लिबरेशन फ्रंट के चीफ यासीन मलिक का करीबी माना जाता है। उस पर 10 लाख रुपए का इनाम भी था।

यूपी-राजस्थान समेत 6 राज्यों में 10 दिन शीतलहर का अलर्ट

# मध्यप्रदेश के 6 जिलों में पारा 10 डिग्री से नीचे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

सर्दी के इस सीजन (दिसंबर से फरवरी) के बीच मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब और महाराष्ट्र में कोल्डवेव सामान्य से ज्यादा दिन रह सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक इन राज्यों में आमतौर पर 4-6 दिन कोल्डवेव रहती है। जो कि इस बार 10 दिन रह सकती है।

मध्य प्रदेश में 5-6 दिसंबर से कड़ाके की ठंड शुरू होगी। वहीं शीतलहर भी चलेगी। मंगलवार से रात के पारे में 2 से 3 डिग्री की गिरावट होने की संभावना है। इससे पहले बीती रात भोपाल, इंदौर समेत प्रदेश के 6 जिलों में पारा 10 डिग्री से नीचे रहा। राजस्थान में इस बार दिसंबर से फरवरी तक कड़ाके की सर्दी पड़ने का अनुमान है। इस दौरान शीतलहर के दिन सामान्य से ज्यादा रहने और न्यूनतम तापमान भी सामान्य से नीचे रहने का अलर्ट है। वहीं चूरू, झुंझुनूं और सीकर में 3-5 दिसंबर तक शीतलहर चलने का यलो अलर्ट है। दूसरी तरफ साइक्लोन दितवाह के असर के चलते तमिलनाडु और पुडुचेरी के समुद्री तट के इलाकों में जमकर बारिश जारी है। मौसम विभाग के मुताबिक दितवाह कमजोर हो गया। वहीं सोमवार को बारिश के चलते चेन्नई एयरपोर्ट से 10 उड़ानें रद्द की गईं। कई इलाकों में पानी भर गया। बारिश का असर आज भी जारी रहेगा।

मध्य प्रदेश में 5-6 दिसंबर से कड़ाके की ठंड शुरू होगी। वहीं शीतलहर भी चलेगी। मौसम विभाग के मुताबिक, 5 दिसंबर से हिमालयी क्षेत्रों में नया वेस्टर्न डिस्टरबेंस बन रहा है। इससे बर्फबारी होने का अलर्ट है और फिर बर्फीली हवाओं का असर टढ में दिखेगा। मंगलवार से रात के पारे में 2 से 3 डिग्री की गिरावट होने की संभावना है। इससे पहले बीती रात में भोपाल, इंदौर समेत प्रदेश के 6 जिलों में पारा 10 डिग्री से नीचे रहा। राजस्थान में इस बार दिसंबर से फरवरी तक कड़ाके की सर्दी पड़ने का अनुमान है। इस दौरान शीतलहर के दिन सामान्य से ज्यादा रहने और न्यूनतम तापमान भी सामान्य से नीचे रहने का अलर्ट है। उत्तरी राजस्थान के साथ पूर्वी और दक्षिण-पूर्वी राजस्थान के हिस्सों में तेज सर्दी का असर देखने को मिलेगा, जबकि पश्चिमी राजस्थान के हिस्सों में सर्दी सामान्य रहने का अनुमान है।



### उत्तराखंडः पाला गिरना शुरू; चारधाम में तापमान माइनस 12° से नीचे

उत्तराखंड में आज यानी 2 दिसंबर को पहाड़ी इलाकों में पाला पड़ा है, जिससे ठंड बढ़ गई है। राज्य के 4 धामों में तापमान माइनस 12 डिग्री सेल्सियस से भी नीचे चला गया है। केदारनाथ में पारा माइनस 18, बद्रीनाथ में माइनस 14, गंगोत्री में माइनस 17, और यमुनोत्री में माइनस 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। लगातार 2 महीने से शुष्क मौसम होने के चलते सूखी ठंड ने खासा परेशान किया हुआ है। हरिद्वार और ऊधम सिंह नगर में हल्की धुंध दिखी। इसके अलावा राजधानी देहरादून में आज सुबह आसमान में हल्के बादल दिखे। इस बीच कई जिलों में सुबह और शाम के समय कोहरा पड़ने की चेतावनी दी गई है। मौसम विज्ञान केंद्र, देहरादून के पूवार्नुमान के अनुसार, उत्तराखंड राज्य में 2 दिसंबर को मौसम मुख्य रूप से शुष्क रहने की संभावना है।

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण दत्तकपुत्र लालजीराम तथा अजय, दत्तक पुत्र लालजीराम जनक पिता अन्तरलाल जाति कुमावत निवासी ग्राम पाट तहसील माकड़ोन जिला उज्जैन में स्थित भुमि सर्वे नम्बर 151/1 रकबा 0.5000 सर्व नम्बर 201/4 रकबा 0.5300 सर्वे नम्बर 642 रकबा 3.5000 कुल सर्वे नम्बर 03 कुल रकबा 4.5300 हेक्टर कृषि भुमि ग्राम पाट पटवारी हल्का नम्बर 02 राजस्व वृत्त 1 वर्ष 2025-26 खसरा एवं जमा बंदी में मेरे पक्षकारगण का नाम कलाबाई पति लालजीराम जाति कुमावत के नाम से संयुक्त रूप से दर्ज है तथा मेरे पक्षकारगण को वसीयतकर्ता लालजीराम उर्फ लालजी कुमावत पिता राजाराम जाति कुमावत आयु 72 वर्ष निवासी ग्राम पाट ने वसीयत नामा मेरे पक्षकारगण दशरथ कुमावत पिता अन्तरलाल व अजय कुमावत पिता अन्तरलाल के नाम से दिनांक 06/07/2020 को उपपंजीयक कार्यालय तराना में वसीयत नामा गवाहो के समक्ष संपादित किया था तथा साथ में ग्राम पंचायत पाट की सीमा में स्थित पक्का मकान जो पुर्व-पश्चिम 25 फिट तथा उत्तर-दक्षिण 30 फिट लंबाई-चौडाई का कुल क्षेत्रफल 1050 वर्गमीटर में बना हुआ है तथा वसीयतकर्ता लालजीराम उर्फ लालजी ने अपनी वसीयत में कृषि भुमि व मकान के संबंध में उल्लेख किया था तथा पत्नि कलाबाई जो जीवित है उसके संबंध में भी उनकी देखरेख एवं उनकी आवश्यकताओ के संबंध में उल्लेखित किया था तथा उनकी मृत्यु दिनांक 07/02/2021 को मेरे पक्षकारगण के निवास स्थान ग्राम पाट में हुआ था तथा उनका समस्त उत्तर कार्यक्रम मेरे पक्षकारगण के द्वारा किया गया था तथा पत्नि कलाबाई पति लालजीराम की देखभाल भी मेरे पक्षकारगण के द्वारा की जा रही है परन्तु परिवार के कुछ सदस्य कलाबाई पति लालजीराम की मानसिक हालत ठिक नहीं होने के कारण उनको ग्राम पाट में स्थित कृषि भुमि के संबंध में खरीदी करने के लिये सौदा करने का प्रयत्न किया जा रहा है जब कि मेरे पक्षकारगण उनकी समस्त देखरेख व उचित देखभाल एवं उनके समुचित ईलाज की व्यवस्था भी मेरे पक्षकारगणो के द्वारा की जा रही है तथा मेरे पक्षकारगण की सहमति के बिना कलाबाई पति लालजीराम से उक्त भुमि के संबंध में किसी भी प्रकार का कोई सौदा नहीं करे अन्यथा मेरे पक्षकारगण उपरोक्त कृषि भुमि के संबंध में सिविल न्यायालय में कार्यवाही करने के लिये स्वतंत्र रहेगे तथा उस पर लगने वाले समस्त हर्ज व खर्च की जवाबदारी मेरे पक्षकारगण की नही रहेगी व मेरे पक्षकारगण कानुनी कार्यवाही करने के लिये स्वतंत्र रहेगे। सुचित हो।

**राजेन्द्र कुमार जोशी एडवोकेट**
**न्यायालय परिसर तराना**
**मोबाईल नम्बर-9893002393**

### इजराइल बाहर निकलने नहीं दे रहा

# इजराइल ने सुरंग में फंसे 40 हमास लड़ाकों को मौत के घाट उतारा, पिछले 9 महीनों से फंसे थे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इजराइल

इजराइल ने दावा किया है कि उसने सुरंग में फंसे 40 हमास लड़कों को मार दिया है। ये लड़ाके गाजा के दक्षिणी शहर राफा की सुरंगों में मौजूद थे।

इजराइली सेना ने रविवार रात बयान जारी कर बताया कि हथियारबंद लड़ाकों को खत्म करने के लिए राफा में मौजूद सुरंगों को नष्ट किया जा रहा है। पिछले हफ्ते सुरंगों के अंदर 40 से ज्यादा लड़ाके मारे गए हैं। इजराइल इससे पहले भी राफा में कई लड़ाकों को मारने और गिरफ्तार करने का दावा कर चुका है। हालांकि हमास ने इन दावों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

इजराइली मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, राफा की जमीन के नीचे पिछले 9 महीनों से (मार्च से) करीब 200 हमास लड़ाके फंसे हुए हैं। हमास की मांग के बावजूद इजराइल उन्हें बाहर निकलने के लिए रास्ता देने पर तैयार नहीं है। रॉयटर्स ने पिछले महीने अपनी रिपोर्ट में बताया था कि राफा में मौजूद हमास के लड़ाके, जिनसे पिछले 7-8 महीने से संपर्क नहीं हो पाया है, शायद यह भी नहीं जानते कि अब सीजफायर लागू हो चुका है। उनमें से एक ने कहा कि उन लड़ाकों को वहां से निकालना सीजफायर को बनाए रखने के लिए जरूरी है। पिछले महीने 6 नवंबर को इजराइल और हमास के बीच एक समझौते का प्रस्ताव दिया गया था। इसमें कहा गया था कि हमास के लड़ाकों को सुरक्षित निकलने का रास्ता दिया जाए। इजराइल उन्हें मारने के बजाय किसी तीसरे देश या गाजा के दूसरे हिस्से में जाने का मौका दे। हालांकि इजराइल इसके लिए राजी नहीं हुआ है।


सीजफायर समझौते के तहत लड़ाकों को छोड़ने के बदले में हमास के लड़ाके हथियार डाल दे और गाजा के नीचे बनी सुरंगों की पूरी जानकारी देंगे। ताकि इजराइल उन्हें नष्ट कर पाएगा। इस डील से मिस्र चाहता था कि युद्धविराम कायम रहे, क्योंकि राफा में लड़ाई बढ़ने से फिर से युद्ध छिड़ सकता था। यह प्रस्ताव अमेरिका और कतर की जानकारी में था, ताकि गाजा में चल रहे संघर्षविराम को बचाया जा सके। इस पर अब तक हमास ने कोई जवाब नहीं दिया है।





## तुर्किये के बाद सऊदी में भी तालिबान-पाकिस्तान समझौता फेल

तालिबान और पाकिस्तान के अधिकारियों के बीच सऊदी अरब में हुई बातचीत बिना किसी समझौते के खत्म हो गई है। दोनों देशों के बीच तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान विवाद का कोई हल नहीं निकल सका। डेढ़ महीने में तीसरी बार बैठक नाकामयाब हुई है। इससे पहले तुर्किये की मध्यस्थता में इस्तांबुल में दो दौर की बातचीत फैल हो चुकी हैं। सिर्फ कतर के दोहा में पहली बैठक में तत्काल सीजफायर पर सहमति बनी थी, लेकिन ळळढ मुद्दे पर आगे कोई रास्ता नहीं निकला। अफगानिस्तान इंटरनेशनल की रिपोर्ट के मुताबिक तालिबान का एक प्रतिनिधिमंडल इस बैठक में शामिल हुआ था। इसमें अफगानिस्तान के उप गृह मंत्री रहमतुल्लाह नजीब, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल कहार बल्खी और तालिबान नेता अनस हक्कानी शामिल थे। दोनों देशों के बीच बातचीत का फोकस तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान है।



## भारत में इमरान की बहन के इंटरव्यू से पाकिस्तान नाराज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार ने इमरान खान की बहन नोरीन खान नियाजी के भारतीय मीडिया को दिए इंटरव्यूज पर नाराजगी जताई है। तरार ने कहा कि नोरीन ने पाकिस्तान की छवि खराब की है, देश की बुराई करने वालों को शर्म आनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि नोरीन ने भारत से जुड़े किसी मुद्दे जैसे कश्मीर या भारत में मुसलमानों की हालत पर कुछ नहीं कहा। तरार ने यह भी पूछा कि नोरीन ने भारतीय चैनल पर जाकर मोदी सरकार की बुराई क्यों नहीं की।

नोरीन ने हाल ही में न्यूज एजेंसी अठक से बात करते हुए पाकिस्तानी सेना चीफ आसिम मुनीर को तानाशाह बताया था। उन्होंने कहा था कि ट्रम्प ने हमारे देश के तानाशाह असीम मुनीर को अपना बहुत अच्छा दोस्त बताया था। असीम मुनीर अब बड़ी ताकत हैं। हालांकि पाकिस्तान में पहले भी तानाशाह आ चुके हैं और उनका अंजाम अच्छा नहीं हुआ।

तरार के मुताबिक नोरीन ने इंटरव्यू में सिर्फ इतना कहा कि इमरान एक भ्रष्टाचार के मामले में कैदी हैं और उनके साथ जेल में गलत व्यवहार हो रहा है, जबकि उनसे उम्मीद थी कि वे पाकिस्तान के मुद्दों की बात करतीं।

### ट्रम्प ने इजराइली पीएम नेतन्याहू को व्हाइट हाउस आने का न्योता दिया; फोन पर बातचीत की



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को व्हाइट हाउस आने का न्योता दिया है। नेतन्याहू के कार्यालय ने मंगलवार शाम दोनों नेताओं के बीच फोन पर हुई बातचीत के बाद यह जानकारी दी। जनवरी में ट्रम्प के सत्ता में आने के बाद यह नेतन्याहू की पांचवीं अमेरिका यात्रा होगी। दोनों नेताओं ने कहा कि हमास की सैन्य ताकत को पूरी तरह खत्म करना और गाजा को हथियार-मुक्त करना बहुत जरूरी है। साथ ही मध्य-पूर्व में और देशों के साथ शांति समझौते बढ़ाने पर भी चर्चा हुई। ट्रम्प ने इजराइल को चेतावनी दी है कि वह सीरिया की नई सरकार को अस्थिर करने वाली कोई भी कार्रवाई न करे।

अमेरिका सीरिया और इजराइल के बीच गैर-आक्रमण समझौता कराने की कोशिश कर रहा है। हाल ही में दक्षिणी सीरिया में इजराइली सेना और कुछ सशस्त्र गुटों के बीच झड़पें हुईं। सीरिया अभी तक इजराइल को मान्यता नहीं देता। इजराइल ने 1967 से गोलान हाइट्स पर कब्जा कर रखा है और दिसंबर 2024 से सीरिया का कुछ और इलाका भी अपने कब्जे में ले लिया है।

### फ्रांसीसी राष्ट्रपति बोले-यूक्रेन की सुरक्षा गारंटी फाइनलः

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने सोमवार को दो हफ्ते में दूसरी बार मुलाकात की। पेरिस में हुई इस बैठक के बाद जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में मैक्रों ने घोषणा की कि यूक्रेन के लिए सुरक्षा गारंटी का काम पूरी तरह फाइनल हो चुका है। उन्होंने रूस की डोनबास इलाके पर कब्जे की मांग को भी खारिज कर दिया। वहीं जेलेंस्की ने कहा कि यह युद्ध जल्द समाप्त होना चाहिए और शांति टिकाऊ होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि समझौते से युद्ध के दौरान रूस को किसी तरह का फायदा मिलने जैसा संदेश नहीं जाना चाहिए।

मैक्रों ने कहा यूरोपीय यूनियन एक ऐसी व्यवस्था बनाएगा, जिससे रूस की फ्रीज संपत्तियों का इस्तेमाल यूक्रेन की मदद के लिए किया जा सके। उन्होंने कहा कि यूरोप ने रूस पर अब तक के सबसे सख्त प्रतिबंध लगाए हैं। इससे रूस के तेल, गैस और शैडो फ्लीट को निशाना बनाने में मदद मिली है। उन्होंने कहा कि ये प्रतिबंध आने वाले हफ्तों में गेमचेंजर साबित हो सकते हैं। मैक्रों ने उम्मीद जताई कि इससे रूसी अर्थव्यवस्था पर भारी असर पड़ेगा और रूस की युद्ध को फंड करने की क्षमता बहुत कम हो जाएगी।

# मुनीर को सेना का सुप्रीम बनाने से बच रहे शहबाज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इस्लामाबाद

पाकिस्तान में फील्ड मार्शल आसिम मुनीर को तीनों सेनाओं का सुप्रीम यानी चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज बनाने की प्रोसेस अटक गई है।

मुनीर को CDF बनाने के लिए 29 नवंबर तक नोटिफिकेशन जारी होना था, लेकिन PM शहबाज शरीफ ने अब तक इस पर साइन नहीं किए हैं। इससे पहले ही शहबाज 26 नवंबर को बहरीन चले गए थे, फिर 27 नवंबर को अनौपचारिक यात्रा पर लंदन रवाना हो गए।

मीडिया रिपोर्ट्स का दावा है कि शहबाज शरीफ ने खुद को इस प्रक्रिया से इसलिए दूर कर लिया है, ताकि उन्हें आसिम मुनीर की नई नियुक्ति वाले आदेश पर साइन न करने पड़े।

पाकिस्तानी संसद ने 12 नवंबर को सेना की ताकत बढ़ाने वाला 27वां संवैधानिक संशोधन पास किया था। इसके तहत आसिम मुनीर को तीनों सेनाओं का सुपर चीफ यानी उउ्रबनाया जाना था। इस पद के मिलते ही उन्हें पाकिस्तान के परमाणु हथियारों की कमान भी मिल जाती यानी वे देश के सबसे ताकतवर शख्स बन जाते।



27 नवंबर को पुराना पद खत्म हो गया

कानूनी विशेषज्ञों के मुताबिक, 27 नवंबर को पुराना पद खत्म होने के साथ ही 28 या 29 नवंबर तक नई नोटिफिकेशन जारी होना जरूरी था। 29 नवंबर 2022 को जनरल आसिम मुनीर को सेना प्रमुख नियुक्त किया गया था। उनका मूल कार्यकाल तीन साल का था, यानी 28 नवंबर 2025 को खत्म हो गया।

पिछले साल ही संसद ने कानून पास करके सेना प्रमुख का कार्यकाल 3 से बढ़ाकर 5 साल कर दिया था। इसलिए कानूनी रूप से उनका पद खतरे में नहीं था। फिर भी संविधान संशोधन के बाद नया नोटिफिकेशन जरूरी था।

पिछले महीने हुए संविधान संशोधन में चेयरमैन जॉइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ कमेटी (उखउरउ) की जगह उउ्रपद बनाया गया जो तीनों सेनाओं के बीच तालमेल रखेगी। उखउरउ शाहिद शमशाद मिर्जा के 27 नवंबर को रिटायर हो जाने के बाद अब तक आसिम मुनीर उउ्रनहीं बन पाए हैं। इस बीच भारत के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड (NSAB) के सदस्य तिलक देवाशेर ने अठकसे बातचीत में दावा किया है कि पीएम शहबाज शरीफ ने जानबूझकर ऐसा किया। देवाशेर ने चिंता जताई कि आसिम मुनीर अपनी ताकत दिखाने के लिए भारत के खिलाफ कोई तनाव पैदा करने की कोशिश कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि भले ही आधिकारिक रूप से यह साफ न हो कि मुनीर अब आर्मी चीफ हैं या नहीं, फिर भी उनके पास इतना असर है कि वे कुछ भी करवा सकते हैं। देवाशेर के अनुसार, पाकिस्तान खुद इस बात को लेकर अनिश्चित है कि आर्मी चीफ कौन है और अगर मुनीर के मन में भारत पर दबाव बनाने या कोई घटना भड़काने का विचार आ गया तो हालात और खतरनाक हो जाएंगे।

### रक्षा मंत्री बोले-नोटिफिकेशन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है

रक्षा मंत्री ख्वाजा मुहम्मद आसिफ ने पर पोस्ट करके बताया कि, नोटिफिकेशन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, जल्द ही नोटिफिकेशन जारी होगा।' हालांकि सरकार ने यह नहीं बताया कि आखिर 29 नवंबर को नोटिफिकेशन क्यों नहीं जारी हुआ। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ आज (सोमवार) दोपहर तक इस्लामाबाद पहुंच रहे हैं। डॉन के मुताबिक, उनके लौटते ही कैबिनेट डिवीजन उउ्रकी नोटिफिकेशन को अंतिम रूप देगा और आज शाम या कल सुबह तक इसे जारी कर दिया जाएगा। विपक्षी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ ने मामले को लेकर टिप्पणी की। पार्टी ने कहा, 'यह देरी साबित करती है कि शहबाज शरीफ के पास अब सेना पर कंट्रोल नहीं रहा।' पीपुल्स पार्टी के सीनेटर रजा रब्बानी ने पूछा, क्या संविधान के बाद भी कोई अनकहा वीटो पावर काम कर रहा है? कई पूर्व जनरलों ने कहा कि नोटिफिकेशन न आना अपमानजनक है।

## अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

## वर्ग पहेली




### बाएं से दाएं

1. पैगंबर, खुदाई रहनुमा-2
4. कारगुजारी, करिश्मा-4
7. दौड़ना (अंग्रेजी-2)
8. पासे फेंक कर भविष्य जानने की विद्या-3
9. गहराई-2
10. राय, वोट-2
12. आलीशान, उदार-3
14. नकारना, इंकार करना-2, 3
15. चोरी करना-2, 3
17. राशन, खाद्य सामग्री-3
19. गन्ना-2
21. हर रोज, प्रतिदिन-2
23. वाद्य बजाने वाला-3
24. शारीरिक ऊंचाई-2
25. जहां ताजिए दफ्न करते हैं-4
26. महीन व मूल्यवान कपड़ा-4

### ऊपर से नीचे

1. हमेशा, हर पल, सदैव-4
2. जनता, लोक-2
3. द्रव पदार्थ-3
4. नागपुर के पास का एक कस्बा जहां जापान के सहयोग से भव्य बौद्ध मंदिर बना है-4
5. और, एवं-2
6. मन भटकाना-4
11. झगड़ा, कहासुनी-4
13. कोमलता-4
14. राजी करना-3
15. सहखिलाड़ी-4
16. चौकीदार, प्रहरी-4
18. कीचड़-4
20. नगद राशि-3
22. पानी से सराबोर-2
24. थोड़ा, जरा-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 145 | | 31 | | 32 | | 50 | = | 94 |
| | | | | | | | | |
| 60 | | 30 | | 20 | | 25 | = | 25 |
| | | | | | | | | |
| 50 | | 44 | | 24 | | 15 | = | 15 |
| | | | | | | | | |
| 10 | | 5 | | 40 | | 15 | = | 25 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 45 | | 40 | | 36 | | 25 | = | 59 / 16 |


## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सु | रा | मा | त | र | र | अ | ट | यु | क | वि |
| टी | बी | सू | ह | का | ल | जी | दि | ल | को | ज |
| वा | र | ल | द | अं | त | त | मा | मो | ल | य |
| सं | वि | दा | ना | ल | क | वा | हा | ह | व | म |
| रा | ज | न | प | व | म | डे | डी. | मम | सी | चें |
| दि | य | य | स | जि | स्क | क | इ | द | म | ट |
| बे | ह | बु | मां | या | म | र | ह | र | जा | श |
| श | जा | व | ला | ज | र | सी | डी. | ट | फ | थी |
| मों | रे | त | सू | ह | रे | दा | बे | जे. | र | र |
| मि | ल | च | त | र | ट | क | वें | न | गां | थ |
| या | र | म | न | लां | वा | इ | र | म्हे | ह | धी |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | | 3 | 5 | 1 | |
| 2 | 32 | 4 | 39 | 7 | 34 | 4 |
| | 1 | | 4 | | 5 | 2 |
| | 30 | 3 | 38 | 6 | 31 | |
| 1 | 2 | | 6 | | 7 | |
| 3 | 27 | 2 | 25 | 1 | 31 | |
| | 6 | 1 | 4 | | 3 | 5 |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...




## रंग भरकर चित्र बनाओ



# कौन हैं देवजी, गणपति और बेसरा, शाह के लिए चैलेंज

# 76 जवानों का कत्ल, 7 करोड़ इनाम; हिड़मा सिपाही था




**'हिड़मा एग्जीक्यूटर था, डिसीजन मेकर नहीं। वो नक्सलियों का एक बेहतरीन लड़ाका था। उसका एनकाउंटर एंटी-नक्सल ऑपरेशन की बड़ी कामयाबी है, लेकिन हम इस मूवमेंट के पीछे लग रहे दिमाग को खत्म करना चाहते हैं। अभी ऐसे 3 नाम हैं, जिनके सरेंडर या एनकाउंटर के बाद हम कह सकते हैं कि अब आंदोलन खत्म हुआ।'**

नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन खत्म होने के सवाल पर एंटी नक्सल ऑपरेशन की कोर टीम के एक अधिकारी ने ये जवाब दिया। दरअसल 18 नवंबर को 1 करोड़ के इनामी नक्सली लीडर माड़वी हिड़मा के एनकाउंटर को अब तक की सबसे बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षा बलों का ऑपरेशन पूरा हो गया।

इस पर बस्तर के पी सुंदरराज का कहना है कि अभी टारगेट और भी हैं। वे बताते हैं कि हिड़मा के बाद ऐसे ही 11-12 नाम और हैं। इनमें 3 बड़े नक्सली हैं। जिनके सरेंडर या एनकाउंटर के बाद ही नक्सलियों के मुख्य रणनीतिकार और डिसीजन मेकिंग बॉडी खत्म होगी।

इनमें थिप्परी तिरुपति उर्फ देवजी, मुपल्ला लक्ष्मण राव उर्फ गणपति और मिशिर बेसरा उर्फ भास्कर शामिल हैं। उट पर हमला, सांसद की हत्या और सैकड़ों जवानों की हत्या समेत ये कई बड़े हमलों के मास्टरमाइंड हैं। इन पर मिलाकर 7 करोड़ का इनाम है।

## ये 3 नक्सली अगला टारगेट



थिप्परी तिरुपति उर्फ देवजी
इनाम
2 करोड़ रुपए



मुपल्ला लक्ष्मण राव उर्फ गणपति
इनाम
3.6 करोड़ रुपए



मिशिर बेसरा उर्फ भास्कर
इनाम
1.30 करोड़ रुपए

# मास्टरमाइंड नक्सली अभी जिंदा

## मुपल्ला लक्ष्मण राव उर्फ गणपति



नक्सलियों की सेंट्रल कमेटी में एडवाइजर
इनाम
3.6 करोड़ रुपए
घर
करीमनगर, तेलंगाना

- 1992 में पीपुल्स वॉर ग्रुप (PWG) का महासचिव बना
- 2004 में CPI (माओवादी) बनी, तब से 2018 तक महासचिव रहा
- 1992 से लेकर 2018 तक जितने हमले हुए सब गणपति के नेतृत्व में हुए

### इन हमलों का मास्टरमाइंड

- **1 अक्टूबर 2003:** CM चंद्रबाबू नायडू पर हमला आइडिया दिया और स्ट्रेटजी बनाई



- **13 नवंबर 2005:** जहानाबाद जेल ब्रेक, 300 से ज्यादा कैदी छुड़ाए
- **2006:** सुकमा के कड़गम गांव में ब्लास्ट 35 आदिवासी मारे गए
- **2006:** बीजापुर के उपलेटा कैंप पर हमला 22 पुलिसकर्मी मारे गए
- **5 मार्च 2007:** झारखंड में जमशेदपुर से सांसद सुनील कुमार महतो की हत्या




- **15 मार्च 2007:** दंतेवाड़ा में रानीबोदली हमला 55 पुलिसकर्मी शहीद हुए
- **6 अप्रैल 2010:** ताड़मेटला में CRPF काफिले पर हमला, 76 जवान शहीद
- **17 मई 2010:** दंतेवाड़ा में पब्लिक बस को लैंडमाइन ब्लास्ट कर उड़ाया
- **25 मई 2013:** झीरम घाटी में कांग्रेस के काफिले पर हमला, 32 लोग मारे गए

## सबसे पहले उन नक्सलियों के बारे में जानिए... जिनके सरेंडर या एनकाउंटर के बाद खत्म होगा एंटी नक्सल ऑपरेशन

क्या 1 करोड़ के इनामी हिड़मा के एनकाउंटर के बाद नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन खत्म हो गया? इस पर ऑपरेशन की कोर टीम में शामिल एक अधिकारी ने बताया, आंदोलन की रीढ़ तो टूट ही चुकी है। ये भी सच है कि हिड़मा इस रीढ़ का मजबूत हिस्सा था।

सैकड़ों की संख्या में नक्सलियों ने सरेंडर भी किया। इनमें कई ऐसे लड़ाके थे, जो राष्ट्रीय स्तर पर भले इतना बड़ा नाम न रहे हों, लेकिन अपने-अपने इलाके के बेहद खतरनाक नक्सली थे। इन सबका सरेंडर और हिड़मा, बसवाराजू जैसे लीडर्स के एनकाउंटर को मिलाकर ये बड़ी उपलब्धि हो जाती है।'

हिड़मा के बाद नक्सलियों में अब कौन से ऐसे चेहरे बचे हैं, जो बड़ा खतरा हों? इस पर जवाब मिला, 'इंटेलिजेंस से मिली जानकारी के मुताबिक, नक्सलियों की टॉप ऑर्गनाइजेशन यानी पोलित ब्यूरो के 3 बड़े नाम अभी बाकी हैं।'

1. थिप्परी तिरुपति उर्फ देवजी उर्फ संजीव उर्फ देवन्ना, 2 करोड़ का इनाम
2. मुपल्ला लक्ष्मण राव उर्फ गणपति उर्फ रमन्ना उर्फ राजन्ना, 3.5 करोड़ का इनाम
3. मिशिर बेसरा उर्फ भास्कर उर्फ सर्निमल उर्फ सुनील, 1.30 करोड़ का इनाम

इन तीनों ने कौन से बड़े हमले करवाए हैं। इस पर अधिकारी बताते हैं, ह्ये पोलित ब्यूरो के अधिकारी हैं। इनकी मंजूरी के बिना कोई हमला हो ही नहीं सकता। हमला कब और कहां होगा, रणनीति क्या होगी, हर स्तर पर इनकी मंजूरी ली जाती है। ये अलग-अलग हमलों में टारगेट तय करने से लेकर प्लानिंग तक मास्टरमाइंड रहे हैं।

### थिप्परी तिरुपति उर्फ देवजी, 2 करोड़ का इनाम

देवजी, तेलंगाना के करीमनगर जिले में अंबेडकर नगर के दलित परिवार से है। आंध्र प्रदेश के नक्सली लीडर बसवाराजू के मई 2025 में हुए एनकाउंटर के बाद ये पोलित ब्यूरो का महासचिव बना। देवजी संगठन में लंबे समय तक पोलित ब्यूरो और सेंट्रल कमेटी का मेंबर रहा। इसलिए अब तक हुए हर बड़े नक्सली हमले की स्ट्रेटजी में संगठन के जो 5 से 6 अधिकारी शामिल होते थे, उसमें देव जी का भी नाम शामिल है।

दंतेवाड़ा के ताड़मेटला और बीजापुर के रानीबोदली में हुए नक्सली हमलों की सलाह देने से लेकर रणनीति बनाने तक मास्टरमाइंड देवजी ही था। उस पर छत्तीसगढ़ सरकार और ठक्ष्य ने 1-1 करोड़ का इनाम रखा है।

घटना 15 मार्च 2007 की है। बीजापुर के रानीबोदली गांव में होली के तीन दिन बाद नक्सलियों ने उफ्फ्ख्रकैंप पर हमला किया। रात करीब 12 से 12.30 बजे के बीच की बात है। कैंप में 55 जवान गहरी नींद में सोए हुए थे। तभी नक्सलियों की 3 टोलियों ने कैंप को घेर लिया।

करीब 4 घंटे तक ताबड़तोड़ गोलियां और बम चलाए। सुबह 4 बजे के करीब जब गांव के लोग कैंप पहुंचे तो सभी 55 जवानों के शव जले हुए मिले। इससे पहले कभी इतना बड़ा नक्सली हमला नहीं हुआ था। इसे एग्जीक्यूट एक महिला कमांडर ने किया था, लेकिन इसका मास्टरमाइंड तिरुपति उर्फ देवजी था।

ऑफिशियल सोर्स के मुताबिक, सरकार और प्रशासन को दहलाने के लिए इस हमले के आइडिया से लेकर स्ट्रैटजी तक सबके पीछे देवजी का दिमाग था। ये घटना सलवा जुडूम का भी जवाब थी। वही सलवा जुडूम, जिसमें प्रशासन ने आदिवासियों को नक्सलियों के खिलाफ खड़ा कर दिया था। स्पेशल पुलिस अफसर के रूप में आदिवासी नियुक्त किए गए थे, ताकि वो फोर्स के लिए खबरी भी बनें और नक्सलियों को जवाब भी दें।

### गश्त से लौट रहे जवानों पर हमले की प्लानिंग की

6 अप्रैल 2010 की घटना है। दंतेवाड़ा के ताड़मेटला में 150 जवान रूटीन गश्त से लौट रहे थे। वहीं जंगलों में घात लगाए, एक हजार नक्सली हमले के लिए तैयार थे। नक्सलियों ने घातक एंबुश लगाए थे। जवानों के वहां पहुंचते ही जोरदार धमाका हुआ। कई जवान तो एंबुश में फंसकर शहीद हो गए। जवानों और नक्सलियों के बीच कई घंटे मुठभेड़ चली। जब बैकअप टीम घटनास्थल पहुंची, तब पता चला कि 76 जवान हमले में शहीद हो चुके हैं। इस हमले की सलाह से लेकर रणनीति बनाने तक का काम देवजी ने ही किया था। इस प्लान को एग्जीक्यूट हिड़मा ने किया था।

गणपति भाकपा (माओवादी) का पूर्व महासचिव था। 1992 में वो पीपुल्स वॉर ग्रुप का महासचिव बना और 2004 में उढक(माओवादी) बनने के बाद 2018 तक इसकी कमान संभाली।

पोलित ब्यूरो मेंबर और सेंट्रल कमेटी में एडवाइजर है। 1992 से लेकर 2018 तक जितने नक्सली हमले हुए, सब इसी के नेतृत्व में हुए।

गणपति पर छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र सरकार ने 1-1 करोड़ का इनाम रखा है। जबकि आंध्र ने 25 लाख, झारखंड ने 12 लाख और ठक्ष्य ने 15 लाख का इनाम रखा है। ओडिशा, प. बंगाल और तेलंगाना ने भी गणपति पर इनाम की घोषणा कर रखी है।

2003 में आंध्र प्रदेश के उट रहे चंद्रबाबू नायडू पर हमले का आइडिया और स्ट्रैटजी दोनों गणपति की थी। नक्सलियों के संगठन में मौजूद हमारे सोर्स के मुताबिक, नायडू पर हमले का आइडिया पोलित ब्यूरो के कई मेंबर्स को जोखिम भरा लगा था। कई लोग इसके सपोर्ट में भी नहीं थे। हालांकि गणपति इससे पीछे हटने को राजी नहीं हुआ। नायडू पर हमले ने केंद्र से लेकर राज्य सरकार तक को बड़ा झटका दिया था।

## थिप्परी तिरुपति उर्फ देवजी



पोलित ब्यूरो का महासचिव
नक्सलियों की सेंट्रल मिलिट्री कमीशन का प्रभारी
इनाम
2 करोड़ रुपए
घर
करीमनगर, तेलंगाना

- नक्सलियों के पोलित ब्यूरो और सेंट्रल कमेटी का मेंबर रहा
- बसवाराजू के मारे जाने के बाद पोलित ब्यूरो का महासचिव बना
- बड़े नक्सली हमलों की रणनीति बनाने वाली कोर टीम में शामिल रहा

### इन हमलों का मास्टरमाइंड

**ताड़मेटला हमला**

- 6 अप्रैल 2010
- 76 जवान शहीद हुए




**रानीबोदली हमला**

- 15 मार्च 2007
- 55 जवान शहीद हुए



■ वर्ष-12 अंक-30 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, मंगलवासरः 02 दिसम्बर, 2025

### सुभाषितानि

यथा काष्ठमयो हस्ती यथा चर्ममयो मृगः।
तथा वेदं विना विप्रः त्रयस्ते नामधारकाः।।

**भावार्थ** : लकड़ी के हाथी की तरह, और चमड़े से ढके हिरण की तरह, ब्राह्मण जिसने वेदों का अध्ययन नहीं किया है, वह भी केवल एक नामहीन व्यक्ति है।

अव्याकरणमधीतं भिन्नद्रोण्या तरंगिणी तरणम्।
भेषजमपथ्यसहितं त्रयमिदमकृतं वरं न कृतम्।।

**भावार्थ** : बिना व्याकरण के पढ़ना, टूटी हुई नाव से नदी पार करना और अनुपयुक्त आहार के साथ दवा लेना ऐसा करने से बेहतर है कि इसे न करें।

## सम्पादकीयम्

### बिहारे मतदानात् पूर्वं जटिलाः

बिहारे निर्वाचनात् पूर्वं ग्राण्ड् एलायन्स् तथा एनडीए इत्येतयोः द्वयोः मध्ये आसनानां वितरणसम्बद्धाः कठिनताः सन्ति। ग्राण्ड-सङ्घटनस्य नेतारणाम् मध्ये सहमतिः नास्ति। तस्मिन् एव काले एनडीए-नगरस्य मुख्यमन्त्रीमुखस्य विषये प्रश्नाः उत्थापिताः सन्ति। एतेषां विरोधाभासैः निर्वाचनयुद्धं अधिकं रोचकं जातम्। बिहार-पद्धत्यां विधानसभानिर्वाचनस्य तिथयः इति नाम्ना राजनैतिकसमीकरणानि जटिलानि भवन्ति। एकतः भव्यगठबन्धनस्य नेतारः आसनानां वितरणस्य विषये सहमतिम् अकुर्वन्, अपरतः एनडीए इत्यनेन आसनानां वितरणं घोषितम्, परन्तु कः मुख्यमन्त्री भविष्यति इति प्रश्ने अटति। एतेन भ्रमः निर्वाचनं अधिकं रोचकं कृतवान् अस्ति। निर्वाचनात् बहुपूर्वं बिहारे मुख्यतया द्वौ राजनैतिकशिबिरौ स्पष्टौ आस्ताम्। परन्तु यथा यथा निर्वाचनस्य तिथयः समीपं गच्छन्ति तथा तथा विषयः जटिलः अभवत्। ग्राण्ड एलायन्स् इत्यस्य नेतारः, ये निर्वाचनात् पूर्वं एकत्र मतदाता यानं एकत्र कुर्वन्ति स्म, ते अधुना आसनानां वितरणस्य विषये सहमतिम् अददुः सन्ति। अपरं तु एनडीए आसन-साझेदारी-घोषणायां विजयं प्राप्तवान्, परन्तु मुख्य-मन्त्री-प्रश्ने अटन् गतः यत् गठबन्धनस्य एव भूमौ वास्तविकतायाः विषये प्रश्नाः उत्थापिताः सन्ति। सहमतिः न प्राप्ताः निर्वाचनप्रक्रियायाः आरम्भात् पूर्वं ग्राण्ड्-सङ्घटनस्य नेतासु बहु समन्वयः आसीत्।

#### भारते राष्ट्रवादः मुद्दा नास्ति

## आरएसएस राष्ट्रवादी अवगमनाभावः सरसंघचालक मोहन भागवत




ब्रह्मास्त्र ▸▸ नागपुर

राष्ट्रीयस्वयंसेवकसंघस्य सरसंघचालकमोहनभागवतेन पुस्तकमेलायां सम्बोधने राष्ट्रवादस्य अवधारणायाः, आरएसएसस्य च पहिचानस्य विषये विवादास्पदं गहनं च वक्तव्यं दत्तम्। सः स्पष्टतया अवदत् यत् भारते अन्येषु देशेषु विपरीतम् राष्ट्रवादः विषयः नास्ति, ये आरएसएस-सङ्घटनं केवलं राष्ट्रवादीसङ्गठने सीमितं कुर्वन्ति ते स्वस्य दुर्भावनायाः कारणात् एव तत् कुर्वन्ति इति। भागवतस्य वक्तव्येन देशस्य राजनैतिकवैचारिकवृत्तेषु नूतनविमर्शः प्रवृत्तः यतः आरएसएस-सङ्घः प्रायः भारतीयराजनीत्यां हिन्दुराष्ट्रवादस्य प्रमुखतमं मुखं मन्यते।

नागपुरे पुस्तकमहोत्सवं सम्बोधयन् श्री भागवतः अवदत् यत्, जनाः अस्मान् 'राष्ट्रवादिनः' इति वदन्ति। अस्माकं कस्यचित् सह विवादः नास्ति; तस्य वक्तव्यं सर्वान् आलोचनान् परिभाषान् च अङ्गीकृत्य इव भासते स्म ये आरएसएस-सङ्घस्य कट्टरराष्ट्रवादी अथवा केवलं राजनैतिकविचारधारा इति सीमितुं प्रयतन्ते।

भागवतः भारतस्य मौलिकस्वभावस्य संस्कृतिस्य च उपरि बलं दत्तवान्, तस्य तुलनां पाश्चात्यराष्ट्रवादस्य प्रतिरूपेण सह अकरोत्। सः अवदत् यत्, अस्माकं स्वभावः अस्माकं संस्कृतिः च मिलित्वा प्रगतिः करणीयः। अनेकेषां विदेशीयराष्ट्रेषु एतत् न भवति। सः भारतस्य राष्ट्रवादं समावेशी-सांस्कृतिकपरिचयेन सह सम्बद्धवान्, यत् पाश्चात्य-अवधारणया विवादास्पद-आक्रामक-राष्ट्रवादात् भिन्नम् अस्ति। भारते राष्ट्रवादः संघर्षः राजनैतिकशस्त्रं वा न, अपितु देशस्य मूलभूतचेतनायां निहितः सहजः भावः इति सः अभिप्रेतवान्।

सरसंघचालकस्य एतत् वक्तव्यं तस्मिन् समये आगतं यदा देशे राष्ट्रवादः, नागरिकता, समावेशीता इत्यादिषु विषयेषु तीव्रराजनैतिकविमर्शाः दृश्यन्ते। संघस्य प्रमुखः, सत्ताधारी भारतीयजनतापक्षस्य वैचारिकगुरुत्वेन भागवतस्य वचनं सर्वदा देशस्य वैचारिकदिशां सूचयति। तस्य मते भारतस्य परिचयः तस्य सांस्कृतिकैकतायां निहितः अस्ति, यत्र विभिन्नसमुदायस्य विचारधाराणां च जनाः शताब्दशः सहजीवनस्य सिद्धान्ते एकत्र निवसन्ति। अतः भारतस्य राष्ट्रवादस्य सिद्धीकरणस्य युद्धस्य वा आवश्यकता नास्ति, यतः सः स्वमृत्तिकायां पूर्वमेव निहितः अस्ति।

भागवतस्य वक्तव्यस्य तात्पर्यम् अस्ति यत आरएसएसस्य कार्यं केवलं राजनैतिकराष्ट्रवादपर्यन्तं सीमितं नास्ति अपितु सांस्कृतिकसामाजिकस्य उत्थानस्य व्यापकः अभियानः अस्ति। यदा जनाः आरएसएस-सङ्घं केवलं राष्ट्रवादी इति वदन्ति तदा ते शिक्षा, स्वास्थ्यं, आपदा राहत इत्यादिषु क्षेत्रेषु तस्य विस्तृतं सामाजिककार्यं उपेक्षन्ते।

#### ईडी इत्यनेन फंङ्गि

## चालकस्य खाते 331 कोटिरूप्यकाणि जब्धानि उदयपुरे गुजरातीराजनेतुः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

प्रवर्तननिदेशालयेन एकः आश्चर्यजनकः प्रकरणः उद्घाटितः यस्मिन् केवलं अष्टमासेषु एकस्य साधारणस्य रैपिडो बाईक टैक्सी चालकस्य बैंकखाते 331 कोटिरूप्यकाणि निक्षिप्ताः। अन्वेषणेन एतदपि ज्ञातं यत् अद्यैव उदयपुरे एकस्याः गुजरातीराजनेतुः विवाहेन सह सम्बद्धे विलासपूर्णे गन्तव्यविवाहे अस्मात् खातेः 1 कोटिभ्यः अधिकं व्ययः अभवत्।

ईडी-अधिकारिणां मते एतत् खातं अवैधधनशोधनस्य, सट्टेबाजीजालस्य च सह सम्बद्धम् अस्ति। एषः प्रकरणः ऑनलाइन सट्टेबाजीजालस्य अन्वेषणस्य समये प्रकाशं प्राप्तवान्, यस्मिन् कोटिरूप्यकाणां अवैधव्यवहारः प्रकाशितः। अधिकारिणः मन्यन्ते यत् रैपिडो-चालकस्य खातेः उपयोगः खच्चर-खातेः रूपेण कृतः यत् अवैध-धनं विविध-खातेषु स्थानान्तरयितुं शक्यते स्म।

अन्वेषणेन एतदपि ज्ञातं यत यस्य व्यक्तिस्य नामधेयेन खाता अस्ति सः मामूली दिल्ली-उपनिवेशे द्विकक्षीयगृहे निवसति, जीवनयापनार्थं बाईक-टैक्सी-वाहनं च चालयति। सः अस्मिन् विशाले व्यवहारे कोऽपि सम्बन्धः नास्ति इति दावान् करोति। ईडी-अधिकारिणः अवदन् यत् चालकः अवदत् यत् सः वरवधूयोः वा तेषां परिवारान् वा न जानाति येषां विवाहस्य धनं तस्य खातेन व्ययितम्। अस्मिन् प्रकरणे सम्बद्धानां अनेकानाम् वित्तपोषणमागार्नां, व्यक्तिनां च अन्वेषणम् अद्यापि प्रचलति। ईडी इत्यनेन पूर्वं अवैधसट्टेबाजीजालस्य अन्तः कोटिरूप्यकाणां लेनदेनस्य विषये सूचनाः एकत्रिताः सन्ति। क्रिकेट्-क्रीडकानां शिखरधवन-सुरेश-रैना-योः सम्पत्तिः अपि संलग्नाः सन्ति।

## विनयकुमारः एफआइआर-प्रयोगात् आरभ्य कर्तव्यात्

ब्रह्मास्त्र ▸▸ धारा

प्रकरणस्य दाखिलीकरणानन्तरं टीटीई पलायितः इति कथ्यते। जीआरपी-दलानि तस्य अन्वेषणं कुर्वन्ति, सः शीघ्रमेव गृहीतः भवितुम् अर्हति। पुलिस अगली कार्यवाही तथा अन्वेषण दिशा परिवारजनानां आरोपानाम्, यात्रिकाणां समर्थनस्य च कारणेन अन्वेषणं जटिलं जातम्। जीआरपी-अधिकारिणः अवदन् यत् अधुना तेषां प्राथमिकता टीटीई-इत्यस्य ग्रहणम् अस्ति येन तस्य साक्षात्कारः सम्मुखे प्रश्नः कर्तुं शक्यते। गिरफ्तारी च प्रश्नोत्तरं च : टीटीई विनयकुमारस्य गृहीतस्य अनन्तरं तस्य विवादस्य कारणं, तर्कस्य स्वरूपं, कोचमध्ये महिलायाः उपस्थित्या सम्बद्धाः सर्वे पक्षाः च प्रश्नाः भविष्यन्ति। यात्रिकवक्तव्यस्य सत्यापनम्: पुलिस टीटीई-समर्थनं कृतवन्तः पञ्च यात्रिकाणां लिखितवक्तव्यस्य सम्यक सत्यापनम् करिष्यति, ये महिला स्वयमेव कूर्दितवती इति दावान् कृतवन्तः।

## राशिफल

**मेष** : 2 दिसंबर के दिन आज किसी भी अवसर को हाथ से न जाने दें। अपने करियर के बेहतरीन पलों पर फोकस रखें।

**वृषभ** : ऑफिस में खुशनुमा और उत्पादक जीवन जिएं। वित्तीय समृद्धि आज के दिन की विशेषता रहेगी।

**मिथुन** : प्रोफेशनल सफलता भी मिल सकती है। समृद्धि के कारण आप समझदारी से फाइनेंशियल इन्वेस्टमेंट कर सकते हैं।

**कर्क** : बेहतर परिणाम प्राप्त करने के लिए ऑफिस में नई जिम्मेदारियां लें। वित्तीय स्थिति अच्छी है और निवेश पर विचार कर सकते हैं।

**सिंह** : पैसों का मैनेजमेंट समझदारी से करें। आज कोई बड़ी बीमारी भी आपको परेशान नहीं करेगी।

**कन्या** : मुश्किल परिस्थितियों पर गौर करें। छिपी हुई जानकारी खोजने में आपका कौशल इस समय विशेष रूप से फायदेमंद साबित होगा।

**तुला** : ऐसी नौकरी के बारे में सोचें, जिनमें समस्या-समाधान, प्रोडक्ट या स्वास्थ्य देखभाल की आवश्यकता होती है।

**वृश्चिक** : समृद्धि के कारण आप समझदारी भरे पैसों से जुड़े डिसीजन ले सकते हैं। आज आपका स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा।

**धनु** : वित्तीय स्थिति भी अच्छी रहेगी। लव के मामले में आज आपको अपने पार्टनर की अच्छे से केयर करनी चाहिए।

**मकर** : 2 दिसंबर के दिन आर्थिक रूप से निवेश के अवसर मिल सकते हैं। अपने जीवन की वास्तविकता पर ध्यान केंद्रित करें।

**कुंभ** : अपने पाचन और सामान्य स्वास्थ्य की स्थिति पर ध्यान दें। करियर में आगे बढ़ने के लिए दफ्तर में अवसरों का लाभ उठाएं।

**मीन** : ऑफिस पर संभावित पार्टनर से मिल सकते हैं। पेशेवर जीवन के दबाव से बचने बचने के लिए जरूरी एक्टिविटी करें।

### ज्योतिष/वास्तु

## 5 दिसंबर को बन रहा बृहस्पति का महाशक्तिशाली राजयोग, इन राशियों को मिलेगा धन लाभ

5 दिसंबर 2025 को गजकेसरी राजयोग बन रहा है। जानें किन राशियों को चंद्रमा-बृहस्पति की युति से मिलेगा धन, सफलता और जीवन में खुशियों का लाभ।

वैदिक ज्योतिष के अनुसार, हर ग्रह अपनी निश्चित अवधि में राशि परिवर्तन करता है और इसका असर जीवन, देश और समाज पर देखा जा सकता है। इन ग्रहों में गुरु बृहस्पति का विशेष महत्व है। बृहस्पति आम तौर पर साल में एक बार राशि परिवर्तन करता है, लेकिन मई 2025 में मिथुन राशि में प्रवेश करते ही वह तेज गति से गोचर करेंगे और आने वाले आठ वर्षों में इस ग्रह का कई राशियों पर लगातार प्रभाव रहेगा। ऐसे दौरान गुरु का किसी न किसी ग्रह के साथ संयोग या दृष्टि बनी रहेगी, जो विशेष प्रकार के योग और शुभ फल ला सकती है।

5 दिसंबर 2025 को बृहस्पति पुनः मिथुन राशि में प्रवेश करेंगे और इसी दिन चंद्रमा भी मिथुन राशि में आ रहे हैं। इस युति से गजकेसरी राजयोग का निर्माण होगा। इस योग की अवधि लगभग 54 घंटे की है, लेकिन इसका लाभ लंबे समय तक महसूस किया जा सकता है। इस राजयोग से कुछ राशियों के जातकों को जीवन के हर क्षेत्र में सफलता और धन-संपदा प्राप्त होने की संभावना बनती है। यह विश्लेषण मुख्य रूप से चंद्र राशि के आधार पर किया गया है।

**मेष राशि** – मेष राशि के जातकों के लिए इस समय तीसरे भाव में बन रहा गजकेसरी राजयोग अत्यंत शुभ फल देने वाला है। गुरु और चंद्रमा की इस युति का असर आपके जीवन में कई सकारात्मक बदलाव लाएगा। लंबे समय से रुके हुए काम पूरे हो सकते हैं और मानसिक तनाव दूर होगा। आपकी सोच स्पष्ट होगी और आप अपने निर्णयों में अधिक सक्षम महसूस करेंगे। साथ ही, इस समय में जीवन में खुशियों का आगमन होने के संकेत हैं। आपकी वाणी में प्रभावशीलता बढ़ेगी, जिससे आप अपने विचारों और भावनाओं को आसानी से व्यक्त कर पाएंगे।

इस योग का असर आपके करियर और व्यवसाय पर भी देखने को मिलेगा। नौकरी पेशा लोगों के लिए प्रमोशन या वेतन वृद्धि की संभावना बन रही है। नए काम या प्रोजेक्ट्स में सफलता मिलने के संकेत हैं। व्यापार में भी लाभ के नए अवसर सामने आ सकते हैं। कुल मिलाकर यह समय आपके लिए जीवन में सकारात्मक बदलाव, सफलता और आर्थिक समृद्धि लेकर आने वाला है।

**मिथुन राशि** – मिथुन राशि के जातकों के लिए लग्न भाव में बन रहा गजकेसरी राजयोग विशेष रूप से लाभकारी है। इस समय आपका आत्मविश्वास और निर्णय क्षमता बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्यों और लक्ष्यों को हासिल करने में आपको सफलता मिलेगी। यदि आप किसी उच्च शिक्षा या विदेश में अध्ययन के अवसर की योजना बना रहे हैं, तो यह समय अत्यंत अनुकूल है।

साथ ही, विवाह योग्य जातकों के लिए यह समय सौभाग्य और जीवनसाथी मिलने के संकेत दे रहा है। पेशेवर जीवन में भी इस अवधि में सफलता और नए अवसर मिल सकते हैं। आपके भाग्य का साथ अधिक मजबूत होगा और आप जो भी प्रयास करेंगे, उसका फल अपेक्षानुसार मिलेगा। कुल मिलाकर यह योग आपके जीवन में समृद्धि, सफलता और सकारात्मक बदलाव लाने वाला है।

**कन्या राशि**– कन्या राशि के जातकों के लिए दशम भाव में बन रहा गजकेसरी राजयोग करियर और व्यवसाय में नई सफलताएं दिलाने वाला है। इस अवधि में कार्यक्षेत्र में नए अवसर प्राप्त होंगे और आपके प्रयासों का परिणाम आपके अनुकूल रहेगा। आर्थिक दृष्टि से भी यह समय लाभकारी है, क्योंकि नए स्त्रोतों से आय के अवसर बन सकते हैं। हालांकि, इस दौरान अनावश्यक खर्चों से बचना जरूरी है, ताकि लाभ अधिकतम हो सके।

यदि आप निवेश की योजना बना रहे हैं, तो यह समय आपके लिए उचित साबित हो सकता है और भविष्य में अच्छा मुनाफा दिला सकता है। कुल मिलाकर यह योग आपके जीवन में सुख, समृद्धि और स्थिरता बढ़ाएगा। कार्यक्षेत्र में सफलता और आर्थिक समृद्धि पाने के साथ ही जीवन की राहें आसान और सकारात्मक दिखाई देंगी।

ब्रह्मास्त्र
उज्जैन, मंगलवार 02 दिसम्बर, 2025



## खबर एक नजर...

### पथराव कर रोकी कार, चालक को उतारकर मारा

**उज्जैन।** ग्राम गोगापुरा कानाखेड़ी रोड पर गौशाला के पास सोमवार को कार से विजय पिता कालूराम बाघेला निवासी न्यू शिवाजीनगर महिदपुररोड गुजर रहा था। उसी दौरान कान्हाखेड़ी के रहने वाले रोहित पिता कैलाश उसके भाई विजय और साथी पवन पिता पन्नालाल निवासी करनावद ने कार पर पथराव कर उसे रोक लिया। विजय के रूकते हुए तीनों ने उसे कार से निकाला और मारपीट शुरू कर दी। तीनों जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। घटनाक्रम के बाद विजय ने मामले की शिकायत महिदपुररोड थाने पहुंचकर दर्ज कराई। पुलिस के अनुसार कार चालक विजय और कानाखेड़ी में रहने वाले दोनों भाईयों के बीच पुरानी रंजीश चली आ रहा है। पूर्व में विवाद हो चुका था। इसी के चलते दोनों भाईयों ने अपने साथी के साथ विजय की कार पर पथराव करते हुए मारपीट की गई है। मामले में धारा 125, 324 (4),(115)(2), 296 (बी), 351 (3), 3 (5) बीएनएस दर्ज किया गया है।

### फरार चौथा आरोपी नहीं मिला, सरगना को भेजा जेल

**उज्जैन।** जेसीबी किराये पर लेकर ठिकाने लगाने वाले गिरोह के सरगना नईम पिता खवाजू निवासी आजाद नगर इंदौर को पानबिहार पुलिस ने रिमांड पर लिया था। उसके गिरोह का एक साथी शाहरूख फरार चल रहा है। जिसकी तलाश में सरगना के साथ इंदौर के खजराना स्थित तंजिम कालोनी में दबिश दी गई। फरार आरोपी नहीं मिला, उसके माता-पिता ने बताया कि शाहरूख 10 साल से अलग है। 2 शादियां कर रखी है और ड्रायवरी करता है। सालों से उसे देखा भी नहीं है। फरार आरोपी के नहीं मिलने पर पुलिस टीम खाली हाथ लौट आई। सरगना नईम का रिमांड खत्म होने पर उसे सोमवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेजा गया है। पूर्व में 2 आरोपी इब्राहिम निवासी धूलिया महराष्ट्र और रईस पिता वाहिद निवासी उन्हेल को जेल भेजा जा चुका था। चारों संगठित गिरोह के रूप मे काम कर बड़े वाहनों को किराये पर लेने का झांसा देते है और दूसरे प्रदेशों में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर ठिकाने लगा देते है। पानबिहार से जेसीबी किराये पर ली गई थी। जिसे महाराष्ट्र से जप्त किया गया है।

### कलाली के सामने युवक को अज्ञात बदमाशों ने पीटा

**उज्जैन।** नागदा थाना क्षेत्र स्टेशन रोड पर कलाली के सामने से मुकेश पिता विक्रमलाल बागरी निवासी ग्राम पल्याखेड़ी इंगोरिया गुजर रहा था, तभी उसे 2-3 बदमाशों ने रोका और गाली-गलौच करते हुए मारपीट की। बदमाशों ने उसे जान से मारने की धमकी दी और भाग निकले। बदमाश लूटपाट करना चाहते थे। लेकिन मुकेश के पास कुछ नहीं मिला। मुकेश की शिकायत पर नागदा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात बदमाशों की तलाश शुरू की है।

### मामूली विवाद में भतीजे ने वृद्ध चाचा को दांत से काटा

**उज्जैन।** नागझिरी थाना क्षेत्र के ग्राम हरियाखेड़ी में रहने वाला कमलसिंह पिता मोतीराम बिजावत 55 साल शाम को खेत पर पहुंचा था। जहां सेड़े पर लगे डंडे भतीजे राज उर्फ राजेन्द्र ने उखाड़ दिये थे। कमलसिंह ने भतीजे से डंडे उखाड़ने का कारण पूछा तो भतीजे ने मारपीट करते हुए सीने और हाथ पर दांतों से काट लिया। कमलसिंह घायल हो गया और शोर मचाया तो भतीजा जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। कमलसिंह की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 557-7 | 990-8 |
| मेन बाजार | 116-8 | 129-8 |
| मिलन डे | 699-4 | 200-2 |
| मिलन नाइट | 123-6 | 127-0 |

| | | |
|---|---|---|
| 4 | 7 | 9 |

### बदमाश ने पर्स चोरी का आरोप लगाकर रोका था रास्ता

# चाकू दिखाकर लूटे 50 हजार, घायल वृद्धा अस्पताल में भर्ती

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

वृद्ध महिला को सोमवार दिनदहाड़े बदमाश ने पर्स चोरी का आरोप लगाकर रोक लिया और चाकू दिखाकर मारपीट करने के बाद 50 हजार रुपए लूटकर भाग निकला। घायल वृद्धा को उपचार के लिये चरक अस्पताल में भर्ती किया गया है।

आयुर्वेदिक कॉलेज से सेवानिवृत्त हो चुकी संपत्तबाई पति स्व. भैरूलाला 65 साल अंकपात मार्ग की रहने वाली है। वर्तमान में वह भाई देवीलाल के साथ मंगलनगर में रहती है। दोपहर में पैदल हीरामिल की चाल से होते हुए फ्रीगंज की ओर जा रही थी। उसी दौरान हीरामिल कुंड से पहले बने मंदिर के पास एक बदमाश ने संपत्तबाई को रोका और मंदिर के पुजारी का पर्स चुराने का आरोप लगा दिया। वृद्धा ने चोरी से इंकार किया तो बदमाश ने चाकू दिखाकर जान से



मारने की धमकी दी और मंदिर के समीप जंगल क्षेत्र की ओर ले गया, जहां मारपीट कर वृद्धा के पास रखे 50 हजार रुपए छीनकर भाग निकला। अपने साथ हुई लूट की जानकारी वृद्धा ने देवासगेट थाने पहुंचकर बताई। उसे गुप्तांग में चोंट लगी थी, पुलिस ने उसे चरक अस्पताल में भर्ती कराया। वृद्धा के साथ हुई घटना का पता चलते ही थाना प्रभारी अनिला पाराशर अस्पताल पहुंची। डॉक्टरों ने परीक्षण कर वृद्धा को ऑपरेशन थियेटर पहुंचा, थाना प्रभारी ने पूछताछ के बाद मामले की जांच शुरू की है। जिस स्थान पर घटना होना बताई गई है, उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे जा रहे थे, ताकि बदमाश का पता लगाया जा सके।

#### वृद्धा ने बैंक से निकाले थे 4 लाख रुपए

घायल संपत्तबाई ने चर्चा में बताया कि वह भाई देवीलाल के साथ चिमनगंज मंडी के सामने बैंक पहुंची थी, घर का काम करवाना था, इसलिये 4 लाख रुपए निकाले थे। बैंक से निकलने के बाद भाई को साढ़े तीन लाख देकर घर भेजा दिया था। वह बाजार से काजू-बदाम और कुछ अन्य सामान खरीदने के लिये 50 हजार रुपए लेकर फ्रीगंज की ओर पैदल जा रही थी, तभी बदमाश ने उन्हे रोक लिया था।

#### भाई सूचना मिलने पर पहुंचा अस्पताल

भाई देवीलाल ने बताया कि बहन का फोन आया था, उसने बताया कि बदमाश ने रुपए छीन लिये और मारा है, देवासगेट थाने जा रही हूं। बहन के साथ घटना के बाद वह मंगलनगर से देवासगेट पहुंचा जहां से बहन के चरक अस्पताल में होने का पता चलते ही अस्पताल आ गया। बहन के साथ बैंक गया था, साढ़े तीन लाख लेकर घर लौट गया था। बहन अकेली बाजार गई थी।

# रात ढाई बजे 2 बदमाशों ने डीजे गाड़ी मे लगाई आग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

आगररोड खिलचीपुर स्थित खंडेश्वर महादेव मंदिर के पास रहने वाला करण पिता मानसिंह पटेल डीजे गाड़ी संचालित करता है। रात में उसने गाड़ी घर के बाहर खड़ी की थी। ढाई बजे के लगभग क्षेत्र के बदमाश चंचल बरगुंडा और अर्जुन बरगुंडा पहुंचे और तोड़फोड़ करने लगे। आवाज सुनकर करण और उसका काका का लड़का गणेश पटेल बाहर आये तो बदमाश दिखाई दिये। उन्हे रोकने का प्रयास किया तो बदमाशों ने डीजे गाड़ी में आग लगा दी और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। चिमनगंज थाना एसआई लक्ष्मण उईके ने बताया कि करण की शिकायत पर बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। अर्जुन और चंचल बदमाश प्रवृति के है। जिनका करण से पुराना विवाद होना भी बताया जा रहा है। दोनों बदमाशों की तलाश जारी है।

# बदमाशों ने तोड़ा सूने मकान का ताला

### सोने के आभूषण और 3 लाख नगद चोरी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

बड़नगर थाना क्षेत्र के व्यासनगर में सोमवार को बड़ी चोरी की वारदात होना सामने आया। परिवार शादी में शामिल होने गया हुआ था। आसपास के लोगों ने ताला टूटा होने की सूचना दी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है।

बताया जा रहा है कि बड़नगर के व्यास नगर में औंकार रावल का मकान बना हुआ है। 2 दिन पहले पूरा



परिवार शादी में शामिल होने उज्जैन आया था। सोमवार को आसपास के लोगों ने सूचना देकर बताया कि मकान का ताला टूटा है। परिवार बड़नगर लौटा तो मेन गेट का ताला टूटा था अन्दर सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी में रखे लाखों के आभूषण और 3 लाख रुपए नगद गायब थे। चोरी की सूचना मिलते ही बड़नगर थाना पुलिस जांच के लिये मौके पर पहुंच गई थी। जांच के फिंगर प्रिंट टीम के साथ डॉग स्क्वाड टीम को बुलाया गया। पुलिस की एक टीम आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। थाना प्रभारी अशोक पाटीदार ने बताया कि मकान सूना था, मामला सामने आने के बाद जांच शुरू की गई है। जल्द बदमाशों का पता लगा लिया जायेगा।

# हत्या के आरोपी की मौत, साथियों पर हत्या का केस, एक आरोपी फरार

### तीन को जेल से लायेगी पुलिस

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन। पशु बाड़े में हुई हत्या में शामिल आरोपी को हत्या में शामिल रहे साथियों ने पुलिस को मुखबीरी करने की बात पर बुरी तरह से मारा था। जिसे उपचार के लिये इंदौर रैफर किया गया था, जहां रविवार को उसकी मौत हो गई। पुलिस ने हत्या करने वालों पर दूसरा हत्या का केस दर्ज किया है।

नीलगंगा थाना क्षेत्र के एकतानगर स्थित शर्मा आटा चक्की के सामने पशु बाड़े में 22-23 नवम्बर की रात अक्कू पिता मुरली मालवीय की पुराने विवाद में हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने अंकित पारोचे, लक्की पारोचे, बिट्टू पारोचे, बिट्टू बसोड़, लखन चौधरी, विशाल वर्मा और संदीप उर्फ नाना के खिलाफ मामला दर्ज किया था। संदीप को छोड़ पुलिस ने 6 गिरफ्तार किया था। जिसमें लखन चौधरी निवासी पंवासा शामिल था। थाने लाने पर वह बार-बार बेहोश हो रहा था। उसे चरक अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां 3 दिन भर्ती रहने के बाद उसे इंदौर रैफर किया गया। इस दौरान सामने आया कि अक्कू की हत्या में शामिल उसके साथियों ने शराब पीने के दौरान कवेलू कारखाना क्षेत्र में मारपीट की थी। पुलिस ने मामला विवेचना में लिया। तभी रविवार को खबर आई कि लखन चौधरी की मौत हो चुकी है। उसके सिर में अंदरूनी चोंट थी। नीलगंगा थाना पुलिस ने लखन की हत्या में अंकित पारोचे, बिट्टू बसोड़, विशाल वर्मा और संदीप नाना के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया।




#### मारपीट के बाद लखन को छोड़ा घर

थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि अक्कू की हत्या के बाद आरोपियों की तलाश शुरू की गई थी, उस दौरान हत्या में शामिल लखन चौधरी उसके घर पर मिला था, लेकिन उसकी हालत ठीक नहीं थी। थाने लाने पर बेहोश होने के चलते उसे अस्पताल में भर्ती किया था। तब पता चला कि उसे अक्कू की हत्या के बाद अंकित, बिट्टू बसोड़, विशाल और संदीप उसे बेहोशी की हालत में घर छोड़ने गये थे। लखन के परिजनों को बताया था कि गिरने से घायल हुआ है। लेकिन होश आने पर लखन ने शराब पीने के दौरान मारपीट करना बताया था। जिसके आधार हत्या का दूसरा मामला दर्ज किया गया है।

**लखन ने पुलिस को लगाये थे फोन-** अक्कू की हत्या के बाद शराब पीने के दौरान लखन का साथियों से विवाद हो गया था। उसने नशे की हालत में पुलिस को कॉल कर दिया था। साथियों को लगा कि लखन मुखबीरी कर रहा है, जिसके चलते उसके साथ मारपीट की गई थी। थाना प्रभारी कुरील के लखन द्वारा कुछ पुलिसकर्मियों को कॉल किया गया था। जिसकी कॉल रिकार्डिंग भी है।

# महामाया आश्रम के बाल साधु ने खाया जहरीला पदार्थ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अंकपात मार्ग महामाया आश्रम के बाल साधु ने सोमवार शाम जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर चरक अस्पताल लाया गया। जहां से उपचार के लिये निजी अस्पताल ले जाया गया है। बताया जा रहा है कि बाल साधु शंभुगिरी गुरू सुरेशानंदगिरी 22 महामाया आश्रम की देखभाल करता है। शाम को उसे गुरू चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने हालत गंभीर देख ततकाल आईसीयू में भर्ती किया। लेकिन कोई सुधार नहीं आने पर रात 10 बजे बाल साधु को निजी अस्पताल ले जाया गया। बाल साधु ने जहरीला पदार्थ खाया था। शिष्य की हालत देख गुरू कुछ बोल पाने की स्थिति में नहीं थे। आश्रम से जुड़े जानकाररों ने बताया कि शंभुगिरी बचपन में आश्रम आ गया था, यहीं शिक्षा-दीक्षा लेकर आश्रम की देखभाल कर रहा था। उसने ऐसे कदम क्यों उठाया इसकी वजह सामने नहीं आई है। इधर चरक अस्पताल लाये जाने पर ड्युटी कम्पाउंडर ने मामले की सूचना पुलिस को दी है। पुलिस बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू करेगी।

### हरसिद्धी मंदिर के पास मिली लापता बालिका

**उज्जैन।** कार्तिक मेला ग्राउंड से लापता हुई 11 साल की बालिका को महाकाल थाना पुलिस की टीम ने 6 घंटे की तलाश के बाद हरसिद्धी मंदिर के पास से खोज निकाला। महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि बालिका के परिजनों ने अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर लेकर जाने का मामला दर्ज कराया था। बालिका की तलाश के लिये क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गये और एसआई नेहा जादौन, प्रधान आरक्षक शैलेष योगी, आरक्षक गोपाल और शालेन्द्र ने 6 घंटे में बालिका का सकुशल खोज परिजनों के सुपुर्द किया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com